माघ शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 10 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक -170, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गामा किरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1 16

मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित 15

## मुख्यमंत्री धामी पहुंचे हल्द्वानी, हिंसा में 4 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर के बनभूलपुरा इलाके में गुरुवार को हुई हिंसा मामले में पुलिस ने 18 नामजद समेत पांच हजार उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चार को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन ने 5 दंगाइयों की मौत की पुष्टि की। इनके शव भी बरामद कर लिए गए हैं। क्षेत्र में शांति-व्यवस्था कायम करने के लिए शुक्रवार को अर्द्धसैनिक बलों ने बनभूलपुरा इलाके में फ्लैग मार्च किया।

इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी हल्द्वानी पहुंचे और घायल पुलिस, निगम के कर्मियों के साथ ही घायल पत्रकारों से भी मुलाकात की। उन्होंने हिंसा को सुनियोजित तरीके से की गई गहरी साजिश करार दिया। नुकसान की भरपाई दंगाइयों से की जाएगी।

- **हल्द्वानी हिंसाः पांच हजार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, 18 नामजद**
- **अर्द्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च किया**
- **अब तक पांच मौतों की पुष्टि, शव बरामद**



हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री धामी घायल पुलिसकर्मियों का हाल जानते हुए।

### देवभूमि का माहौल खराब करने की साजिश, होगी कार्रवाईः धामी

**हल्द्वानी।** घटनास्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थिति का जायजा लिया और कहा कि यह देवभूमि का माहौल खराब करने की साजिश है। उपद्रवियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जिन लोगों ने कानून तोड़ा है और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, उनके सारे वीडियो फुटेज और फुटप्रिंट उपलब्ध हैं। इस घटना में शामिल सभी उपद्रवियों को चिह्नित कर उन पर विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया गतिमान है।

## मौलाना तौकीर के भड़काऊ बयान, भीड़ ने की तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की जेल भरो की अपील पर शुक्रवार को भारी तनाव के माहौल में हजारों की भीड़ इकट्ठी हुई। पुलिस-प्रशासन ने मौलाना और उनके समर्थकों को सामूहिक गिरफ्तारी देने के लिए इस्लामिया ग्राउंड तो नहीं पहुंचने दिया, लेकिन उनके भड़काऊ बयानों के कारण प्रदर्शन के बाद लौटती भीड़ ने शहामतगंज में जमकर तोड़फोड़ और पथराव करने के साथ दो लोगों को पीट दिया। पुलिस ने डंडे चलाकर भीड़ को खदेड़ा। इस बीच मौलाना के आह्वान पर मुस्लिम बहुल इलाकों में बाजार पूरी तरह बंद रहा। बवाल की आशंका देखते हुए दोपहर 12 बजे सभी स्कूलों की भी छुट्टी करा दी गई।



समर्थकों के साथ गिरफ्तारी देने जा रहे मौलाना तौकीर रजा को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। ● अमृत विचार

ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति दिए जाने और मस्जिद-मदरसों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए मौलाना तौकीर घोषित कार्यक्रम के तहत दोपहर सवा बजे मौलाना तौकीर आला हजरत दरगाह की करोलान मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे। इस बीच शहर में चौतरफा सुरक्षा इंतजामों के बावजूद उनके हजारों समर्थकों की भीड़ इकट्ठी हो चुकी थी। नमाज के बाद मौलाना समर्थकों के साथ रास्ते में लगा बैरियर तोड़ते हुए इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। करीब 15 मिनट बाद मौलाना तौकीर समर्थकों के साथ यहीं से लौट गए। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि मौलाना तौकीर और उनके समर्थकों को समझाकर रास्ते से ही लौटा दिया गया। किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

- **मौलाना को पुलिस ने रास्ते से लौटाया, बवाल की आशंका में तनाव में घिरा रहा शहर, स्कूलों की छुट्टी, बाजार बंद किए**

### मोदी-योगी होश में आओ के नारों के बीच शहामतगंज में मारपीट और पथराव

आईएमसी के प्रदर्शन के बाद शहामतगंज में बवाल होने से बच गया। इस्लामिया ग्राउंड की ओर से लौट रहे सैकड़ों लोगों ने शहामतगंज में मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के पास जमकर नारेबाजी की। 'मोदी-योगी होश में आओ' जैसे नारे लगाते हुए तोड़फोड़ के साथ दो लोगों के साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद पथराव भी किया। इससे यहां भगदड़ मच गई। कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने डंडे फटकारकर भीड़ को खदेड़ा।

## एक नजर

### नौकरी के बदले जमीन मामले में राबड़ी, हेमा और मीसा को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में शुक्रवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दी। विशेष न्यायमूर्ति विशाल गोगने ने ईडी के उस दावे के बाद तीनों आरोपियों को जमानत दे दी कि उसे उनकी नियमित जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए समय चाहिए। ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद मामले में अदालत द्वारा जारी समन के अनुपालन में आरोपी अदालत में पेश हुए। अदालत ने ईडी से पूछा कि उसे आरोपियों की हिरासत की जरूरत क्यों, जबकि उसने अपनी जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तार नहीं किया था।

### बाबा सिद्दीकी एनसीपी में आज होंगे शामिलः अजित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक दिन पहले बाबा सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान किया था। अब महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि बाबा सिद्दीकी 10 फरवरी को एनसीपी में शामिल होंगे। अजित पवार ने बताया कि 11 फरवरी को कुछ और लोग पार्टी में शामिल होंगे। हाल ही में चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट की एनसीपी को असली एनसीपी बताया था।

## चौ. चरण सिंह, नरसिम्हा राव और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न


# विभूतियों को महासम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और देश में हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को खुद 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए यह ऐलान करते हुए तीनों के योगदान की सराहना की। इस साल अब तक पांच लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा हुई है, जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है।

कुछ दिनों पहले ही सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के लिए भारत रत्न की घोषणा की थी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता और 1979-80 में प्रधानमंत्री रहे चौ. चरण सिंह ऐसे समय में कांग्रेस विरोधी राजनीति के धुरी के रूप में उभरे थे, जब देशभर में उसका वर्चस्व था। वहीं कांग्रेस नेता राव 1991-96 तक देश के प्रधानमंत्री रहे और उन्हें आर्थिक सुधारों के लिए जाना जाता है, जबकि डॉ. स्वामीनाथन दुनिया के ख्याति लब्ध कृषि वैज्ञानिक थे।

मोदी ने एक पोस्ट में कहा, 'हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है।' प्रधानमंत्री ने अलग पोस्ट कर भारत रत्न से सम्मानित होने वाली सभी विभूतियों के योगदानों का जिक्र किया।



चौ. चरण सिंह
पूर्व प्रधानमंत्री



पीवी नरसिम्हा राव
पूर्व प्रधानमंत्री



एमएस स्वामीनाथन
हरित क्रांति के जनक




- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया ऐलान, इस साल अब तक पांच नामों की घोषणा**

### अब तक 53 लोगों को सम्मान

करीब 68 साल पहले शुरू हुए इस सर्वोच्च सम्मान से अब तक 53 हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है। पहली बार साल 1954 में आजाद भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राज गोपालाचारी, वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन और सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दिया गया था।

### कांग्रेस ने किया स्वागत



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि ये तीनों 'भारत के रत्न' थे, हैं और सदैव रहेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने नरसिम्हा राव को 'भारत रत्न' देने की घोषणा के बारे में पूछे जाने पर संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, 'मैं इसका स्वागत करती हूं। क्यों नहीं?'

### योगी ने सम्मान को अभिनंदनीय बताया



**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने के फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने तीनों विभूतियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इसे लेकर पोस्ट भी साझा किया और इसे अभिनंदनीय बताया।

### कांशीराम को भी भारत रत्न मिलेः मायावती



**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने एक बार फिर पार्टी संस्थापक कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने एक्स पर लिखा लिखा कि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा जिन भी हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है, उसका स्वागत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लंबे इंतजार के बाद वीपी सिंह की सरकार ने भारतरत्न से सम्मानित किया। उसके बाद दलित और उपेक्षितों के मसीहा कांशीराम का इनके हितों में किया गया संघर्ष कोई कम नहीं।

## 140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है भारतीय सेना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय सेना 140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है। सेना के शौर्य व पराक्रम पर कोई भी भारतीय संदेह नहीं करता। जीवन की परवाह किए बिना भारतीय जवानों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में दुर्गम स्थानों पर रहकर भारत की एकता-अखंडता व संप्रभुता की सदैव रक्षा की है। भारत की आजादी के बाद गठित होने वाली पहली रेजीमेंट के रूप में यह गौरव गोरखा राइफल को प्राप्त है।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 11 गोरखा राइफल रेजीमेंटल सेंटर में आयोजित 'किरांति शौर्य समारोह' में ये बातें कहीं। योगी ने सैनिकों के हैरतअंगेज प्रदर्शन को भी देखा। बच्चों ने कराटे व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। आतंकियों से निपटने में सक्षम भारतीय सेना की शौर्य गाथा को भी देख दर्शकों ने तालियों से सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने वीर नारियों को सम्मानित भी किया और सेंटर के सफलतापूर्वक 75 वर्ष पूरा होने पर बधाई दी। इस दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र भी मौजूद रहे।

- **'किरांति शौर्य समारोह' में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**



### गोरखा रेजीमेंट लखनऊ की प्रशंसा की

योगी ने कहा कि वीर व पराक्रमी जवानों की 11वीं गोरखा रेजीमेंट लखनऊ में है। अपनी स्थापना के बाद कई युद्ध लड़े हैं। साल 1983 में लखनऊ में आने के बाद इस रेजीमेंट ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। यहां के वीर जवानों ने शौर्य व पराक्रम से इतिहास के पन्नों में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज कराया है। इस रेजीमेंट ने देश को कैप्टन मनोज पांडेय जैसे शूरवीर दिए हैं। इस रेजीमेंट ने देश को दो सीडीएस व कई जनरलों की परंपरा दी है। यह 11 गोरखा रेजीमेंट के जवानों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान से मातृभूमि की रक्षा की और गोरखा रेजीमेंट का गौरव बढ़ाया है।

## भाजपा के साथ जाएंगे जयंत बोले- किस मुंह से इंकार करूं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के साथ ही भाजपा-रालोद के बीच लोकसभा चुनाव में गठबंधन पर भी मुहर लग गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए भाजपा के साथ समझौता करने की भी पुष्टि की है। जयंत ने गठबंधन को लेकर कहा, 'क्या अब भी कोई कसर रहती है। आज मैं किस मुंह से इनकार करूं।' जयंत ने प्रधानमंत्री के संदेश पर लिखा भी, 'दिल जीत लिया।'

जयंत ने साफ तौर पर कहा कि पिता चौ. अजित सिंह का भी सपना आज पूरा हुआ। यह भावुक और यादगार पल है, पीढ़ियों तक याद रहेगा। ऐसे में संकेत यह मिले हैं कि चौ. अजित सिंह के जन्मदिवस 12 फरवरी को रालोद के राजग में शामिल होने की घोषणा हो जाए। इस बीच लोकसभा चुनाव में यूपी की सीटों पर भी समझौता फाइनल माना जा रहा है। भाजपा नेतृत्व ने जयंत चौधरी के सामने बागपत और बिजनौर लोकसभा सीट का प्रस्ताव रखा है। वहीं केंद्र में सरकार बनने पर मंत्री पद का भी प्रस्ताव रखा गया है।

- **रालोद प्रमुख ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर कहा- 'दिल जीत लिया'**

## जम्मू-कश्मीरः निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** संसद ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन विधेयकों मंजूरी दे दी, जिनमें केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने और वाल्मीकि समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने के प्रावधान शामिल हैं। राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर पंचायती राज विधेयक (संशोधन) विधेयक, संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) विधेयक पर एकसाथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित किया गया।

लोकसभा इन्हें पहले ही पारित कर चुकी है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार और जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधेयकों पर हुई चर्चा के जवाब दिए और फिर उसके बाद इन्हें उच्च सदन ने मंजूरी दी।

- **जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद की मिली मंजूरी**

### 19 दिन में दूसरी बार पहुंचे अयोध्या



### अमिताभ ने रामलला के दर्शन किए, समर्पित किया सोने का हार

**अयोध्या।** प्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ बच्चन शुक्रवार सुबह रामनगरी पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच राम जन्मभूमि परिसर में वीवीआईपी गेट से प्रवेश कराया गया। उन्होंने सबसे पहले रामलला का दर्शन-पूजन किया और उन्हें सोने का हार अर्पित किया। इस दौरान अमिताभ बच्चन करीब 20 मिनट तक प्रभु राम के दरबार में रहे और पांच मिनट तक रामलला के सामने खड़े होकर वंदना करते रहे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि अमिताभ बच्चन ने रामलला को सोने की एक माला समर्पित की है।

## सैलून के अंदर घुसकर दो ग्राहकों की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में एक सैलून के अंदर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, सोनू और आशीष नाम के व्यक्तियों को अन्य ग्राहकों तथा सैलून कर्मियों के सामने कई गोली मारी गई। दोनों की उम्र 30 वर्ष के करीब है।

घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर आया, जिसमें एक पीड़ित को हमलावरों से गुहार लगाते देखा जा सकता है। हमलावरों ने बेहद गुस्से में उसके सिर में गोली मारी। पुलिस ने कहा कि जहां सोनू को सिर में एक गोली मारी गई, वहीं आशीष के सिर में तीन और सीने में एक गोली लगी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया, हमले के पीछे निजी दुश्मनी होने का संदेह है, लेकिन गिरोहों के बीच लड़ाई की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस ने बताया कि वारदात के बाद दोनों हमलावर घटना स्थल से भाग गए। घटना के तुरंत बाद इलाके में दहशत फैल गई और पुलिस को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीम गठित की गई है।

## संप्रग भ्रष्टाचारजीवी सरकार थी सोनिया थीं सुपर प्राइम मिनिस्टर

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कांग्रेस पर आर्थिक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और घोटालों को लेकर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन' (संप्रग) सरकार एक 'आंदोलनजीवी और भ्रष्टाचारजीवी सरकार' थी, जिसने देश में 'जयंती टैक्स' को जन्म दिया।

केंद्रीय वित्तमंत्री ने 'भारतीय अर्थव्यवस्था और देश के नागरिकों पर इसके प्रभाव पर श्वेत पत्र' को लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह दावा भी किया कि सोनिया गांधी संप्रग सरकार में सुपर प्राइम मिनिस्टर थीं और उनकी अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) 'किचन कैबिनेट' से भी बदतर थी, जो असंवैधानिक संस्था के रूप में कानून बनवा रही थी। वित्त मंत्री ने संप्रग सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ का आरोप लगाया और कहा कि उस वक्त नेतृत्व का अभाव था। उन्होंने कहा कि श्वेत पत्र एक गंभीर दस्तावेज है, जिसमें दस्तावेजी प्रमाण हैं।



- **वित्तमंत्री सीतारमण ने लोकसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर किया प्रहार**

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास रहा है कि संप्रग सरकार के 10 साल के कुप्रबंधन को दुरुस्त करना और अर्थव्यवस्था को ऐसे आगे ले जाना कि यह मजबूती के साथ बढ़े। वित्त मंत्री का कहना था कि इस दस्तावेज में कोई भी आधारहीन आरोप नहीं लगाए गए हैं और इसमें कैग की रिपोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को उद्धृत किया गया है। उन्होंने कहा, 'इस श्वेत पत्र में की गई हर बात प्रमाण के साथ है।' सीतारमण के जवाब के बाद सरकार के श्वेतपत्र के विरोध में आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन और तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय द्वारा लाए गए स्थानापन्न प्रस्तावों को सदन ने ध्वनिमत से खारिज कर दिया।

खेती-किसानी

गन्ना शोध परिषद ने विकसित कीं 1000 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देने वाली किस्में

## गन्ने की चार नई प्रजातियों से सुधरेगी किसानों की आर्थिक स्थिति

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** गन्ने की चार नई प्रजातियां किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने में कारगर साबित होंगी। गन्ना शोध परिषद ने चार नई प्रजातियां कोशा-16233, 15233, 17231 और 13235 तैयार की हैं। औसत उपज की बात करें तो करीब एक हजार क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अब तक प्रचलित प्रजातियों से कहीं ज्यादा है। प्रदेश भर में इन प्रजातियों के गन्ने की खूब मांग है। किसान ऑनलाइन बुक कर बीज खरीद रहे हैं।

गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर की ओर से गन्ने की ये प्रजातियां विकसित की गई हैं। प्रचलित गन्ना साढ़े आठ सौ से साढ़े नौ सौ क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देता है। पुरानी प्रजातियों में लाल सड़न सहित तमाम बीमारियां भी लगती थीं, लेकिन इनमें लाल सड़न रोग लगने की आशंका बहुत कम है। गन्ना शोध परिषद के प्रसार अधिकारी एसके पाठक ने बताया कि कोशा 17231 की पैदावार प्रति हेक्टेयर 90 से 100 टन है और यह लगभग 10 महीने में तैयार हो जाती है। इसे अगेती प्रजाति कहते हैं। इसी तरह वैज्ञानिकों ने कोशा 15233 और 16233 की खोज की है। यह प्रजातियां भी लाल सड़न रोग कैंसर रोधी है।

**नई प्रजाति को विकसित करने में लगते हैं दस सालः** गन्ने की एक नई प्रजाति के तैयार होने में करीब 10 साल का समय लगता है। अगर अब प्रजाति खेतों तक पहुंची है तो उसको तैयार करने की प्रक्रिया 10 साल पहले शुरू हुई थी। गन्ना शोध परिषद के कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि एक नई वैरायटी तैयार करने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना होता है। पहले शोध परिषद के वैज्ञानिक कोयंबटूर जाकर मेल और फीमेल गन्ने की प्रजातियां को आपस में क्रॉस कराते हैं। कोयंबटूर जाने की मजबूरी इसलिए है, क्योंकि वहां की जलवायु इसके लिए सबसे सही है। पहली बार पौध तैयार करने पर उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता के साथ पेड़ी आदि की जांच भी की जाती है। इन सब प्रक्रिया में 10 साल का समय लगता है। तब एक प्रजाति बाहर आती है।



- **कोशा -16233, 15233, 17231, 13235 की बेहतर उपज ले सकेंगे किसान**



> वैज्ञानिकों ने कोशा 17231, 15233, 16233 और 13235 प्रजाति के गन्ने का विकास किया है। यह प्रजातियां किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। कैंसर (लाल सड़न) बीमारी का भी इन पर असर नहीं होता। – **एसके पाठक**, प्रसार अधिकारी, गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर

### साढ़े छह हजार बड ऑनलाइन बुक

प्रदेश में 17231 प्रजाति के गन्ने की ऑनलाइन बुकिंग चल रही है। साढ़े छह हजार बड बीज बुक हो चुका है। पश्चिमी यूपी के किसानों को मुजफ्फरनगर, पूर्वी यूपी के किसानों को सेबरहि और मध्य यूपी के किसानों को शाहजहांपुर से बीज दिया जा रहा है। बीज देने का आरंभ शुक्रवार से शाहजहांपुर गन्ना शोध परिषद में हुआ। किसानों को मिनी बीज किट का वितरण किया जा रहा है। 15233 प्रजाति को छोड़ अन्य तीनों किस्मों के बीज का विकास शाहजहांपुर शोध परिषद के वैज्ञानिकों ने ही किया है।

# रेहड़ी-पटरी वालों का भी सम्मेलन करेगी भाजपा

○ भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ की बैठक ○ 25 फरवरी से 5 मार्च के मध्य सभी 17 जिलों में होंगे सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जिलों में रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ का सम्मेलन आयोजित करेगी। क्षेत्रीय मुख्यालय पर क्षेत्रीय संयोजक, प्रेमनाथ विश्नोई की अध्यक्षता में हुई बैठक में रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अजीत प्रताप सिंह ने हुए कहा कि क्षेत्र के सभी जिलों मे रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ के सम्मेलन 25 फरवरी से 5 मार्च के बीच होंगे जिसमे प्रदेश के पदाधिकारी व सरकार के मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।


रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 254 मंडलों में संयोजक, सह संयोजक बनाएगी जो रेहड़ी पटरी दुकानदार साथियों से संपर्क संवाद करके उनको सूचीबद्ध करेंगे। सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वनिधि योजना कि जानकारी देते हुए कहा कि उनको ऋण उपलब्ध होने कि जानकारी देंगे जिसेसे वह अपने व्यापार को और अधिक प्रभावी कर सकें। बड़े सम्मेलनों के लिये संयोजक बना दिये गये हैं। प्रकोष्ठ की क्षेत्रीय प्रभारी अनिता गुप्ता ने कहा कि 12 फरवरी तक सभी जिला संयोजक, मंडल संयोजक बना कर उसकी सूची क्षेत्रीय कार्यालय पर उपलब्ध करा दें। बैठक का संचालन क्षेत्रीय सह संयोजक शिव शंकर सैनी ने किया। इस दौरान क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, महेश मिश्र, राजेश सिंह सेंगर, महेन्द्र तिवारी, पिंकी श्रीवास्तव, शैलू तिवारी सहित सभी जिलों के संयोजक सह संयोजक उपस्थित रहे।

### भारत रत्न देने पर बांटी गई मिठाई

कानपुर। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर पार्टी कार्यालय नवीन मार्केट में मिठाई बांटी गई। उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने सभी पदाधिकारियों को मिष्ठान खिलाकर पीएम का आभार ज्ञापित किया।

### सम्मेलन 12 को

**कानपुर।** जिला कार्यालय नवीन मार्केट में जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सरोज सिंह की अध्यक्षता में शक्ति वंदन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में अध्यक्ष दीपू पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा रीता शास्त्री, संयोजिका पुष्पा तिवारी, जयंती वर्मा कहा कि हम चुनाव के लिए तैयार हैं। स्मार्ट सिटी सम्मेलन 12 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।



राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपाई। अमृत विचार

## भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● दी चेतावनी, प्रधानमंत्री पर सोच समझ कर टिप्पणी करें

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति को लेकर राहुल गांधी की ओर से दिए गए बयान को विरोध शुरू हो गया है। शुक्रवार को परेड चौराहा के पास भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुभव कटियार ने चेतावनी देते हुए कहा कि पीएम पर सोच समझ कर टिप्पणी करें, अन्यथा ईंट का जवाब पत्थर से मिलेगा।

पुतला दहन करते हुए भाजपाइयों ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को केंद्रित कर ओबीसी समाज के ऊपर दिया गया बयान बेहद शर्मनाक और अभद्र है। पिछड़े वर्ग का समाज आपको इस टिप्पणी के लिए कभी माफ नहीं करेगा। जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी किसी भी तरह से मोदी की बराबरी नहीं कर पाते हैं तो अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। कार्यक्रम में कपिल गुप्ता, शिवम कुशवाहा, उपेंद्र शुक्ला, अजय शर्मा, पुष्पांक यादव, स्वामी नाथ गिरी, प्रभात पाल, शिव साहू, अमित गुप्ता, शालिनी सचान, संध्या कटियार समेत अन्य मौजूद रहे।



किसान मोर्चा की बैठक में दी गई जानकारी। अमृत विचार

## 12 मार्च तक प्रत्येक गांव पहुंचेगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● किसान मोर्चा ने चुनाव से पहले कसी कमर

● प्रत्येक मंडल के गांवों तक जाने की योजना

**अमृत विचार।** भाजपा किसान मोर्चा ने 12 फरवरी से 12 मार्च तक प्रत्येक मंडल में गांव तक जाने की योजना बनाई है। भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों द्वारा जो भी फसलों का उत्पादन किया जाएगा उसमें सभी फसलों का बीमा भी किया जाएगा। उन्होंने कहाकि कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों के लिए नीम कोटेड यूरिया को डीएपी को सरकार ले आई है। उर्वरक क्षमता बढ़ाने के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध है। किसानों का हित सबसे ऊपर है। इस दौरान जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा अनुज दिक्षित, रवि सिंह, राघव तिवारी, सुनील महिवाल, अंकुर शुक्ला, अन्नू गुप्ता, सत्य प्रकाश रहे।

# हाउस टैक्स न देने पर आठ घर होंगे सील

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● 58 लाख से ज्यादा बकाया कई नोटिसों के बाद भी नहीं जमा किया टैक्स

**अमृत विचार।** गृह व व्यवसायिक भवनों में कर वसूली को लेकर शासन की सख्ती के बाद नगर निगम भी कार्रवाई के मूड में आ गया है। 414.25 करोड़ रुपये के लक्ष्य को पूरा करने के लिये अब सीलिंग प्रक्रिया की शुरुआत हो रही है। जोन-2 में आठ बड़े बकायेदारों के आवास सील होंगे। इसको लेकर नगर निगम ने नोटिस जारी की है। इसी तरह अन्य जोन के बड़े बकायेदारों पर भी कार्रवाई होगी।

जोन-2 में आठ बड़े बकायेदारों पर कुल 58 लाख रुपये से ज्यादा का बकाया है। जिसमें चकेरी, ओमपुरवा, जाजमऊ, गज्जूपुरवा, चंदारी के आवास शामिल हैं। नगर निगम ने वसूली को लेकर कई नोटिस दिये लेकिन मकान मालिकों ने जमा नहीं किया। जिसको लेकर अब भवनों को सील करने के लिये नोटिस जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने 10 और 11 फरवरी शनिवार व रविवार को नगर निगम के समस्त जोनल कार्यालय में विशेष कैंप आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। इस कैंप में नाम परिवर्तन, कर निर्धारण, वसूली एवं ग्रह कर से संबंधित सभी समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

### 50 फीसदी भी वसूली नहीं

414 .25 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष जोनल अधिकारी 50 फीसदी भी वसूली नहीं कर सके हैं। जिसके बाद मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने जोनलों कों संपत्तियों का विवरण जारी करते हुये रणरनीति बनाकर जोनलों में वसूली के निर्देश दिये हैं। नगर निगम के जोन-1 में कुल 14993 कामर्शियल संपत्तियां हैं। जिसमें से अभी तक 6765 संपत्तियों से अभी भी वसूली नहीं हो सकी है। जिनसे अभी भी 121 .95 करोड़ की वसूली करनी है। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के खत्म होने में दो महीने ही बचे हैं। इसी तरह जोन-2 में 10391 कामर्शियल संपत्तियां हैं जिनमें से अभी तक 5118 संपत्तियों से वसूली नहीं हुई है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के मुताबिक इस जोन में 32 .92 करोड़ रुपये की वसूली करना बाकी है। जोन-5 में 13020 संपत्तियों में 5137 कामर्शियल संपत्तियों से 60 .02 करोड़ रुपये तो जोन-6 में अभी 7993 संपत्तियों में से 3588 कामर्शियल संपत्तियों से 20 .23 करोड़ रुपये वसूली की जानी है।

# सड़क हादसों में पांच की मौत, चार घायल

एक बार फिर रफ्तार की मार लोगों के लिए काल बन गई। अलग-अलग थानाक्षेत्रों सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिवारों में कोहराम मच गया। हादसों के दौरान बाइक सवार हेलमेट लगाए थे, लेकिन वह चकनाचूर हो गये।

■ अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए हादसे, परिवारों में कोहराम मचा



अजय कुमार।



घायल भाई विजय।



निखिल तिवारी।

### केस 01 ट्रक ने सगे भाइयों को घसीटा, एक की मौत

रनिया थानाक्षेत्र के भगवनपुर निवासी 35 वर्षीय अजय कुमार अपने छोटे भाई विजय कुमार के साथ फैक्ट्री से बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक विजय चला रहा था। सचेंडी थानाक्षेत्र के भौंती बाईपास के पास ट्रकों ने ओवरटेक करने के चक्कर में सीधे बाइक में टक्कर मार दी। इससे अजय के पीठ में टंगा पिट्ठू बैग ट्रक में फंस गया और वह घिसटते चला गया। अजय कुमार की कुचलकर मौत हो गई। वहीं भाई विजय घायल हो गया। घटना के बाद अजय की पत्नी अनीता और बच्चे 15 वर्षीय विकास व 10 वर्षीय मन्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर लगी परिवारीजनों की भीड़। अमृत विचार

### बाइक सवार युवक को ट्रक ने कुचला, मौत

**केस 02** बारादेवी जूही गढा निवासी प्रेमनारायण तिवारी का 22 वर्षीय पुत्र निखिल तिवारी पशु आहार में जॉब करता था। पिता ने बताया कि रात्रि डयूटी करके शुक्रवार सुबह नौ बजे घर लौट रहा था। बर्रा थानाक्षेत्र के बाईपास पर तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया। हेलमेट चकनाचूर हो गया। आरोप है कि पुलिस उसे अस्पताल नहीं ले गई और एंबुलेंस आने का इन्तजार करती रही। जिसके उसकी सांसें थम गईं। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया।

### दो बाइकें टकराईं, एक सवार की मौत

**केस 03** महाराजपुर थानाक्षेत्र के हांथीगांव के रहने वाले 39 वर्षीय राजेश कुमार दो दिन पूर्व बाइक से अपने भतीजे सौरभ के साथ घर जा रहे थे। नवरल मोड़ के पास सामने से तेज रफ्तार बाइक उनकी बाइक में टकरा गई। राजेश और उसके भतीजे को लोगों ने हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चाचा राजेश की गुरुवार देर रात मौत हो गई। वहीं भतीजे का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मृतक की पत्नी नीलम, बच्चे नितिन, खुशी और मां शिवदेवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ट्रैक्टर के पलटने से दबा चालक, मौत

**केस 04** चौबेपुर थानाक्षेत्र के तातियागंज इलाके का 19 वर्षीय मिथुन कमल भट्ठे में काम करता था। गुरुवार शाम वह ट्रॉली में सामान लादकर गंगाबैराज पर किसी साइट में गया था। जहां माल उतारते वक्त ट्रॉली पलट गई। जिसकी चपेट में आने से मिथुन दब गया। जान बचाने के लिए काफी देर तक चीखता चिल्लाता रहा। आसपास के लोगों ने ट्रॉली उठवाई। हैलट में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कार से टकराकर पलटी बाइक, महिला की मौत

**केस 05** बिधनू थानाक्षेत्र के कठेरुआ गांव के रहने वाले दीनदयाल की 40 वर्षीय पत्नी माया देवी अपने बेटे रवि के साथ बाइक से बुधवार रात अकबरपुर से लौट रही थी। कृपालपुर के पास तेज रफ्तार कार ओवरटेक करने के दौरान बाइक में रगड़ती हुई निकल गई। जिससे बाइक बेकाबू होकर पलट गई। इससे पीछे बैठीं माया के सड़क पर गिरने से सिर में चोट लग गई। उन्हें हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

# कैंसर के लक्षण दिखने पर देर न करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विश्व कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत रामादेवी स्थित मिशिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आम जनमानस को कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डाक्टर्स और कैंसर विशेषज्ञों के साथ मेडिकल स्टाफ और आम जनता ने भाग लिया। डाक्टरों ने बताया कि कैंसर के लक्षण दिखने पर देर न करें, तुरंत डॉक्टर के पास जाएं और भ्रांतियों में न पड़ें। समय से डॉक्टर के पास पहुंचने पर कैंसर का इलाज संभव है।

कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल के डायरेक्टर डॉ सुरेंद्र पटेल ने की और उन्होंने पुरुष एवं स्त्रियों मे होने वाले कैंसर, उसके लक्षणों की जानकारी दी। बताया कि कब आपको डॉक्टर के पास जाना है, पर लोगो को जागरूक किया। कैंसर विशेषज्ञ डॉ कुश पाठक ने महिलाओं में होने वाले ब्रेस्ट कैंसर, उसके लक्षण एवं स्वयं कैसे जांचें और कब डाक्टर के पास जायें, इस विषय पर महिलाओ को जाग्रत किया। ओरल कैंसर विशेषज्ञ डॉ सरदार सिंह यादव ने गुटखा तम्बाकू बीड़ी सिगरेट आदि से होने वाले ओरल कैंसर, उससे बचाव और लक्षणों पर लोगों को जागरूक किया। डॉ ए पी सचान ने कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी की जानकारी दी। ओरल कैंसर स्क्रीनिंग विशेषज्ञ डॉ अवधेश तिवारी ने कैंसर की विभिन्न जांचें और बायोपसी के प्रकार तथा उसके महत्व समझाये। कार्यक्रम का संचालन डॉ अभिषेक श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ विनय पटेल, डॉ सौरभ सिंह आदि विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।



संगोष्ठी में मौजूद डॉक्टर और अस्पताल का स्टाफ। अमृत विचार

# 'विद्यार्थी' और 'तात्या' ने शुरू की मेन ड्राइव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-1 (आईआईटी से नौबस्ता) के दोनों भूमिगत सेक्शनों कानपुर सेंट्रल-ट्रांसपोर्ट नगर तथा चुन्नीगंज-नयागंज सेक्शन में टनल निर्माण कार्य ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया। दोनों ही सेक्शन में डाउनलाइन पर निर्माण कार्य कर रहीं टनल बोरिंग मशीनों ने अपने मेन ड्राइव की शुरूआत की। लगभग 4.24 किमी लंबे कानपुर सेंट्रल-ट्रांसपोर्ट नगर भूमिगत सेक्शन के अप-लाइन और डाउनलाइन पर 'आजाद' और 'विद्यार्थी' टीबीएम मशीन चार किमी लंबे चुन्नीगंज-नयागंज सेक्शन के 'अप-लाइन' और 'डाउनलाइन' पर टीबीएम मशीन टनल निर्माण का कार्य कर रही हैं।



मेट्रो परियोजना में टनल निर्माण हो रहा है।

कानपुर सेंट्रल-ट्रांसपोर्ट नगर भूमिगत सेक्शन के अंतर्गत वर्तमान में कानपुर सेंट्रल से नयागंज तक लगभग 1250 मीटर लंबे स्ट्रेच पर टनल का निर्माण किया जा रहा है। कानपुर सेंट्रल स्थित लॉन्चिंग शाफ्ट से 'डाउनलाइन' पर लॉन्च होने के बाद 'विद्यार्थी' टीबीएम मशीन ने अपने इनिशियल या प्रारंभिक ड्राइव में लगभग 90 मीटर टनल का निर्माण किया था, जिसके बाद इसे रोककर बैकअप सिस्टम यूनिट से जोड़ने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई थी। इसी तरह चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन के अंतर्गत मैकरॉबर्टगंज से चुन्नीगंज तक लगभग 414 मीटर लंबे टनल का निर्माण किया जा रहा है। इस स्ट्रेच के 'डाउनलाइन' पर टनल निर्माण के लिए 'तात्या' टीबीएम मशीन को लॉन्च किया गया था।

# औषधि केंद्र लाइसेंस के नाम पर की ठगी

**कानपुर।** जन औषधि केंद्र का लाइसेंस दिलाने के नाम पर साइबर ठगों ने खाड़ेपुर योगेंद्र विहार निवासी युवक के साथ 2.73 लाख की ठगी कर ली। हनुमंत विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई।

खाड़ेपुर योगेंद्र विहार निवासी दीप कुमार शुक्ला ने बताया कि 14 दिसंबर को उन्होंने अखबार में विज्ञापन देखा। जिसमें हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में जन औषधि केंद्र खोलने के लिए संपर्क करने की बात कही थी। दीप ने ऑनलाइन संपर्क किया, जिस पर युवक ने अपना नाम पंकज सिंह भदौरिया बताया। पंकज ने आवेदन शुल्क, एग्रीमेंट फीस और दवा खरीदने के नाम पर नौ जनवरी से दो फरवरी के बीच 2.68 लाख रुपये जमा करा लिए। लेकिन लाइसेंस नहीं मिल सका। इसके बाद दीप ने मामले की शिकायत साइबर सेल में की। इसके बाद हनुमंत विहार पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

**अमावस्या पर पूजन** | करौली शंकर महादेव धाम में पूर्वज मुक्ति यज्ञ का आयोजन, हजारों भक्तों ने पूर्वजों की मुक्ति कामना की और आहुति प्रदान की

# पूर्वजों की मुक्ति से मिट जाते हैं सारे कष्ट-संकट : करौली शंकर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** करौली शंकर महादेव धाम करौली में माघ मास की अमावस्या पर पूर्वज मुक्ति महायज्ञ का आयोजन किया गया। देश विदेश से आए भक्तों ने यज्ञ में आहुति प्रदान की और पूर्वजों की मुक्ति की कामना की। करौली शंकर महादेव महाराज ने उन्हें पूर्वजों की मुक्ति न होने से मिलने वाले कष्ट और मुक्ति के लाभ से अवगत कराया। कहा कि पूर्वजों की मुक्ति से ही सारे कष्ट मिट जाते हैं। अमावस्या के दिन पितृदोष और पितृ की मुक्ति के लिए किए गए उपायों का दोगुना फल मिलता है। मौनी अमावस्या पर महोदय योग, कला योग, सर्वार्थ सिद्धि योग जैसे महत्वपूर्ण योग में पूर्वजों की मुक्ति के लिए यज्ञ किया गया। करौली शंकर महादेव ने कहा कि गुरु की कृपा से पूर्वजों की मुक्ति के इस महायज्ञ में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में जो भी दुख हैं उनका अंत होना निश्चित है। उन्होंने कहाकि यदि पूर्वजों की मुक्ति नहीं हुई है तो जीवन में तमाम तरह के कष्ट बने रहेंगे। गृह क्लेश होगा, नौकरी, व्यापार आदि में बाधा आती है। बनते हुए काम बिगड़ जाते हैं और रोग, दुख से व्यक्ति परेशान रहना पड़ता है। करौली शंकर महादेव ने कहा कि पूर्वजों के प्रति किया गया कर्म पूरी श्रद्धा के साथ किया जाना चाहिए। मन और कर्म को समर्पित करके गुरु के सानिध्य में किया गया यह यज्ञ पूर्वजों की मुक्ति कराएगा।



हवन करते करौली शंकर सरकार। अमृत विचार



अमावस्या पर करौली धाम में हजारों भक्त जुटे। अमृत विचार


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

पहले मेरा नाम ABRAR AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम HAFIZ ABRAR AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: MURAD ALI R/O 319-A,TARINPUR, POST SITAPUR PS -KOTWALI CITY, SITAPUR**

**सूचना**

पहले मेरा नाम JAHIR AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम ZAHEER AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: MOHD SHAMIM R/O: 1183, HANSWAR POST HANSWAR, AMBEDKAR NAGAR**

**सूचना**

मैंने अपना नाम जिन्नत बीबी से बदलकर जिन्नत रख लिया है। अब मुझे जिन्नत के नाम से जाना पहचाना जाते। **जिन्नत पत्नी निजामुद्दीन निवासी ग्राम पोस्ट – क्रिया, तहसील मौदहा, जिला हमीरपुर।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं **मो. इसरार पुत्र मो. आरिफ नि. ग्राम जेठू मवई पो. धनीजलालपुर थाना व तह. गौरीगंज जनपद अमेठी** का निवासी हूं मेरे पिता मो. आरिफ पुत्र वली मोहम्मद 21.5. 2015 को बहराइच मेले से गायब हो गए थे काफी खोजबीन के बाद भी उनका आज तक कही पता नहीं चल सका है।

**आवश्यकता है**

**ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)
(सम्बद्ध प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ.प्र.)
**में बी.काम में अध्यापन हेतु 03 शिक्षकों की आवश्यकता है।**
योग्यता– उपरोक्त पदों पर यू.जी.सी./उ.प्र.शासन द्वारा निर्धारित योग्यतानुसार।
नोट– इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रावली के साथ विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर सकते हैं।
वेतनमान – उ.प्र.शासन/यूजीसी के मानकानुसार देय होगा।
प्राचार्य– 8765312453,9532071072

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम नवेन्दु कुमार से बदलकर नवेन्दु कुमार शुक्ला रख लिया है। भविष्य में मुझे नवेन्दु कुमार शुक्ला के नाम से जाना जाये। **–नवेन्दु कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 गणेश शुक्ला, निवासी ओ–116 केशवपुरम आवास विकास–1, कल्यानपुर कानपुर नगर उत्तर प्रदेश–208017**

**सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री दिनेश चंद्र वैश्य पुत्र लालता प्रसाद वैश्य निवासी 3/300 विशाल खंड, गोमतीनगर लखनऊ ने मूल दस्तावेज यानी आवंटन पत्र और फ्री होल्ड डीड दिनांक 19/08/1997, पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 1816, पृष्ठ 71/82 क्रमांक 7318/97 सब रजिस्ट्रार लखनऊ में पंजीकृत जो कि खो गयी है। यह दस्तावेज़ 3/300 विशाल खंड गोमतीनगर लखनऊ के घर का है, यह संपत्ति वर्तमान में विशेष रूप से मेरे ग्राहक के स्वामित्व में है, यदि किसी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का अधिकार, शीर्षक, ब्याज का दावा, शेयर आदि है तो कृपया 7 दिनों के भीतर इसे सूचित करें। **सी.के. लीगल एसोसिएट्स लखनऊ 0522–4077776 पर या एक्सिस बैंक लिमिटेड** पर संपर्क करें अन्यथा इसे अमान्य माना जाएगा।

**आवश्यकता है**

1– प्राचार्य 15 वर्ष शिक्षण अवधि व पीएचडी उपाधि, 2– विज्ञान संकाय गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एंव पर्यावरण विज्ञान मे 2–2 प्रवक्ता, 3– कला संकाय हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, चित्रकला, उर्दू, मध्यकालीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, दर्शन विज्ञान एंव व्यवसायिक शिक्षा (कौशल विकास) व शारीरिक शिक्षा के 2–2 प्रवक्ता, 4– स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिये हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल एंव शिक्षाशास्त्र मे 3–3 प्रवक्ता, 5– यह रिक्ति स्वावित्त योजना के अंतर्गत स्नातक एंव स्नातकोत्तर कक्षाओं मे पढ़ाने के लिये यूजीसी मानक के अनुसार प्रवक्ता पद के लिये पीएचडी व नेट उत्तीर्ण अर्ह अभ्यर्थी, 6– एक योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष, 5 लिपिक, 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर स्नातक, 5 चपरासी व कक्षा 8 पास सफाई कर्मी। नोटः– इच्छुक अभ्यर्थी सूचना प्रकाशन के 15 दिनो के भीतर पंजीकृत डाक अथवा वाहक द्वारा शैक्षिक प्रमाण पत्र महाविद्यालय मे करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि अभ्यर्थी को सूचित की जायेगी।

**प्रबंधकः– श्रीमती सरोज**
**बुधनी देवी स्मारक महाविद्यालय**
**शास्त्रीनगर रिसिया बहराइच 271875**
**मो. नं. 9919751551, 8004972161**

**आज का मौसम**
तेज धूप रहेगी, हवाओं के चलने से रात सर्द होगी

23.2⁰ अधिकतम तापमान | 07.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 49 | सूर्यास्त 05 : 57

## शहर में आज

- **महोत्सव :** श्री आदिशक्ति पीतांबरा बगलामुखी पीठ तिलसहरी छतमरा चौराहा के पास सुबह 10 बजे।
- **बिठूर महोत्सव :** सरसैया घाट से मैराथन दौड़ सुबह 6 :30 बजे।
- **बैठक :** गंगा बैराज पर गंगा प्रदूषण के विरोध में आर्यनगर में बैठक दोपहर 12 बजे।
- शहर की सड़कों के गड्ढों को न भरे जाने के विरोध में कानपुर समग्र समिति की बैठक तिलक नगर में दो बजे।

# वैन हादसे में प्रधानाचार्य और स्कूल प्रबंधक समेत पांच पर एफआईआर

## अरौल में स्कूली वैन हादसे का मामला, लापरवाही में स्कूल वालों पर भी कार्रवाई

संवाददाता, बिल्हौर

- वैन, लोडर और ट्रक चालकों पर भी एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार।** अरौल स्कूली वैन हादसे में मृतक छात्र यश त्रिपाठी (13) के पिता आलोक कुमार त्रिपाठी की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध अरौल थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य, प्रबंधक व तीन वाहन चालकों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

गुरुवार दोपहर डॉ. सोनेलाल पटेल एजुकेशन सेंटर के बच्चों से भरी स्कूली वैन में पीछे से लोडर ने टक्कर मार दी थी जिससे वैन आगे चल रहे ट्रक में घुस गई थी। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई थी और आठ बच्चे घायल हो गए थे। पुलिस ने बताया कि मृतक छात्र यश त्रिपाठी के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

इसके अलावा ओमनी वैन चालक हरिओम कटियार, अज्ञात ट्रक चालक, लोडर चालक ऋषि कटियार, सोनेलाल पटेल एजुकेशन सेंटर स्कूल के प्रबंधक और प्रधानाचार्य के खिलाफ रिपोर्ट लिखी गई है। बताया जा रहा है कि ओमनी वैन के ड्राइवर हरिओम कटियार के पास लाइसेंस भी नहीं था। इसके बावजूद वह स्कूली वैन चला रहा था।



हादसे के बाद स्कूली वैन के परखच्चे उड़ गए थे। (फाइल फोटो) अमृत विचार



बिल्हौर थाने में खड़ी क्षतिग्रस्त वैन का निरीक्षण करती जांच टीम। अमृत विचार

## चार सदस्यीय टीम ने की मौके पर जांच

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** गुरुवार को अरौल थाना क्षेत्र के सरैया गांव के समीप स्कूल की वैन व लोडर की टक्कर में एक छात्र की मौत और आठ छात्रों के घायल होने की घटना की जांच शुरू हो गई। जिला अधिकारी कानपुर आरके सिंह के निर्देश पर जांच के लिए बिल्हौर पहुंचे पैनल के सदस्यों ने घटनाक्रम से जुड़े हर तथ्य को देखा। विद्यालय प्रबंध तंत्र के जिम्मेदार लोगों से भी सवाल जवाब किए। पैनल में एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार, आरटीओ प्रवर्तन विदिशा कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह व उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा शामिल हैं। जांच टीम ने आसपास के दुकानदारों व लोगों से बात की और उनके बयान दर्ज किए। थाने में खड़ी ओमनी वैन का भी निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि कल जिलाधिकारी को पैनल अपनी रिपोर्ट सौंप देगा।

### जांच के डर से प्राइवेट स्कूल बंद रहे

हादसे के बाद तहसील क्षेत्र के तमाम छोटे बड़े स्कूल जांच के डर से बंद रहे। स्कूल संचालकों की लापरवाही सामने आने के बाद ज्यादातर अभिभावक गुस्से में दिखे। ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादातर विद्यालय ऐसे हैं जिनमें मानक विहीन वैन में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जाता है। ककवन कस्बे में भी स्कूली वाहनों की व्यवस्थाएं गड़बड़ है।

## एक नजर

### यातायात जागरुकता अभियान चलाया

**कानपुर।** एआरटीओ कानपुर नगर राकेश निगम व टीएसआई देवेंद्र राज सहाय ने विजयनगर चौराहे पर यातायात जागरुकता अभियान चलाया गया। यहां बिना हेलमेट तथा बिना सीट बेल्ट लगाए हुए वाहन चालकों को रोककर फूल दिया गया और माला पहनाकर उनको यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। अपील की गई कि सीट बेल्ट व हेलमेट जरूर लगाएं। यहां परिवहन निगम की बसों के वाइपर, इंडिकेटर हेडलाइट,शीशे आदि भी चेक किये गये।

### कैंसर के लिए जेसीआई ने जागरूक किया

**कानपुर।** स्वरूप नगर स्थित राजकीय बालिका गृह में जेसीआई कानपुर लावण्या ने अपना सोशल प्रोजेक्ट हेल्थ एंड हाइजीन-सर्वाइकल कैंसर जागरूकता आयोजन किया। मासिक स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के लिए और लड़कियों तक स्वच्छता उत्पादों को आसानी से पहुंचाने के लिए क्लब की सदस्यों ने सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन बालिका गृह में लगाई। डॉक्टर निधिका पांडे मुख्य अतिथि रहीं। अध्यक्ष नीतू शुक्ला, सचिव दीपाली, रश्मि जैन, निधि जैन, नित्या चावला मौजूद रहीं।

# वैनों और ई-रिक्शों में ठूंस-ठूंस कर भरे बच्चे



अभिभावक को भी बच्चों की सुरक्षा की चिंता नहीं है। अमृत विचार



असुरक्षित तरीके से ईरिक्शे में ले जाए जाते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

**लापरवाही**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हादसे के बाद न अफसर चेते और न अभिभावक
- अरौल हादसे में गई थी एक बच्चे की जान

**अमृत विचार।** बिल्हौर के अरौल में स्कूली वैन हादसे के बाद दूसरे दिन भी स्कूली वाहनों की अराजकता थमी नहीं। न अफसर चेते और न अभिभावक। ई-रिक्शा, वैन व बसों में स्कूली बच्चों को ठूंस-ठूंस कर भरा गया। कुछ स्कूलों के बाहर पुलिस बेमन से चेकिंग अभियान चलाती नजर आई जो नाकाफी दिखा। चेकिंग अभियान देख वाहन चालक गाड़ियों में पर्दा डाल कर गुजरते रहे।

गुरुवार दोपहर अरौल स्थित सोनेलाल पटेल एजुकेशन के 13 छात्रों को लेकर जा रही स्कूली वैन हादसे का शिकार हो गई थी। इसमें 13 वर्षीय छात्र यश तिवारी की मौत हो गई थी, जबकि आठ बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं। भीषण हादसे के बाद भी शुक्रवार को जिम्मेदार अफसर नहीं चेते। शुक्रवार को शहर भर के स्कूलों के बाहर ई-रिक्शा, वैन व बसों में बच्चे भूसे की तरह भर कर जाते दिखाई पड़े। ई-रिक्शों में चार की जगह आठ से 10 बच्चे भरे गए। वैनों में भी यही हाल था। बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन, पुलिस प्रशासन और अभिभावक हमेशा की तरह लापरवाह दिखे।



वैन में भूसे की तरह भरे गए बच्चे। अमृत विचार

### सड़क सुरक्षा के इंतजाम हवा-हवाई

साढ़ थानाक्षेत्र में साल भर पहले ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 26 लोगों की मौत की घटना के बाद मुख्यमंत्री ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर आरटीओ के प्रवर्तन दल को यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर चालान के साथ सड़क सुरक्षा के इंतजाम की भी जिम्मेदारी सौंपी थी। दस्ते को हादसों के कारण, ब्लैक स्पॉट समेत करीब 10 बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार करनी थी और सवारी वाहनों की अराजकता रोकना था। प्रवर्तन दल ने कुछ दिनों तो अभियान चलाया, लेकिन इसके बाद सब ठंडे बस्ते में चला गया था।



सांसद अशोक रावत परिजनों से मिले। अमृत विचार

### गम-गुस्से के बीच यश का अन्तिम संस्कार

**बिल्हौर।** अरौल दुर्घटना में मृत आंकिन गांव के आलोक त्रिपाठी के 13 वर्षीय पुत्र यश त्रिपाठी का अंतिम संस्कार गंगा घाट पर किया गया। इस दौरान लोग गम और गुस्से में दिखे। गुरुवार देर रात प्रशासन के आग्रह पर परिजन यश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने पर राजी हुए थे। शुक्रवार सुबह शव पोस्टमार्टम हाउस से आया तो उसका अंतिम संस्कार आंकिन गंगा घाट पर किया गया। मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने पहुंचकर पारिवारिक जनों को ढांढस बंधाया।

### दो वाहन सीज, नौ का चालान

एआरटीओ प्रवर्तन राजेश सिंह राजपूत, एआरटीओ मानवेंद्र सिंह व पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान प्रवर्तन दल को वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे मिले, साथ ही कई वाहनों के फिटनेस व परमिट भी नहीं मिले। जिस पर प्रवर्तन दल ने दो वाहनों को सीज किया साथ ही नौ स्कूली वाहनों का चालान किया। एआरटीओ राजेश सिंह राजपूत ने बताया कि अर्मापुर क्षेत्र में चेकिंग अभियान के दौरान वाहनों को सीज किया गया है। चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

# उधारी न चुकाने पर दो साल की सजा, जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पांच चेकें बाउंस होने पर कराया था मुकदमा, कोर्ट ने 3.60 लाख जुर्माना लगाया

**अमृत विचार।** दो लाख की उधारी वापस न करने पर अतिरिक्त न्यायालय द्वितीय की कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए दो साल की सजा व 3.60 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। दोषी ने चार लाख रुपये उधार लिए थे। दो लाख नगद के साथ दो लाख की पांच चेकें पीड़ित को दी थीं, जो बाउंस हो गई थीं।

दलेल पुरवा निवासी सईद अख्तर से क्षेत्र के ही मो. आमिर ने 19 अप्रैल 2012 को चार लाख रुपये उधार लिए थे। काफी दिन तक पैसे वापस न मिलने पर सईद ने दबाव बनाया तो आमिर ने दो लाख रुपये उसे नगद दिए व 40-40 हजार रुपये की पांच चेक दे दीं, जो कि बाउंस हो गईं। पीड़ित ने 17 सितंबर 2012 को नोटिस दिया, इसके बावजूद आमिर ने रुपये वापस नहीं किए। जिस पर सईद ने एनआई एक्ट की धारा में परिवाद दाखिल किया। मामला अतिरिक्त न्यायालय द्वितीय सुरेश चंद्र सविता की कोर्ट में विचाराधीन था। करीब 12 वर्षों बाद मामले में फैसला आया। न्यायाधीश ने सुबूतों व गवाहों के आधार पर आमिर को दोषी पाते हुए दो साल का कारावास व 3.60 लाख रुपये जुर्माना लगाया।

# युवक की पीट-पीटकर हत्या की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रेम प्रसंग में दोस्त पर हमला साथ में मौजूद युवक की मौत
- परिजनों की तहरीर पर एक के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चक्कर में प्रेमी की तो जान बच गई लेकिन उसके दोस्त की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। परिजनों की तहरीर पर एक आरोपी पर हत्या की एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

दीनदयालपुरम तौधकपुर निवासी टेंट हाउस में काम करने वाले रामहरक जायसवाल का 24 वर्षीय पुत्र पंकज अपने एक मित्र के साथ बुधवार रात तुलसियापुर से होते हुए घर गल्लामंडी आ रहा था। भाई सूरज ने पुलिस को बताया कि रास्ते में मित्र के प्रेम प्रसंग को लेकर हमलावरों ने लाठी-डंडों से दोनों पर हमला कर दिया। इस दौरान मित्र तो मौका पाकर भाग निकला लेकिन पंकज फंस गया। उसे बेहरमी से मारापीटा गया। वह लहूलुहान होकर मरणासन्न हालत में गिर पड़ा। इसके बाद हमलावर भाग निकले। भाई नीरज ने पुलिस को बताया कि किसी राहगीर ने पंकज के मोबाइल से उन्हें सूचना दी। जिसके बाद वह अन्य परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और पंकज को लेकर हैलट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां गुरुवार देर रात उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद भाई धीरज, मां शीला का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने बताया कि पंकज भाइयों में सबसे छोटा था। इस सबंध में सेन पश्चिम पारा प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पंकज के दोस्त का प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था।

इसी चक्कर में हमला हुआ जिसमें पकंज शिकार हो गया। एक आरोपी मोगली के खिलाफ हत्या का रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी से मौत की पुष्टि हुई है। सिर की तीन, चार हड्डियां किसी भारी चीज के प्रहार से टूटी मिली हैं।

### पुलिस बोली, बीमारी से मरा

हैलट अस्पताल में मृत घोषित करने के बाद शव को मार्चुरी से निकालकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। जहां मीडियाकर्मियों ने दरोगा और सिपाही से घटना का कारण पूछा तो पुलिस ने अस्पताल में भर्ती होने की बात कहकर बीमारी से मरने की बात कही। लेकिन परिजन हत्या की बात कहते रहे, जिन्हें पुलिस चुप कराती रही।

# आईटीआई में मार्च में आएंगे चार रोबोट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- संस्थान में छात्र रोबोट बनाना सीखेंगे, शुरू हुई तैयारी

**अमृत विचार।** आईटीआई पांडु नगर में मार्च में 4 रोबोट काम शुरू कर देंगे। इनसे छात्र रोबोट के कार्य करने का तरीका और उसे बनाना सीखेंगे। 15 मार्च से पहले आने वाले रोबोट को सुरक्षित रखने के लिए संस्थान में तैयारी पूरी हो गई है। मार्च से ही संस्थान में शॉर्ट टर्म कोर्स भी संचालित होना शुरू हो जाएंगे।

टाटा समूह की ओर से संस्थान में बन रहे ट्रेनिंग सेंटर में यह सुविधा शुरू की जाएगी। इससे पहले संस्थान में ऑटो कोर्स से जुड़े उपकरण आ चुके हैं। संस्थान में कोर्स के शुरू होने से पहले प्रधानाचार्य और शिक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया गया है। दो शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में रोबोट चलाने और उसकी पढ़ाई कराने के लिए विशेषतौर पर प्रशिक्षित किया गया है। संस्थान में बन रहे ट्रेनिंग सेंटर में मशीनों को लगाए जाने और रोबोट को संचालित करने के लिए स्थान का चयन किया जा रहा है। आईटीआई पांडु नगर के प्रधानाचार्य डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि रोबोट लाने की सभी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 15 मार्च के पहले ट्रेनिंग सेंटर में रोबोट कार्य करना शुरू कर देगा। शॉर्ट टर्म कोर्स के दो बैच की शुरुआत भी हो जाएगी।

## 75 प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में होगा

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा प्रभारी राजेश तिवारी की अध्यक्षता में भाजपा लोकसभा कार्यालय छपेड़ा पर हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा इस मर्तबा चुनाव राम के नाम, मोदी, योगी के काम पर होगा। 75 प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में होगा। 25 प्रतिशत में सभी विपक्षी दल होंगे। सभी अपनी अपनी जमानत बचाने के लिए जूझ रहे होंगे। हमारे बूथ व पन्ना प्रमुख अपनी सक्रियता से लोकसभा प्रत्याशी को पांच लाख से अधिक वोटो से जिताने का कार्य करेंगे। लोकसभा संयोजक दिनेश राय, दीपू पांडेय, राजू शर्मा, अनिल दिक्षित, अशोक सिंह दद्दा आदि मौजूद रहे।

**अलविदा** शवयात्रा के दौरान भीड़ के चलते जाम रहा ट्रैफिक, मेडिकल कॉलेज को दान की गई उनकी देह

# बद्रीनारायण तिवारी को अंतिम विदाई देने उमड़ा सैलाब

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मानस संगम के संस्थापक, समाजसेवा को सहज सुलभ साहित्यमनीषी डॉ बद्रीनारायण तिवारी के पार्थिव शरीर को उनकी इच्छा के मुताबिक जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को सौंप दिया गया। चिकित्सा छात्रों को शरीर संरचना (एनॉटमी) के अध्ययन के लिए उनका शरीर काम आएगा। उनके पौत्र अभिनव तिवारी ने बताया कि बाकी संस्कार सनातन धर्म के मुताबिक किए जाएंगे। भारी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।



बद्रीनारायण तिवारी।

अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास प्रयागनारायण शिवाला में सुबह से ही भीड़ जुटने लगी। सुबह दस बजे के करीब मेस्टन रोड व शिवाला के इर्दगिर्द सड़कों पर जाम सा लग गया। दोपहर कोई साढ़े 12 बजे डॉ.तिवारी की शवयात्रा मेडिकल कॉलेज के लिए प्रस्थान की। फूलों से सजे शव वाहन के आगे उनका विशाल चित्र रखा गया था। उनके पुत्र विजयनारायण तिवारी मुकुल, मनोज नारायण तिवारी, संदीप नारायण तिवारी, पौत्र अभिनव तिवारी, राघव, उदित व सार्थक, पुत्री अर्चना, संगीता, दामाद गोविंद शुक्ल व जयप्रकाश त्रिवेदी व अन्य नाते रिश्तेदार की उपस्थिति में शव को कंधा देने के लिए हितैषियों में होड़ लगी रही। शिवाला से प्रारंभ हुई देहदान महायात्रा परेड, बजरिया, ईदगाह, बेनाझाबर, मोतीझील, स्वरूप नगर, गोल चौराहा होते हुए कानपुर मेडिकल कॉलेज तीन बजे पहुंची।



अंतिम यात्रा में उमड़े हजारों लोग। अमृत विचार

वरिष्ठ पत्रकार एसपी त्रिपाठी कहते हैं कि हिंदी को बढ़ावा देने वाले लोगों को वे बहुत सम्मानित करते थे और खुद भी हिंदी को आगे बढ़ने का काम करने में गौरव महसूस करते थे। उन्हें अंतिम विदाई देने को मेडिकल कालेज में मौजूद स्मृति संस्था के संस्थापक राजेंद्र मिश्रा बब्बू ने बताया कि डॉ बद्रीनारायण तिवारी सदैव ही हिंदी के शिक्षकों, हिंदी से जुड़े लोगों, साहित्यकारों व विद्वानों को मंच पर बुलाकर उन्हें सम्मान देते थे। डॉ सुरेश अवस्थी का कहना है कि हिंदी सेवा का उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने ऐसे कवियों, साहित्यकारों को मानस संगम का मंच दिया जिन्हें बहुत संघर्ष करना पड़ रहा था।

डॉ प्रदीप दीक्षित बताते हैं कि मानस संगम के माध्यम से राम कथा के प्रचार-प्रसार और हिंदी सेवा का उनका अभियान पूरे विश्व में जाना जाता है। जीवन भर वह समाज सेवी, शिक्षक, प्रेरक की भूमिका में रहे। उन पर शोधार्थियों ने डॉक्टरेट तक कर डाली। महादेवी वर्मा, फादर कामिल बुल्के, पुंडीर जी, डॉ विद्यानिवास मिश्रा, प्रभाष जोशी, जस्टिस केसी अग्रवाल, डॉ रमेश तिवारी विराम, डॉ मधुलेखा विद्यार्थी और न जाने कितने राजनेता, विद्वान मानस संगम के मंच पर दिखते थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

### देहदान महायज्ञ में 270वीं आहुति

**कानपुर।** डा बद्री नारायण तिवारी की पार्थिव देह देहदान महायज्ञ में 270वीं आहुति के रूप में चिकित्सा जगत को समर्पित की गई। उन्होंने 23 दिसंबर 2012 को मानस संगम समारोह में अपने देहदान की घोषणा करते हुए अपना देहदान संकल्प पत्र युग दधीचि देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर को सौंपा था। युग दधिचि देहदान अभियान के प्रमुख मनोज सेंगर ने बताया कि उनके पुत्र विजय नारायण तिवारी ने देहदान संकल्प की याद दिलाई तो तत्काल सारी व्यवस्था की गई। देहदान अभियान के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी कर नर्सिंग कॉलेज में एडमिशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अभ्यर्थियों की जगह किसी ओर ने दी थी परीक्षा
- स्वरूप नगर थाने में छात्र-छात्रा पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में बीएससी नर्सिंग में धोखाधड़ी कर एडमिशन लेने वाले छात्र और छात्रा के खिलाफ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रिंसिपल एवं चेयरमैन ने एफआईआर दर्ज कराई है। प्रवेश परीक्षा के दौरान दोनों अभ्यर्थियों पर किसी दूसरे व्यक्ति को बैठाकर परीक्षा दिलाने का आरोप था जो जांच में पता चला।

कॉलेज ऑफ नर्सिंग प्रवेश कमेटी के वाइस प्रिंसिपल एवं चेयरमैन प्रोफेसर नवीना जेएच ने पुलिस को बताया कि 23 जनवरी 2024 को उन्हें अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ से आए पत्र से जानकारी दी गई कि 2023-2024 में बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए लखनऊ में प्रवेश परीक्षा सीनेट-2023 बीते वर्ष चार जून को आयोजित की गई थी। जिसमें अंबेडकर नगर रायबरेली निवासी सतेंद्र कुमार बहादुर और आजमगढ़ निवासी हर्षिता यादव की जगह किसी और ने परीक्षा दी थी। सफल होने पर सभी छात्रों की तरह उन्हें भी काउंसिलिंग के बाद एडमिशन दे दिया गया। जिसके बाद सभी छात्रों की फोटो खिंचाकर मिलाने के लिए भेजी गई। प्रोफेसर के अनुसार फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद दोनों अभ्यर्थियों ने पूछताछ में अपनी गलती स्वीकार की। कॉलेज ने दोनों पर कार्रवाई करते हुए परीक्षा में शामिल होने पर रोक लगा दी गई। विश्वविद्यालय के स्टेट कॉर्डिनेटर ने दोनों अभ्यर्थियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए। इस संबंध में स्वरूपनगर इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि प्रो नवीन जेएच की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।



पुलिस अधिकारी संवेदनशील इलाकों में गश्त करते रहे। अमृत विचार



हेलमेट, कवच और बॉडीवार्न कैमरों से लैस रहे जवान। अमृत विचार

# शहर अलर्ट, ड्रोन और कैमरों से निगरानी

## उत्तराखंड में हिंसा के बाद जुमे की नमाज पर सतर्कता, संवेदनशील इलाकों में पुलिस कमिश्नर ने किया मार्च

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुरुवार को उत्तराखंड में हुई हिंसा के बाद रात में ही शहर को अलर्ट पर कर दिया गया था। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान अति संवेदनशील और संवेदनशील इलाकों में ड्रोन और कैमरों से निगरानी की गई। मुस्लिम बहुल इलाकों में नमाज के दौरान पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस कमिश्नर और संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) सद्भावना चौकी से शहर के इलाकों की अपडेट अफसरों से लेते रहे। मस्जिदों के बाहर पुलिस और पीएसी तैनात की गई थी। घुड़सवार पुलिस भी गश्त करती रही।

पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त हरीश चन्दर, डीसीपी मुख्यालय आशीष श्रीवास्तव, एपीसी अनवरगंज आईपी सिंह, एसीपी कर्नलगंज, महेश कुमार, एसीपी कलक्टरगंज मो मोहसीन सद्भावना चौकी में लगाए गए पीटीजेड कैमरों की मदद से निगरानी करते रहे। पुलिस ने नई सड़क, यतीमखाना, रूपम चौराहा, मछली वाला तिराहा, पेंचबाग, लकड़मंडी, तलाक महल, बजरिया, बेकनगंज, चमनगंज, अनवरगंज, लाटूश रोड, जाजमऊ, चकेरी, रावतपुर, नौबस्ता के मछरिया, बाबूपुरवा के बगाही में पैदल गश्त की। पुलिस कमिश्नर ने प्रबुद्ध लोगों, सभी वर्गों के धर्माचार्यों, शहर काजियों, मौलाना, मस्जिदों के इमामों, मंदिरों के पुजारियों से वार्ता की। 4331 बीट पुलिस अधिकारी समय समय पर संयुक्त पुलिस आयुक्त को पल-पल की जानकारी देते रहे। 235 जवान बॉडी वार्न कैमरा व 100 पुलिस कर्मी हैंड हेल्ड कैमरे लेकर इलाकों में गश्त करके अराजकतत्वों पर नजर रखे रहे। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भ्रामक पोस्ट अथवा अराजकता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हल्द्वानी बवाल के बाद आस्था ट्रेनों की विशेष निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेंट्रल परिसर व प्लेटफार्मों पर परखी गई सुरक्षा व्यवस्था

**अमृत विचार।** हल्द्वानी की घटना के बाद अलर्ट के चलते आस्था ट्रेनों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सेंट्रल पर गुरुवार देररात से ही सतर्कता बरती जा रही है। अधिकांश ट्रेनों में चेकिंग अभियान जारी है। सेंट्रल से होकर गुजरने वाली आस्था ट्रेनों पर आरपीएफ व जीआरपी की विशेष नजर है।

सेंट्रल परिसर और प्लेटफार्मों पर गुरुवार रात से ही सुरक्षा बलों ने चेकिंग अभियान शुरू कर दिया था। खासकर आस्था ट्रेनों के सेंट्रल पहुंचने पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम आउटर से लेकर प्लेटफार्म तक कांबिंग कर रही है। आरपीएफ इंस्पेक्टर बीपी सिंह व जीआरपी इंस्पेक्टर अनिल कुमार शर्मा की मौजूदगी में शुक्रवार को टीम ने ट्रेनों की जांच-पड़ताल कर रवाना किया। हर प्लेटफार्म पर कई बार चेकिंग अभियान चलाया गया। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। टिकट काउंटर, पूछताछ खिड़की समेत ओवरब्रिज पर भी टीम चेकिंग अभियान चला रही है।



प्लेटफार्म पर चेकिंग अभियान चलाते जीआरपी-आरपीएफ के जवान। अमृत विचार

# बोला, पार्टी करके आऊंगा, आई लाश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डिलीवरी मैन की मौत, हत्या का आरोप लगाया
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी की पुष्टि



अथर्व शर्मा।



गमगीन पिता राजाराम व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में दोस्तों के साथ पार्टी की बात कहकर घर से गए एक कंपनी के डिलीवरी मैन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने जहां हत्या का आरोप लगाया, वहीं पुलिस हादसा कह रही है। परिजनों के हंगामा करने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और इसके बाद कई युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी के साथ शरीर पर रगड़ के निशान की पुष्टि हुई है।

योगेंद्र विहार खाड़ेपुर निवासी राजाराम शर्मा का 20 वर्षीय पुत्र अथर्व दादानगर में स्थित एक कंपनी में डिलीवरी मैन था। पिता ने बताया कि गुरुवार रात 9.30 बजे उसने दोस्तों के साथ पार्टी करके आने के लिए कहा। रात 11.30 बजे तक नहीं लौटा तो फोन मिलाया जो नहीं उठा। इसके बाद वह लोग दोस्तों रिश्तेदारों में उसके बारे में पूछ ही रहे थे कि पुलिस का फोन आ गया। पुलिस ने थम्सअप तिराहे के आगे सड़क किनारे शव पड़ा होने की सूचना दी। पुलिस ने हैलट अस्पताल पहुंचने के लिए कहा। पिता और मामा का आरोप है कि जिस स्थान पर उसका शव मिला वहां से उसका फोन कुछ दूरी पर पड़ा था। सिर और चेहरा देखने पर लग रहा था कि जैसे ईंटों से कई बार वार किया गया हो। परिजनों ने पार्टी में मौजूद दोस्तों पर हत्या करके शव फेंकने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पनकी इंस्पेक्टर रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में पता चला है कि वह बाइक से खड़े टैंकर में घुस गया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है तो पार्टी में मौजूद सभी दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## घर में घुसकर परिवार को पीटा, पांच लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में विवाद की शिकायत पुलिस से करना एक परिवार को मंहगा पड़ गया। आरोपियों ने घर में घुसकर एक परिवार के लोगों को लाठी डंडों से मारापीटा। इससे पांच लोग घायल हो गए। पीड़िता की तहरीर पर थाना पुलिस ने 10 आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

लोहारन भट्टा जेके मंदिर निवासी पायल सिंह ने पुलिस को बताया कि आठ फरवरी को सुबह 9:30 बजे वह अपने घर पर थी तभी रवि और उसकी पत्नी अंकिता, सनी, पूजा, डेविट, सोना, बिट्टा, रवि का जीजा नाम अज्ञात, दो अन्य नाम पता कुंडी खटखटाते हुए उसके घर के अंदर घुस आए। इसके बाद गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। कहा कि पुलिस से घटना की शिकायत क्यों की।पायल का आरोप है कि घटना में उसके भाई हर्ष का सिर फट गया। पायल का कहना है कि अविधा पैर, नेहा, आंचल और सुशीला को चोटें आई हैं। आरोप है कि उसका मंगलसूत्र तोड़ लिया और मारापीटा। इस संबंध में काकादेव इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी जनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करके उनकी तलाश की जा रही है।

## रावतपुर में भिड़े दो पक्ष, एक हिरासत में

**कानपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले में शुक्रवार देर शाम दो पड़ोसी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी और गालीगलौज हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक व्यक्ति परवेज को हिरासत में लिया जिसने मौके पर झगड़ा शुरू किया था।

सूचना मिलने पर सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने सर्किल के फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी चेक किए। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दो गैर समुदाय में झगड़ने की बात भ्रामक और गलत है। पड़ेसियों में गाली गलौज हुआ था।



दिवंगत गिरिराज किशोर को पुष्पांजलि दी गई।

## गिरिराज किशोर के नाम हॉल व सड़क की मांग

**कानपुर।** सुप्रसिद्ध उपन्यासकार, कथाकार, नाटक लेखक, आलोचक पद्मश्री गिरिराज किशोर की पुण्य तिथि पर मेडिकल कालेज का सभागार और सूटरगंज की सड़क उनके नाम पर करने की मांग की गयी।

नौ फरवरी 2020 को उनका हृदयगति रुकने से निधन हो गया था। इस अवसर पर एक सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्हें याद किया गया। उनके उपन्यास, लेख आदि पर चर्चा की गयी। कानपुर नागरिक मंच द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि देहदान के समय गिरिराज किशोर के नाम पर सभागार की घोषणा तत्कालीन प्राचार्या डॉ आरती लालचंदानी ने की थी पर उस पर कुछ नहीं हुआ। वक्ताओं ने सूटरगंज की सड़क का नाम उनके नाम पर किए जाने की मांग महापौर प्रमिला पांडे से की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन सुरेश गुप्ता ने की धन्यवाद छोटेभाई नरोन्हा ने की। गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष दीपक मालवीय, केके अग्निहोत्री, शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, हरेंद्र सिंह भदौरिया, अतहर नईम, श्यामदेव सिंह, मदनलाल भाटिया, बिंदा भाई, अजीत खोटे, प्रताप साहनी, जय नारायण गुप्त भारती, नसीम रजा, शंकर सिंह, अनिल सोनकर आदि ने विचार व्यक्त किए।

## 20 हजार का इनामिया गिरफ्तार

**कानपुर।** फजलगंज थाना प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल ने एक लुटेरे अंकित यादव निवासी चकेरी के ऊपर 20 हजार का इनाम घोषित किया था। जिसके बाद उसे पुलिस ने दादानगर ढाल कन्टेनर यार्ड के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह शातिर किस्म का लुटेरा है। इस पर कई मामले लूट के दर्ज हैं। लूट की एक घटना में इसके साथ पूर्व में आरोपी हर्ष पांडेय निवासी विजय नगर और कार्तिकेय राय उर्फ गप्पू राय पर 15000 रुपये का पुरस्कार घोषित था।

# तीन गवाहों के बयान पर सवाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इंस्पेक्टर, विवेचक की गवाही पर जताया विरोधाभास
- सपा विधायक आगजनी कांड में बचाव पक्ष की दलील

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी आगजनी कांड में बचाव पक्ष ने तत्कालीन इंस्पेक्टर, विवेचक समेत तीन पुलिसकर्मियों के बयानों पर विरोधाभास जाहिर किया। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि कांड का एक अन्य गवाह पुलिस का सिखाया हुआ है। सपा विधायक के अधिवक्ता ने उसके बयान को संदेहास्पद बताया। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 12 फरवरी निर्धारित की है।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी फूंकने के मामले में एमपीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। आगजनी कांड के आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी व उनके भाई रिजवान सोलंकी के अधिवक्ता सईद नकवी ने जाजमऊ थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर अभिषेक सिंह के बयानों पर विरोधाभास जाहिर करते कहा कि तत्कालीन इंस्पेक्टर का कहना था कि घटना के समय मौके पर करीब 450 लोगों की भीड़ थी, जिसमें पीड़ित परिवार के तीन महिला व तीन पुरुष शामिल थे। तर्क दिया कि 450 लोगों की भीड़ में तत्कालीन इंस्पेक्टर ने कैसे परिजनों की पहचान की। पुलिस के एक अन्य गवाह जाजमऊ थाने में तैनात महिला पुलिसकर्मी पिंकी के बयानों का विरोध करते हुए अधिवक्ता ने कहा कि महिला पुलिसकर्मी ने बताया था कि उनकी ड्यूटी सुबह आठ से रात आठ बजे तक की थी, जबकि मुकदमा रात साढ़े आठ बजे दर्ज हुआ। उन्होंने सवाल उठाते हुए पूछा कि थाने में आधे घंटे ज्यादा रुकने पर जीडी में दर्ज कराया था, जिस पर महिला पुलिसकर्मी ने मना किया।

## सार-संक्षेप

### सर्विलांस सेल ने लौटाए 6 लाख कीमत के 26 मोबाइल

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने सर्विलांस सेल पूर्वी जोन की टीम की ओर से शहर में खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए गए। सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो माह के भीतर यूपी के विभिन्न जनपदों, अन्तर जनपदों व अन्तरराज्यों जैसे महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, बिहार, तमिलनाडु, दिल्ली से मोबाइल बरामद किए गए। जिनकी अनुमानित कीमत 6 लाख रुपये हैं।

### उर्स की तैयारियों को लेकर निरीक्षण

**कानपुर।** कोतवाली थानाक्षेत्र में स्थित परेड ग्राउंड में शुरू होने वाले 3 दिवसीय उर्स के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा लोगों से मुलाकात कर संवाद किया।

### सम्मानित किए गए फायर कर्मी

**कानपुर।** अग्निशमन तथा आपात सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों को ऑल इंडिया फायर सर्विस गेम्स 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये मेडल प्राप्त करने पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा की ओर से सम्मानित किया गया। इसके अलावा वर्ष 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र पुलिस महानिदेशक अविनाश चंद्रा ने प्रदान किये थे।




विहिप के कार्यक्रम में डॉ उमेश पालीवाल, विनायकराव, योगेश अग्रवाल आदि।

# संघर्ष और धैर्य से रामलला हुये विराजमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विहिप का धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद् कानपुर प्रान्त की ओर से शुक्रवार को मर्चेंट चैंबर हाल में उद्योगपति बन्धुओं ने केन्द्रीय संगठन महामंत्री विनायकराव देशपांडे की उपस्थिति में धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान में भागीदारी की। इस दौरान विनायक राव ने कहा कि, रोमन, ग्रीक, इजिप्ट, मेक्सिको अपनी सभ्यताएं भूले लेकिन, हिन्दुओं ने सतत संघर्ष से अपनी सभ्यता संस्कृति परंपराएं जागृत रखी और हिन्दू समाज के धैर्य वीरता संघर्ष बलिदान के परिणाम स्वरूप 22 जनवरी का दिन विश्व इतिहास में अंकित हो गया।

धर्म समाज का स्वाभिमान होता है, मंदिरों से भी अर्थव्यवस्था बढ़ती है, 22 जनवरी की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम हेतु पूरे देश सवा लाख करोड़ रुपये का टर्नओवर हुआ। अध्यक्षता कर रहे गोल्डी समूह के प्रबन्ध निदेशक सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी की प्रान्त प्रतिष्ठा के समय मेरे साथ ही वहां उपस्थित सभी विभूतियों की आंखों से खुशी के आंसू बह रहे थे।

मुख्य अतिथि रिमझिम इस्पात के सीएमडी योगेश अग्रवाल ने कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व राममय हो गया विशिष्ट अतिथि यूपी फिक्की और जीकेजी ग्रुप के चेयरमैन मनोज गुप्ता ने कहा कि आज स्वयं को हिन्दू कहने में गर्व होता है। विहिप प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विहिप कार्याध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल, प्रान्त संगठन मंत्री परमेश्वर, प्रान्त उपाध्यक्ष वीरेन्द्र पांडेय, बालिस्टर सिंह, प्रांत सहमंत्री अभिनव दीक्षित, अवधेश सिंह, प्रांत मातृशक्ति संयोजिका संगीता, विभाग अध्यक्ष नरेश माहेश्वरी, विभाग कार्याध्यक्ष पंकज शुक्ला, सुबोध, विभाग संगठन मंत्री पीयूष आदि उपस्थित रहे।

पर्व | शहर के गंगा घाटों पर सुबह से उमड़ी भीड़, जमकर हुआ स्नान, दान और पूजन

# मौनी अमावस्या पर स्नान, दान, पूजन और ध्यान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को गंगा घाटों पर लोगों ने स्नान, दान और पूजन किया। सूर्य देव को जलांजलि देकर पितरों का पूजन-तर्पण भी किया गया।

सरसैया घाट, अटल घाट, मेस्कर घाट और सिद्धनाथ घाट पर प्रमुख रूप से पूजन किया गया। भक्तों ने शिव मंदिरों में दर्शन किया। परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही। सिद्धनाथ मंदिर में भी दर्शन करने आने वालों का सिलसिला लगातार जारी रहा। आनंदेश्वर मंदिर में 101 किलो दूध से अभिषेक किया गया। सरसैया घाट पर भक्तों ने रेत के महादेव बनाकर गेंदे के फूल से उनका श्रृंगार किया। गंगा भक्त सेवा समिति की ओर से यह आयोजन हुआ। पूजन के बाद रेत के महादेव को गंगा में विसर्जित किया गया।



सूर्य को अर्घ्य देती युवती।



गंगा घाट किनारे महिलाओं ने पूजा की।

**घाटों पर हुए तर्पण** — अमावस्या पर श्रद्धालुओं की ओर से पितरों का पूजन किया गया। अटल घाट पर श्रद्धालुओं ने तर्पण किया। घाट पर तर्पण को आने वाले लोगों के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा कई श्रद्धालुओं ने बहती धारा के बीच नाव में बैठकर तर्पण किया।

# बैठक में तीन प्रस्ताव पारित किए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उप्र बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन की प्रांतीय बैठक शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर हुई। बैठक में प्रमुख तीन प्रस्ताव पारित किए गए।

इन प्रस्ताव में राज्य कर्मियों की तरह लीव इन कैशमेंट सहित अन्य मांगे शामिल रही। बैठक के दौरान प्रान्तीय अध्यक्ष तापस कुमार मिश्रा, प्रातीय महामंत्री शहाब सरताज, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्वेता त्रिपाठी सहित अन्य ने अपनी बात रखी। यह प्रस्ताव पारित किया गया कि बेसिक शिक्षा परिषद के कर्मियों को भी राज्य कर्मियो की तरह ही लीव इन कैशमेन्ट की सुविधा दी जाये। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष नमन मिश्रा की ओर से व्यक्तिगत परिस्थितियों के कारण दिये गये त्याग पत्र को सर्वसम्मत्ति से सदन की ओर से स्वीकार किया गया। उनके स्थान पर मनोज मिश्रा जनपद हरदोई को संगठन का प्रांतीय उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा प्रांतीय कार्यकारिणी को 1 वर्ष के लिये विस्तार करते हुये आगामी मार्च 2025 में जनपद और तिथि का निर्धारण करने के बाद प्रांतीय चुनाय कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान रणधीर सिह, कोमल सिंह, धर्मेन्द्र अवस्थी, गौरव यादव, सुधीर मिश्रा, सुखेन्द्र यादव, मो परवेज आलम, अनूप शुक्ला, इन्द्रमणि मिश्रा, आशीष मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




प्रांतीय बैठक में मौजूद पदाधिकारी और सदस्य। अमृत विचार

## एक नजर

### 98 केंद्रों पर 46 हजार देंगे समीक्षा अधिकारी परीक्षा

**कानपुर।** लोक सेवा आयोग की ओर से 11 फरवरी को आयोजित समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा के लिए शहर में 98 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 46,220 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 33 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 98 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली में परीक्षार्थी सुबह 9.30 व दूसरी पाली में दोपहर 2.30 बजे से परीक्षा देंगे। प्रशासन ने केंद्र व्यवस्थापकों के साथ ड्यूटी में लगाए जाने वाले सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंप दी है। परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए भी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

### पनकी धाम से बाराबंकी तक चलाएं एलसी ट्रेन

**कानपुर।** उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के महाप्रबंधक को ज्ञापन देकर कानपुर से बाराबंकी के बीच चलने वाली एलसी ट्रेन को पनकी धाम से बाराबंकी तक चलाए जाने की मांग की गई है। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज जेडआरयूसीसी के सदस्य विजय कुमार मिश्र ने कहा है कि कोरोना से पहले यह ट्रेन पनकी धाम से ही संचालित होती थी। ज्ञापन में कानपुर-झांसी रेल मार्ग पर दादानगर व दबौली वेस्ट में अंडरपास का निर्माण कराने तथा कानपुर देहात के रूरा स्टेशन पर उपरिगामी पुल का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग की गई है।

### सीजीएचएस लाभार्थियों को निःशुल्क रामलला दर्शन

**कानपुर।** केंद्र सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के (सीजीएचएस) लाभार्थियों के लिए फैमिली हास्पिटल की तरफ से निःशुल्क अयोध्या धाम यात्रा की व्यवस्था की गई है। सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के दया शंकर शर्मा ने बताया कि 23 फरवरी को सुबह आठ बजे बस कानपुर से प्रस्थान करेगी और रामलला दर्शन के साथ अयोध्या के सभी पर्यटक स्थलों का भ्रमण कराने के बाद 25 फरवरी को वापस आएगी। सीजीएचएस और आधार कार्ड के साथ फैमिली हास्पिटल, नौबस्ता में पंजीकरण कराया जा सकता है।

### समारोह में एनसीसी की उपयोगिता बताई

**कानपुर।** एसजे महाविद्यालय रमईपुर में एनसीसी-सी सार्टिफिकेट के प्रथम बैच की विदाई व बी सार्टिफिकेट कैडेट्स का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। प्रबंध समिति सदस्य सुबोध कटियार, प्राचार्य संजीव कुमार सिंह, डॉ. आरएस शर्मा, अजय कुमार तिवारी ने कैडेट्स को एनसीसी की उपयोगिता बताई। शिवम सिंह राना, शिवेंद्र सिंह, आशुतोष बाजपेई, कुशाग्र द्विवेदी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन काजल यादव और राधिका गुप्ता ने किया।

## मेगा लेदर क्लस्टर

बीते एक दशक से मेगा लेदर क्लस्टर का सपना जमीन पर उतरने की उम्मीद लगाए बैठे कानपुर के चमड़ा उद्योग को आखिरकार 19 फरवरी को लेदर क्लस्टर की सौगात मिल जाएगी। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में आए प्रस्तावों की लखनऊ में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास करेंगे। तमाम अड़चनों के बाद क्लस्टर के लिए भूमि तो उपलब्ध करा दी गई है, लेकिन अभी मौके पर ऐसा कुछ भी नहीं है, जिसे देखकर यह समझा जा सके कि यहां सैकड़ों करोड़ रुपये का कोई ऐसा प्रोजेक्ट शुरू होने वाला है, जिससे कानपुर के चमड़ा उद्योग को फिर से नई पहचान और उड़ान मिलने वाली है। कुछ समय पहले लगाया गया लेदर क्लस्टर का बोर्ड लोग उखाड़ ले गए हैं, तो भूमि का सीमांकन करके बाड़ के लिए लगाए गए तार काट ले गए हैं। क्लस्टर की जमीन पर कहीं गड्ढे हैं, तो कहीं बारिश और नहर के पानी का जलभराव है। यहां कंपनी ने हरीतिमा के लिए जो पौधे रोपे थे, लोग उन्हें काट ले गए हैं या जानवर चर गए हैं।



# सपनों को जमीन मिली पर उड़ान भरने के पंख अभी दूर

जहां बसाया जाना है क्लस्टर वहां अभी भरा पानी। फोटो- अमृत विचार

मनोज त्रिपाठी, कानपुर।

**अमृत विचार।** रमईपुर में मेगा लेदर क्लस्टर के विकास का रास्ता खुल गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों परियोजना का शिलान्यास होते ही मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट यूपी लिमिटेड यहां पर विकास कार्य शुरू कराएगा। इस औद्योगिक क्षेत्र में छोटी बड़ी मिलाकर कुल 250 टेनरियां स्थापित होंगी, जबकि 85 फैक्ट्रियां जूता व अन्य चर्म उत्पाद बनाने की होंगी। जाजमऊ, उन्नाव व बंथरा में उद्योग संचालित कर रहे उद्यमी ही यहां अपनी इकाइयों का विस्तार करेंगे।

जाजमऊ में वर्तमान में लगभग 450 टेनरियां स्थापित हैं। वैसे तो यहां 20 एमएलडी का कॉमन इफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित हो गया है। ऐसे में टेनरियों को यहां से शिफ्ट नहीं किया जाएगा। लेकिन पहले यहां से टेनरियां शिफ्ट करने की कवायद शुरू हुई थी। इसी कड़ी में रमईपुर में मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना की योजना बनी थी। अब नमामि गंगे परियोजना के तहत नया ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित होने के बाद टेनरी शिफ्टिंग की समस्या खत्म हो गई है। ऐसे में अब उद्यमी खुद अपना उद्योग बंद करके रमईपुर स्थित मेगा लेदर क्लस्टर में यदि शिफ्ट करना चाहेंगे तो कर सकते हैं, उन्हें कोई मजबूर नहीं करेगा। वैसे स्पेशल परपज व्हीकल के तहत गठित कंपनी में भूमि के लिए पैसा जमा करने वाले 375 उद्यमियों में से 335 ही यहां अपने उद्योग लगा सकेंगे। शेष को कंपनी या तो पैसे वापस करेगी या पास में पड़ी ग्राम समाज की भूमि का पुनर्ग्रहण कराकर क्लस्टर के विस्तार की कवायद कर सकती है।

### क्लस्टर में इकाई लगाने के लिए 375 लोगों ने जमा किया है अंशदान

### 19 फरवरी को शिलान्यास होते ही कंपनी शुरू कराएगी विकास कार्य



मेगा लेदर क्लस्टर के लिए अधिग्रहीत भूमि का मौके पर हाल। अमृत विचार

### कंपनी के पास उपलब्ध भूमि का लेखा-जोखा

- 42.02 – हेक्टेयर, ग्राम समाज की रमईपुर के पास सेन पूरब पश्चिम पारा में भूमि का पुनर्ग्रहण किया गया है।
- 22 – हेक्टेयर जमीन कंपनी ने किसानों से खरीदी है।
- 35.238– हेक्टेयर भूमि ग्राम समाज की सुरक्षित श्रेणी की है। इसके बदले उद्यमियों ने किसानों से सपई और मनोह गांव में भूमि खरीदकर प्रशासन को दी है। सुरक्षित श्रेणी की यह भूमि जल्द ही कंपनी के नाम हो जाएगी।

### 20 एमएलडी क्षमता का ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया जाएगा

- क्लस्टर में भी 20 एमएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाना है। इसके निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपये नमामि गंगे मिशन की ओर से दिए जाएंगे। शेष राशि कंपनी खुद ही लगाएगी। इस प्लांट की स्थापना में करीब 500 करोड़ रुपये खर्च होंगे।



### एक लाख से अधिक लोगों को मिल सकेगा रोजगार

- कानपुर में चर्म उद्योग से जुड़ी 2125 इकाइयां स्थापित हैं। इनमें टेनरियां भी शामिल हैं। इन उद्योगों में 1.20 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलता है। क्लस्टर बन जाने के बाद करीब एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।



### 5800 करोड़ का होगा निवेश

- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में निवेश के लिहाज से मेगा लेदर क्लस्टर को मील का पत्थर माना जा रहा है। कुल 5800 करोड़ रुपये निवेश वाले इस प्रोजेक्ट में 335 इकाइयां संचालित होंगी। यह क्लस्टर कानपुर के चर्म उद्योग को एक ही स्थान पर स्थायित्व देने के साथ निर्यात की सुविधाएं बढ़ाने में मददगार साबित होगा।

### 375 करोड़ रुपये की मदद मिलेगी केंद्र और राज्य सरकार से



- लेदर क्लस्टर को 375 करोड़ की वित्तीय मदद केंद्र और राज्य सरकार से मिलेगी। 125 करोड़ वाणिज्य मंत्रालय, 200 करोड़ रुपये कामन इफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट के लिए एनएमसीजी की ओर से दिया जाएगा। 50 करोड़ कामन फैसिलिटी सेंटर के लिए राज्य सरकार देगी। केंद्र से मिलने वाले 125 करोड़ रुपये को सड़क, जलापूर्ति, सीवेज, ड्रेनेज, हार्टीकल्चर, चहारदीवारी, स्ट्रीट लाइट, इंटरनल वाटर सप्लाई, इंटरनल स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज, आईटी एंड टेली कम्यूनिकेशन, प्रशासनिक भवन, डिजाइन लैब, टेस्टिंग लैब, वैल्यू एडीशन सेंटर, प्रदर्शनी हॉल, हॉस्टल और अन्य सामान्य सुविधाओं के विकास पर खर्च किया जाएगा।

**235** एकड़ प्रोजेक्ट का क्षेत्रफल

**250** टेनरियां यहां स्थापित होंगी

**85** चर्म उत्पाद बनाने वाले उद्योग

**30%** भूमि ग्रीन बेल्ट होगी

**10** हजार करोड़ सालाना उत्पादन



"मेगा लेदर क्लस्टर की राह में अब कोई बाधा नहीं बची है। प्रधानमंत्री के शिलान्यास करते ही काम शुरू हो जाएगा। विकास के लिए हमारी कार्ययोजना पूरी तरह से तैयार है।"
– अशरफ रिजवान, निदेशक मेगा लेदर क्लस्टरेवलपमेंट यूपी लिमिटेड

"मेगा लेदर क्लस्टर के विकास की पूरी योजना तैयार है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के बाद वहां काम शुरू हो जाएगा। भूमि संबंधी समस्या भी खत्म हो गई है। इसकी स्थापना से रोजगार के बड़े अवसर मिलेंगे।"
– सुधीर श्रीवास्तव, संयुक्त आयुक्त उद्योग

### 99 साल के लिए लीज पर मिलेगी भूमि

- यहां उद्योग लगाने वालों को 99 साल की लीज पर भूखंड और फ्लैटेड फैक्ट्री में फ्लैट आवंटित किए जाएंगे। लीज डीड संपादित करने में उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, कंपनी और आवंटी के बीच करार होगा।

### सिंचाई के काम आएगा उद्योगों से निकलने वाला पानी

- क्लस्टर में टेनरियों से निकलने वाला पानी शोधित होने के बाद सिंचाई लिए माइनर के जरिए खेतों में जाएगा। पहले तय हुआ था कि इसे शोधित करके पांडु नदी में छोड़ा जाएगा। लेकिन अब तय हुआ है कि इसे सिंचाई के काम में ही लिया जाएगा।



# ट्रेन का प्लेटफार्म बदलने पर एस्केलेटर से गिरी महिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन पर प्लेटफार्म बदले जाने की सूचना पाकर ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी में शुक्रवार को एक महिला यात्री स्वचलित सीढ़ियों (एस्केलेटर) से गिरकर घायल हो गई। इस दुर्घटना में महिला का पैर टूट गया। इस कारण उसे अपनी यात्रा रद करनी पड़ी। प्राथमिक उपचार मिलने के बाद महिला घर लौट गई।

प्लेटफार्म नंबर आठ पर शुक्रवार दोपहर 12469 जम्मू तवी एक्सप्रेस आनी थी। शाहजहांपुर के रहने वाले आशीष व उनकी पत्नी श्वेता, तीन साल की बेटी निर्धारित प्लेटफार्म पर बैठकर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच अचानक प्लेटफार्म आठ के बजाय ट्रेन प्लेटफार्म पांच पर आने की सूचना दी गई। इससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई और सभी प्लेटफार्म पांच की ओर दौड़ पड़े। दंपति भी अपने बच्चे को लेकर स्वचालित सीढ़ी पर चढ़े, लेकिन जल्दबाजी में महिला फिसल कर गिर गई। पैर में फ्रैक्चर हो गया। व्हीलचेयर पर बैठाकर महिला को प्लेटफार्म एक पर ले जाया गया। वहां मेडिकल सुविधा दी गई। परिवार को छोड़ने आए मनीष ने इस बात पर नाराजगी जताई कि प्लेटफार्म परिवर्तन की सूचना अचानक ट्रेन आने पर दी जाती है।

# सीएसजेएमयू में शिक्षा, सेवा और संस्कृति की त्रिवेणी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में शिक्षा, सेवा और संस्कृति का संगम रहा। समारोह के अंतिम दिन शुक्रवार को विभिन्न आयोजन हुए। इनमें रुद्राभिषेक, स्वास्थ्य शिविर और सम्मान समारोह हुए। युवाओं को अच्छी नौकरी के साथ राष्ट्र सेवा और समर्पण का मंत्र दिया गया।

आयोजन की शुरुआत विश्वविद्यालय के श्री विश्वेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक से हुई। पूजन में डॉ. श्रवण कुमार द्विवेदी, डॉ. स्वयं प्रकाश अवस्थी के साथ आचार्यों के समूह ने पाठ किया। वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक, कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, अधिष्ठाता, छात्र प्रकोष्ठ प्रो. नीरज सिंह, प्रो.बीडी पाण्डेय उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि लोहिया कॉर्पोरेशन के चेयरमैन राजकुमार लोहिया ने कहा कि वह विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं। लेकिन आज विश्वविद्यालय के बदले स्वरूप और सुविधाएं देखकर आश्चर्यचकित हैं। उन्होंने घोषणा कि वह 100 मेधावी छात्रों को मेंटरशिप प्रदान करेंगे।



रामलला का स्केच बनाते चित्रकार सुनील विश्वकर्मा। अमृत विचार

### रामलला का स्केच बनाया

- समारोह में काशी विद्यापीठ के सुप्रसिद्ध चित्रकार सुनील विश्वकर्मा ने 'लाइव अयोध्या' में प्रतिष्ठित प्रभु राम का स्केच बनाया। उन्होंने कहा कि राम ने प्रेरणा दी, राम ने स्वीकृति दी और राम की मूर्ति बन गई। उन्होंने कहा कि सीएसजेएमयू के छात्रों की ऊर्जा देखकर वह काफी प्रभावित हैं। स्केच देखकर सभागार में युवाओं ने जयश्री राम का जयघोष किया।

### शिक्षा किट वितरित हुई

- सीनेट हॉल में विश्वविद्यालय के गोद लिए गये मलिकपुर और टोडरपुर गांव के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के 51 बच्चों को शिक्षा किट बांटी गई। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय राजस्थान के कुलपति डॉ अनिल शुक्ला मौजूद रहे।

# पुराने क्षेत्रों में नक्शे के लिए नगर निगम से एनओसी लें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।



- मंडलायुक्त ने केडीए को दिए निर्देश, मानचित्र स्वीकृति से पहले देना होगा मलवा शुल्क

**अमृत विचार।** शहर के पुराने इलाकों में मानचित्र स्वीकृत करने से पहले केडीए को नगर निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेनी होगी। लगभग तीन वर्षों से यह काम बंद पड़ा था। इस कारण नगर निगम को मलवा, नामांतरण, गृहकर और जलकल की मद में राजस्व की हानि हो रही थी। महापौर प्रमिला पांडेय ने कुछ माह पहले इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की थी। इसके बाद मंडलायुक्त ने केडीए और नगर निगम के अफसरों के साथ बैठक कर नए निर्देश जारी कर दिए हैं। नगर निगम को नई व्यवस्था से सालाना करीब दो करोड़ रुपये आय बढ़ने की उम्मीद है।

ऑनलाइन भवन योजना अनुमोदन प्रणाली (ओबीपीएएस) प्रक्रिया में शासन के निर्देश पूरे नहीं करने पर महापौर प्रमिला पांडेय ने मुख्यमंत्री के साथ ही मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र से शिकायत करके प्रकरण में केडीए पर कार्रवाई करने की मांग भी की। शासनादेश है कि भवनों के मानचित्र स्वीकृत करने में पहले नगर निगम की एनओसी ली जाए। लेकिन केडीए यह कार्य नहीं कर रहा था। करीब तीन वर्षों से नियमों का पालन न करने की वजह से अवस्थापना सुविधाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। मलवा शुल्क, नामांतरण, गृहकर और जलकल के रूप में नगर निगम को राजस्व की हानि हो रही थी। अब मंडलायुक्त ने केडीए को एनओसी लेने के निर्देश दिए हैं।

मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि प्राधिकरण को वर्ष 2004 के शासनादेश के तहत पुराने निर्मित क्षेत्र में अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने का प्रावधान है। मंडलायुक्त ने केडीए को निर्देश दिए हैं कि महायोजना में चिह्नित पुराने निर्मित क्षेत्र में मानचित्र स्वीकृत करते समय नगर निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना जरूरी होगा। इसके साथ ही स्वीकृत मानचित्रों की सूची मुख्य नगर नियोजक को नगर निगम को ईमेल के माध्यम से देनी होगी। नये क्षेत्रों में यह बाध्यता नहीं होगी।

### मंडलायुक्त ने की दोनों विभागों में मध्यस्थता

- महापौर की शासन में शिकायत के बाद मंडलायुक्त ने दोनों विभागों के बीच मध्यस्थता कर निर्णय निकाला। नगर निगम के अनुसार कई क्षेत्रों में निगम के फुटपाथ के ऊपर ही निर्माण हो रहे हैं। छज्जा बढ़ाया जा रहा है। लेकिन नगर निगम से एनओसी नहीं ली जा रही है। मलवा शुल्क नहीं जमा करने से भी लगातार हानि हो रही है। पूर्व में प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने शुल्क पर रोक लगाई थी। इसके बाद से ही नगर निगम फिर से मलवा शुल्क वसूलने के लिए प्रयास कर रहा था।

**यूपी बोर्ड परीक्षा** टीम के साथ किया जिले में 26 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, अब बोर्ड को भेजेंगे रिपोर्ट

# नोडल प्रभारी ने केंद्रों पर सुरक्षा और तैयारी परखी

यूपी बोर्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की 22 फरवरी से होने वाली परीक्षा के लिए शुक्रवार को नोडल प्रभारी ने जिले के 25 केंद्रों का निरीक्षण किया। दो दिवसीय दौरे में प्रभारी ने जिले में बने कंट्रोल रूम और संकलन केंद्र में कॉपियों का वितरण भी देखा। नोडल प्रभारी अब अपनी रिपोर्ट बोर्ड को भेजेंगे।

जिले के नोडल प्रभारी उप शिक्षा निदेशक संस्कृत शिक्षा निदेशालय प्रयागराज सीएल चौरसिया ने दो दिन तक शहर में परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिले में परीक्षा की तैयारी को जांचा गया। नोडल प्रभारी ने कानपुर नगर, नरवल, सरसौल, भीतरगांव, पतारा व घाटमपुर के परीक्षा केंद्रों पर खास निगरानी की।



परीक्षा केंद्र में तैयारी देखते नोडल प्रभारी। अमृत विचार

**महाराजपुर के केंद्र में डीवीआर ठीक करते मिले शिक्षक-कर्मी :** नोडल प्रभारी को निरीक्षण के दौरान महराजपुर के सेठ राजाराम इंटर कॉलेज स्थित केंद्र में शिक्षकों व कर्मचारियों को सीसीटीवी से जुड़े डीवीआर को ठीक करते हुए पाया गया। पूछने पर पता चला कि परीक्षा केंद्र के कंट्रोल रूम में मरम्मत का काम चल रहा है। दो दिन में पूरे केंद्र की स्थिति सामान्य हो जाएगी।

**कंट्रोल रूम को भी देखा और परखा:** नोडल प्रभारी और उनकी टीम ने जिले में शिक्षा विभाग की ओर से बनाए गए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। टीम ने कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों की कनेक्टिविटी भी देखी। शिक्षा विभाग को 24 घंटे स्ट्रांग रूम की रिकॉर्डिंग किए जाने की सलाह दी। नोडल प्रभारी ने कॉपियों के वितरण की भी जांच की।

### छह उड़नदस्ते परीक्षा में रहेंगे तैनात

- परीक्षा के लिए शिक्षा विभाग की ओर से जिले में उड़नदस्ते बनाए गए हैं। यह उड़दस्ते परीक्षा के दौरान 129 केंद्रों पर छापेमारी करेंगे। इसी तरह विभाग की ओर से मंडल स्तर के उड़नदस्तों को भी तैयार कर लिया गया है। परीक्षा में चार उड़दस्ते ऐसे होंगे जो पूरे मंडल में छापेमारी करेंगे।

### अब तक 62 केंद्रों पर पहुंची दो लाख कॉपियां

- शिक्षा विभाग की ओर से जिले के 62 परीक्षा केंद्रों में कॉपियों का अब तक वितरण किया गया। इनमें हाई स्कूल की लगभग एक लाख कॉपियां व इंटर की लगभग एक लाख उत्तर पुस्तिकाएं शामिल हैं। परीक्षा कराए जाने के लिए बोर्ड की ओर से पहले चरण में 2.75 हजार कॉपियां व इंटर की 2.60 हजार कॉपियां जिले में अब तक आ चुकी हैं।

### इस बार सुरक्षा, गोपनीयता के लिए कड़ी व्यवस्था

- परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं और प्रश्न पत्र पहुंचने पर स्ट्रांग रूम की रिकॉर्डिंग एवं परीक्षा हॉल में लगे सीसीटीवी कैमरों की परीक्षा अवधि की रिकॉर्डिंग को कम से कम छह माह सुरक्षित रखना होगा। आवश्यकता पड़ने पर बोर्ड को उपलब्ध कराना होगा। स्ट्रांग रूम की चाबियां केंद्र पर तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास रहेंगी। स्टैटिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ही दोनों ताले खोले जाएंगे। परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्नपत्र ले जाने पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक जिम्मेदार होंगे। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को मोबाइल फोन के साथ स्ट्रांग रूम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# नितिन गडकरी से करवाने जा रहे अधूरे फोरलेन का लोकार्पण

## मंधना रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन है फ्लाईओवर

## रेलवे के कारण कार्य में आई थी बाधा, 31 मार्च तक पूरा होगा कार्य, 15 फरवरी को लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 15 फरवरी को शहर आ रहे सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से रिंग रोड के शिलान्यस कार्यक्रम की रूपरेखा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) तैयार कर रहा है। वहीं रेलवे की ओर से एनओसी काफी देर से मिलने के कारण मंधना में फ्लाईओवर का कार्य पूरा नहीं हो सका है, लेकिन एनएचएआई अधूरे फोरलेन कानपुर अलीगढ़ की लोकार्पण की तैयारी में है। अधूरे काम के लोकार्पण की जानकारी पर विपक्ष हमलावर हो गया है।

कानपुर से दिल्ली जाने के लिए जीटी रोड टू लेन सड़क होने के कारण लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से जीटी रोड चौड़ीकरण की योजना तैयार की गई थी। वर्ष 2019 में 284 किलोमीटर लंबे कानपुर अलीगढ़ फोरलेन का कार्य शुरू किया गया था। एनएचएआई को आईआईटी कानपुर से कन्नौज तक फोरलेन निर्माण का जिम्मा सौंपा गया था।

मंधना क्रॉसिंग के पास हाईटेंशन लाइन ऊंची करने के लिए एनओसी न मिलने के कारण तीन किलोमीटर तक कार्य अधर में लटका हुआ था। रेलवे से एनओसी मिलने के बाद हाईटेंशन लाइनों को ऊंचा किया गया, जिसके बाद मंधना रेलवे क्रासिंग पर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। एनएचएआई अधिकारियों के मुताबिक पुल का निर्माण कार्य 31 मार्च तक पूरा करना है। इसके बाद ही लोग फोरलेन पर फर्राटा भर सकेंगे। वहीं इससे पहले 15 फरवरी को सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शहर आ रहे हैं। परिवहन मंत्री को रिंग रोड का शिलान्यास व कानपुर अलीगढ़ हाईवे का लोकार्पण करना है। परिवहन मंत्री के शहर आने की जानकारी पर एनएचएआई अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए हैं। एनएचएआई अधिकारी शिलान्यास के साथ अधूरे फोरलेन के लोकार्पण कराने की तैयारी में हैं। अधूरे फोरलेन के लोकार्पण की तैयारी की जानकारी पर विपक्ष हमलावर हो गया है।

### चुनाव की जल्दबाजी में लोकार्पण की तैयारी



लोकसभा चुनाव सिर पर आ चुका है। सत्तादल जल्दबाजी में लोकार्पण कर जनता को लुभाने की तैयारी में हैं। आचार संहिता लागू होने से पहले भाजपा नेता अधूरे कामों का भी लोकार्पण कर देंगें, जो कि जनता के साथ छलावा है। अगर अधूरे फोरलने का लोकार्पण कराया गया तो उपवास कर जनता के हित में प्रदर्शन करेंगे।

–अमिताभ बाजपेई, सपा विधायक

### वोटों के लिए कर रहे तमाशा



सत्ताधारी दल चुनावी खेल खेलने में कितना माहिर हैं इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है। चुनाव नजदीक आते ही अधूरी परियोजनाओं का लोकार्पण भाजपा नेताओं के इशारे पर अधिकारी कराने की तैयारी में हैं। वोटों के लिए जनता के साथ यह तमाशा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

–हसन रूमी, सपा विधायक

# शादी में गया था परिवार ताला तोड़कर माल पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



घटना के बाद बिखरा पड़ा सामान।

- चकेरी गांव का मामला पुलिस ने की जांच

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने पहले चाय बनाकर पी इसके बाद वहां से नकदी जेवरात समेत 12 लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना के खुलासे में पुलिस अभी तक सीसीटीवी फुटेज नहीं देख पाई थी, कि 48 घंटे के भीतर चोरों ने दूसरे घर को निशाना बना लिया। यहां से चोरों ने ताला तोड़कर तीन लाख का माल पार कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चकेरी गांव निवासी दिनेश शुक्ला उन्नाव में स्थित एक फर्म में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनकी मां बिंदु शुक्ला श्रम विभाग से सेवानिवृत्त हैं। दिनेश ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को मां और छोटा भाई एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए बलरामपुर गए थे। दिनेश घर में अकेले थे।

गुरुवार को वो भी शादी समारोह में चले गए थे। घर पर ताला लगा दिया था। जिसके बाद चोरों ने गेट का ताला तोड़ा और अंदर घुसे। फिर अलमारी तोड़कर 25 हजार रुपये और 2.75 लाख कीमत के जेवरात चुरा लिए। शुक्रवार सुबह जब वे शादी से लौटे तो ताले टूटे मिले और सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। दिनेश ने बताया कि उनके घर के पास सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। जिनमें दो चोर बाइक से आते दिखे हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है। आए दिन चोरी की घटनाओं को देखते हुए इलाके के लोग दहशत में हैं, उन लोगों ने पुलिस की गश्त पर सवालियां उठाए हैं।

## सार-संक्षेप

### यूपीआई आईडी के माध्यम से 6.89 लाख ठगे

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में गुरु कृपा स्पोर्टस वियर के मालिक हीरू यादव ने पुलिस को बताया कि टेलीग्राम प्रीपेड टॉस्क के फ्रॉड में ऑनलाइन ठगी के शिकार हो गए। जिसमें 6 .89 लाख रुपये गवां दिए। ठग ने वाट्सएप पर से मैसेज किया जिसमें 6000 रुपये से 9000 रुपये प्रतिदिन की कमाई के बारे में बताया। जिसमें टेलीग्राम पर टॉस्क पूरे करने थे। गूगल मैप पर रिव्यू देने थे और पैसा जमा कराकर टॉस्क पूरे करने पर 30 प्रतिशत कमीशन का वादा किया और ठगी की। धीरे-धीरे ठग ने यूपीआई आईडी के माध्यम से खाते में ट्रांसफर कर लिए। इस संबंध में चकेरी पुलिस ने बताया कि यूपीआई आईडी धारक नाम पता अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### लापता किशोर की हत्या कर शव कुएं में फेंका

**कानपुर देहात:** रूरा क्षेत्र के उलरापुर गांव से तीन दिन पहले लापता हुए किशोर का शव शुक्रवार की सुबह गांव से आधा किमी दूर एक कुएं में पड़ा मिला। उसका धारदार हथियार से गला रेता गया था। पुलिस दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है। रूरा थाना क्षेत्र के उलरापुर गांव के करन यादव का 15 वर्षीय पुत्र अनुज यादव बुधवार की शाम घर से निकला था, इसके बाद काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार की रात पिता करन यादव की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की। छानबीन के दौरान पता चला कि अनुज गांव के आशीष के साथ खेत की ओर जाते देखा गया था। यह सुराग मिलने के बाद पुलिस ने आशीष को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि गांव के ही देवराज, संजय उर्फ मझले और बनीपारा गांव के हंसराज से अनुज का दो हजार रुपये के लेन-देन का विवाद था। उन्हीं लोगों ने मिलकर अनुज की हत्या कर दी है और शव को कुएं में फेंक दिया है। हत्या की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल टीम को बुलाकर शव को कुएं से बाहर निकलवाया। हत्या की सूचना पर एएसपी राजेश पांडेय, सीओ तनु उपाध्याय फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। दमकल जवानों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। हालात देखने से पता चला कि अनुज का धारदार हथियार से गला रेता गया था। फोरेंसिक टीम के साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। एएसपी ने बताया कि दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



एनएल मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने पेस किया नृत्य। अमृत विचार

### रंगारंग प्रस्तुतियों से बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**कानपुर।** एनएल मेमोरियल पब्लिक स्कूल का शुक्रवार को वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'प्रयत्न' आयोजित हुआ। इस दौरान दबौली व गुजैनी ब्रांच में पढ़ रहे बच्चों ने संयुक्त रूप से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप जैसे विषय पर बच्चों की ओर से नाटक प्रस्तुत कर देश प्रेम का संदेश दिया गया। समारोह में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज सिंह गौर भी मौजूद रहे। समारोह में स्कूली बच्चों की ओर से संगीत और गीतों की प्रस्तुति की गई। नाटक के जरिए आजादी का अमृत महोत्सव भी दर्शाया गया। 'आई लव माई इंडिया' और 'ऐ मेरे वतन के लोगो' जैसे गीतों के जरिए माहौल में देशभक्ति का रंग भरा गया। समारोह के दौरान स्कूल के डायरेक्टर नवीन प्रकाश गुप्ता विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में स्कूल की निदेशिका मनीषा गुप्ता, दबौली ब्रांच के प्रधानाचार्य जयपाल सिंह चौहान, गुजैनी ब्रांच के प्रधानाचार्य जय प्रकाश पाण्डेय, विवेक शुक्ला, रूबी तलरेजा, सुरेंद्र तिवारी, ममता अरोड़ा, सुशील अवस्थी, गरिमा तिवारी मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन सपना सुक्रती सिंह ने किया।



बच्चों ने की दुआ।

## हलीम मुस्लिम में शोक सभा

**कानपुर।** अरौल में हुए दर्दनाक हादसे के बाद मृत छात्र के लिए हलीम मुस्लिम इंग्लिश स्कूल चमनगंज में श्रद्धांजलि सभा हुई। सभा में घायल बच्चों के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना भी की गई। स्कूल की प्रिंसिपल सबा खान ने कहाकि इस मुश्किल घड़ी में बच्चों के परिजनों को धैर्य मिले।

# संचार-सूचना क्रांति ने जड़ों से दूर कर दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बीएनडी कालेज में प्रवचन सुनते अतिथि। अमृत विचार



शान्तनु महाराज। अमृत विचार

- ब्रह्मानंद कालेज में भारतीय ज्ञान परंपरा का बखान

**अमृत विचार।** ब्रह्मानंद कालेज में शुक्रवार को संत शान्तनु महाराज ने भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न रूपों, पक्षों को छात्र-छात्राओं और शिक्षक समुदाय के सामने रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से हुआ, जिसमें शान्तनु महाराज, प्राचार्य डॉ. विवेक द्विवेदी, अनुराग शुक्ला, रितेश गुप्ता, आशीष कनौजिया व रोहित सोनकर मौजूद थे।

शान्तनु महाराज ने सबसे पहले वसंत ऋतु और उसके महत्व पर चर्चा की। सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता, वीरों का कैसा हो वसंत और भगत सिंह के प्रिय लोकगीत, मेरा रंग दे वसंती चोला की संयुक्त भाव-व्यंजना की ओर श्रोताओं को ध्यान खींचा। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में हमें अपनी ज्ञान व परंपरा को इसलिए जानना जरूरी है, क्योंकि संचारक्रांति और सूचनाक्रांति के विस्तार ने हमें अपनी जड़ों से दूर कर दिया है। हम पश्चिमी संस्कृति की ओर धकेले जा रहे हैं। ये सोचने का विषय है कि कितने बलिदानों के बाद हमने स्वंतत्रता पाई है। प्रो. विवेक द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा का पहला मकसद व्यक्तित्व विकास है। जो बगैर इतिहास, संस्कृति को जाने संभव नहीं है। इसके लिए हमें अपने पूर्वजों के त्याग और बलिदानों को ध्यान करना होगा। उन्होंने कहा कि 75 वर्षों से अधिक की स्वतंत्रता के बाद भी हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों को उचित सामाजिक महत्व और प्रतिष्ठा नहीं दिला पाए हैं। यह सोचने का विषय है। कार्यक्रम का संचालन छात्र परिषद के वरिष्ठ छात्रनेता अनुराग शुक्ला ने किया।

## चूहे ने खराब कर दी उर्सला की डिजिटल मशीन

**कानपुर।** उर्सला अस्पताल में लगी डिजिटल एक्सरे मशीन तकनीकी खराबी की वजह से बंद हो गया। मशीन नहीं चलने की जानकारी रेडियोलॉजिस्ट डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने उर्सला निदेशक डॉ. एसपी चौधरी को दी। निदेशक ने मरम्मत के लिए संबंधित कंपनी को पत्र लिखा। कंपनी से आए इंजीनियरों ने मशीन की जांच की।

इंजीनियरों को मशीन के अंदर पॉलिथीन और चाय के कप मिले। जिससे आशंका है कि चूहे की वजह से मशीन में गड़बड़ी हुई है। रेडियोलॉजिस्ट ने बताया कि चूहे या तकनीकी खराबी की वजह से मशीन गड़बड़ हुई है। इंजीनियरों को बुलाया गया है। यह मशीन 2019 में मिली थी।

# मिश्रित डबल्स में अजब प्रियांशु जीते

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विजेताओं को पुरस्कार देते ब्रिगेडियर टी रजनीश। अमृत विचार

- 16वीं डीजीक्यूए इंटर जोनल बैडमिंटन टूर्नामेंट

**अमृत विचार।** 16वीं डीजीक्यूए इंटर जोनल बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुक्रवार को कैंट स्थित आर्डिनेंस क्लब में फाइनल मैच हुआ। चार दिवसीय टूर्नामेंट के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डीजीक्युए स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के नार्थ जोन के चेयरमैन ब्रिगेडियर टी रजनीश रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए शुभकामनाएं दीं।

16वीं डीजीक्यूए इंटर जोनल बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023-24 के अंतिम दिन शुक्रवार को आर्डिनेंस क्लब में खेले गए मिश्रित डबल्स में विजेता नार्थ जोन रहा। नार्थ जोन के अजब सिंह, प्रियांशु मिश्रा ने उपविजेता सेंट्रल जोन के पार्थो घोष, प्रिया केवट को (2-0) से हराया। इससे पूर्व हुए मैचों में पुरुष टीम चैंपियनशिप में वेस्ट जोन विजेता व नार्थ जोन उपविजेता रहा। महिला टीम चैंपियनशिप में नार्थ जोन विजेता व उपविजेता साउथ जोन रहा, पुरुष सिंगल में नार्थ जोन के अजब सिंह विजेता, उपविजेता वेस्ट जोन के प्रकाश कुमार रहे। पुरुष डबल में वेस्ट जोन के प्रकाश कुमार व ओवी विजेता रहे। महिला वर्ग सिंगल में नार्थ जोन की प्रियांशु विजेता व प्रिया केवट उपविजेता रहीं। महिला डबल्स में किरन बाला व प्रिया केवट विजेता रहीं। प्रियांशु व श्रुति उपविजेता रहे। शुक्रवार को ब्रिगेडियर टी रजनीश ने सभी को पुरस्कृत किया।

## वीआईपी रोड पर रूट डायवर्जन

**कानपुर।** बिठूर महोत्सव पर शनिवार सुबह हॉफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता सुबह पांच बजे सरसैया घाट चौराहे से शुरू होकर नानाराव पार्क में संपन्न होगी। जिसके मद्देनजर शनिवार सुबह पांच से 10 बजे तक वीआईपी रोड पर रूट डायवर्जन रहेगा।

- मेघदूत से कंपनी बाग जाने वाले वाहन वीआईपी रोड न जाकर मेघदूत से बड़ा चौराहा, परेड एमजी कॉलेज चौराहा, सिल्वर्टन, ग्वालटोली, छः बंगलिया, राजीव पेट्रोल पंप, गोपाल तिराहा होते हुए कंपनी बाग की ओर जाएंगे।
- कंपनी बाग से मेघदूत जाने वाले वाहन वीआईपी रोड न जाकर कंपनीबाग से गोपाला तिराहा, राजीव पेट्रोल पंप, छः बंगलिया, ग्वालटोली, सिल्वर्टन, एमजी कॉलेज होकर जाएंगे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सामूहिक परिचर्चा

**कानपुर।** एसएनसेन बालिका विद्यालय पीजी कॉलेज के हिंदी, अंग्रेजी व संस्कृत विभाग की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर सामूहिक परिचर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधतंत्र समिति के अध्यक्ष प्रोवीर कुमार, सेन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुमन, ममता अग्रवाल, प्रो. रेखा चौबे व प्रो. अलका टंडन ने किया। प्राचार्या प्रो. सुमन ने हिंदी, अंग्रेजी व संस्कृत के अलावा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के विकास पर जोर दिया। छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संवर्धन के लिए प्रोत्साहित किया। चीफ प्रॉक्टर ममता अग्रवाल, प्रो. चित्रा सिंह तोमर, प्रो. मोनिका सहाय, प्रो. मीनाक्षी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व व दुष्परिणाम को बताया। हिंदी विभाग की प्रभारी डॉ. शुभा बाजपेई ने कार्यक्रम का संचालन किया। अंग्रेजी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. कोमल सरोज, हिंदी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. रेशमा व संस्कृत विभाग की प्रवक्ता डॉ. आराधना द्विवेदी ने सहभागिता की।



सेन बालिका कॉलेज में मौजूद शिक्षिकाएं और छात्राएं। अमृत विचार



बच्चों ने बनाए कई मॉडल। अमृत विचार

### स्काई टेक्नो फेयर में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**कानपुर।** छात्रों के रचनात्मक व प्रायोगिक कौशल को प्रदर्शित करने के लिए शुक्रवार को एसजीएम इंटरनेशनल स्कूल में पीजी से नौवीं तक के छात्र/छात्राओं ने विज्ञान व गणित प्रदर्शनी स्काई टेक्नो फेयर का आयोजन किया। प्रदर्शनी में मौजूद अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा को खूब सराहा। स्काई टेक्नो फेयर का शुभारंभ जवाहर लाल नेहरू स्टेट होम्योपैथिक मेडिकल कालेज के डॉ. आरके सिंह ने मां शारदा की प्रतिमा पर दीप जलाकर किया। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने टाइप्स ऑफ हाउस, मींस ऑफ ट्रांसपोर्ट, जंगल सफारी, स्नेक एंड लैंडर, टाइप ऑफ टीथ का प्रदर्शन किया गया। बच्चों ने 70 से 80 मॉडलों का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधक अजीत अग्रवाल ने छात्रों के मॉडलों की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य संदीप कुमार पाठक उप प्रधानाचार्या उमा निगम, अंकिता धीर, नीतू सिंह, पूर्णिमा सिंह, दीप्ति बाजपेई व अभिभावक मौजूद रहे।

**विकास की रफ्तार** नगर निगम ने 174 सिविल कामों के लिये 23 को मांगे टेंडर, 60 करोड़ से होंगे कार्य

# 80 करोड़ से मार्च में शहर में शुरू होंगे विकास कार्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- 10 करोड़ रुपये से उद्योग बंधु और 10 करोड़ से उद्यान विभाग से जुड़े कार्य होंगे

**अमृत विचार।** शहर में खुदी सड़कों और फुटपाथ से जल्द मुक्ति मिलेगी। नगर निगम ने 60 करोड़ रुपये से 174 कामों के लिये 23 को टेंडर मांगे हैं। वहीं, 10 करोड़ रुपये से औद्योगिक क्षेत्रों का विकास और 10 करोड़ रुपये से उद्यान विभाग से जुड़े कार्य भी होंगे। इन दोनों कार्यों के लिये नगर निगम में 29 फरवरी को टेंडर होंगे। लोकसभा चुनाव आचार संहिता के लगने से पहले ही नगर निगम वर्क आर्डर जारी कर काम शुरू कराने की तैयारी कर रहा है। नगर निगम मुख्य अभियंता के अनुसार मार्च के पहले सप्ताह में काम शुरू हो जाएंगे।

नगर निगम ने हाल में ही 111 करोड़ रुपये के कार्यों के लिये बजट पर मुहर लगाई है। इसके तहत 15वें वित्त से जहां सड़कें, इंटरलॉकिंग, ग्रीन बेल्ट आदि का निर्माण होना है तो वहीं, अवस्थापना के बजट से सिद्धनाथ, जांगेश्वर मंदिर के कायाकल्प के साथ ही गरीबों के लिये बारातशाला व खेलकूद को बढ़ाया देने को सर्वोदय नगर स्थित नगर निगम स्कूल को विकसित किया जायेगा। वहीं, नगर निगम निधि से अलग पार्षद कोटे के काम होंगे। शुक्रवार को नगर निगम ने 15वें वित्त आयोग से प्रथम चरण में 60 करोड़ रुपये से कार्य कराने के लिये टेंडर नोटिस जारी कर दी है। इसके तहत एयर पॉल्यूशन कंट्रोल, सड़क निर्माण, इंटरलॉकिंग का निर्माण कराया जाएगा। वहीं, 10 करोड़ रुपये से उद्यान विभाग के 5 कार्य अलग से होंगे।

> टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद समयबद्ध वर्क आर्डर जारी किये जाएंगे। जिससे समय से काम शुरू हो जाएं।
>
> –शिवशरणप्पा जीएन, नगर आयुक्त

### 10 करोड़ से औद्योगिक क्षेत्रों का विकास

नगर निगम 10 करोड़ रुपये से औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्य करेगा। जिसमें सड़क, नाली समेत अन्य विकास कार्य होंगे। जिससे उद्यमियों को राहत होगी।

> 174 कार्यों के लिये टेंडर नोटिस जारी की है। 23 को टेंडर मांगे गये हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद जल्द वर्क आर्डर जारी कर विकास कार्य कराये जाएंगे।
>
> – मनीष अवस्थी, मुख्य अभियंता

### ये कार्य कराए जाएंगे

- **जोन-2** वार्ड 63 में एचएमपी द्वारा सड़क सुधार
- **जोन-2** में एयरफोर्स घाऊखेड़ा से बीबीपुर होते हुये दुसरका तक सड़क कार्य
- **जोन-3** में हमीरपुर मार्ग से सागरपुरी होते हुये मायावती कॉलोनी तक सड़क सुधार कार्य
- **जोन-3** में केडीए कॉलोनी में चित्रा डिग्री कॉलेज के पीछे सागरपुरी मेन रोड तक इंटरलॉकिंग कार्य
- **जोन 4** में एमएफ कॉलोनी में सड़क, साइड पटरी व नाली का सुधार
- **जोन-5** में गुजैनी टैम्पो स्टैंड से दबौली टैम्पो स्टैंड तक सड़क सुधार
- **जोन-6** में अंबेडकर नगर द्विवेदी चौराहे से एलन किड्स तक चौड़ीकरण व इंटरलॉकिंग कार्य

(**नोट**-इसी तरह कुल 174 कार्य होंगे।)

# वित्त मंत्री को मेल से भेजा ज्ञापन

कार्यलय संवाददाता, कानपुर



मांगपत्र दिखाते व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जीएस टावर, कोपरगंज में हुई बैठक हुई। इसमें आयकर की धारा 43बी के तहत एमएसएमई की सूक्ष्म व लघु उद्योग को 15 दिन में या अनुबंध के तहत 45 दिनों में पेमेंट देने की बाध्यता को लागू करने को लेकर व्यापारियों ने विरोध जताया। व्यापारियों ने ऑनलाइन ज्ञापन केंद्रीय वित्त मंत्री ई मेल के जरिए भेजा। इसके साथ ही अकबरपुर और कानपुर के सांसद को भी ज्ञापन भेज कर सदन में भी मुद्दा उठाने की मांग की है । कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की डायरेक्ट टैक्स स्टडी सर्किल कमेटी के चेयरमैन व सीनियर चार्टेड एकाउंटेंट दीप कुमार मिश्र ने बताया कि एमएसएमई की सूक्ष्म व लघु इकाइयों को उनके खरीदार द्वारा 31 मार्च 2024 के बाद बकाया धनराशि हो जाने पर व उसकी बकाया धनराशि पर बैंक ब्याज का तीन गुना पेनाल्टी भी देनी होगी। महानगर अध्यक्ष गुरुजिंदर सिंह ने कहा कि खरीदार व्यापारियों ने इन सूक्ष्म व लघु इकाइयों से खरीदारी बंद कर रहे हैं। इसलिए इस धारा व नियम को अगले वर्ष तक स्थगित करते हुए अगले वर्ष के लिये एमएसएमई व जीएसटी में आने वाले सभी व्यापारियों व उद्यामियों को शामिल करके सबसे राय लेकर नई समयावधि के साथ इस नियम को लाया जाए। महानगर वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने व कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता गोरे, महामंत्री राजकुमार भगतानी,चंद्राकर दीक्षित,अतुल त्रिपाठी,रमाकांत शर्मा,राजेश आहूजा,अलोक श्रीवास्तव, अब्दुल वहीद, सचिन त्रिवेदी,मनोज विश्वकर्मा,अनुराग जायसवाल, पवन गुप्ता,के सी मुलानी,बी पी रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



काला बच्चा की पुण्यतिथि पर दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल बांटते क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद अशोक रावत। अमृत विचार



श्रद्धांजलि सभा में आसपास के गांवों से भारी भीड़ जुटी। इनसेट (काला बच्चा सोनकर) अमृत विचार

# भुलाया नहीं जा सकेगा काला बच्चा का बलिदान

## पुण्य तिथि पर बैरी इंटर कॉलेज ग्राउंड पर उमड़ी भारी भीड़, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद अशोक रावत पहुंचे

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** कस्बे के राम सहाय बैरी इंटर कॉलेज ग्राउंड पर शुक्रवार को भाजपा के बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर के पिता स्व. काला बच्चा सोनकर की 30वीं पुण्यतिथि भाजपाइयों का जमघट लगा। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने श्रद्धांजलि अर्पित की और कहाकि दिवंगत काला बच्चा का बलिदान भुलाया नहीं जा सकता। विधायक राहुल बच्चा सोनकर के पिता स्व.काला बच्चा सोनकर की पुण्यतिथि पर हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सांसद अशोक रावत और विधायक राहुल सोनकर बच्चा के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। पूर्व मंत्री बालचंद मिश्रा ने कहा कि स्व. काला बच्चा उनके ही शिष्य थे। अपने क्षेत्रीय अध्यक्ष के कार्यकाल में उन्होंने ही काला बच्चा को पार्टी में शामिल कराया था। इसके बाद उन्हें बिल्हौर विधानसभा से टिकट दिया गया, लेकिन कुछ वोटो के अंतर से चुनाव हार गए थे। उन्होंने कहा कि काला बच्चा लगातार आंदोलन करते रहे। विरोधियों ने बम से हमला कर उनकी हत्या कर दी थी, जिसे लेकर लोगों ने सड़क पर संघर्ष किया था। आज भी उनको नहीं भूल पा रहे हैं।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि हरिश्चंद्र सोनकर व रामवती सोनकर के पुत्र स्व. काला बच्चा की पारिवारिक स्थिति ठीक नहीं थी। सर्व प्रथम 1988 में सामान्य सीट से सभासद बने थे। इसके बाद उन्होंने 1991 में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। 6 दिसंबर 1992 को बाबरी ढांचा ध्वस्तीकरण के बाद बाबूपुरवा में दूसरे समुदाय के लोगों ने हमला कर दिया था, जिसमें काला बच्चा अपने सहयोगियों के साथ में वहां के लोगों की सुरक्षा करने में लगे थे। इसके बाद राष्ट्रपति शासन के दौरान उन पर 88 मुकदमे लगाए गए थे। एक वर्ष बाद चुनाव में बिल्हौर विधानसभा से उन्हें चुनाव हरा दिया गया था। उसी समय काला बच्चा को मारने के लिए मुंबई में साजिश रची गई और 9 फरवरी 1994 को उस समय बमों से हमला किया गया, जब वह अपने एक रिश्तेदार के साथ स्कूटर से जा रहे थे। ग्रामीण क्षेत्र के प्रभारी राधेश्याम पांडेय, जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, दिनेश अवस्थी, कौशल किशोर अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, एमएलसी अरुण पाठक, सुशील कटियार, कैलाश कटियार आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भारतीय जनता पार्टी का साहसी सिपाही बताया। इस मौके पर काला बच्चा की पत्नी देशरानी सोनकर, संचालक अखिलेश अवस्थी, ललित बच्चा सोनकर, मोहित शुक्ला, जेपी कटियार, शुभांशु कटियार, पंकज सिंह चंदेल, प्रदीप सिंह, बिरजू मिश्रा, ध्यानु सिंह, विपिन चौरसिया, सोनू ठाकुर, विनोद सिंह चंदेल, विवेक कटियार, अनुराग कटियार, मंडल अध्यक्ष अनुराग शुक्ला, रिंटू मास्टर आदि मौजूद रहे।



समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। अमृत विचार

### 200 ट्राइसाइकिल और 5000 कंबल बांटे गए

पिता की पुण्यतिथि के मौके पर विधायक राहुल बच्चा सोनकर की ओर से 200 महिला एवं पुरुष दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल और 5000 निराश्रितों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों पर झांकियां और जय श्री राम के जयघोष के साथ बजरंग बली की झांकियां प्रस्तुत की गईं।

### भूपेंद्र चौधरी और धर्मपाल सिंह का कार्यक्रम रद

श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह को भाग लेना था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से ऐन वक्त पर उनका कार्यक्रम रद हो गया। उनके नहीं आने से कार्यकर्ताओं में मायूसी दिखी। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल मुख्य अतिथि रहे।

# व्यापारियों ने ऑपरेशन त्रिनेत्र में मिलाया कंधा

संवाददाता, घाटमपुर

- प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने को किया जागरूक
- व्यापारी नेताओं ने भ्रमण कर दुकानदारों से मुलाकात की

**अमृत विचार:** व्यापारियों ने ऑपरेशन त्रिनेत्र को को दिया बल दिया गया। व्यापारियों ने कहा कि अब अपराध पर अंकुश लगेगा। व्यापारियों ने सीसीटीवी कैमरा के प्रति जागरूक किया।

पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने आपरेशन त्रिनेत्र के लोगो को लांच किया है।जिसके बाद शहरवासी व ग्रामीण वासी भी त्रिनेत्र ऑपरेशन अभियान को सफल बनाने हेतु सभी लोगों को सीसी कैमरा के लगवाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल घाटमपुर के अध्यक्ष अमर नाथ गुप्ता की अगुवाई में थाना घाटमपुर में त्रिनेत्र ऑपरेशन अभियान को बल देते हुए व्यापारियों व आम लोगों को सीसी कैमरा के प्रति जागरूक किया गया। महामंत्री प्रदीप मिश्रा ने कहा कि सीसी कैमरा लगवाना कोई महंगा काम नहीं है। बाजार में सस्ते कैमरे मौजूद हैं। इससे गृहस्वामी को घर व परिवार दोनों की सुरक्षा का लाभ मिलेगा और अपराध पर भी अंकुश लगेगा।

उन्होंने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया कि आप सभी अपने प्रतिष्ठानों व घरों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाए और अपने आसपास के लोगों को कैमरे के प्रति जागरूक भी करें। व्यापारियों ने एक सुर में कहा सीसी कैमरा है जरूरी, न समझे मजबूरी है। हर घर कैमरा अभियान की शुरुआत की है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि चौराहों व तिराहों पर स्थित घरों में आवश्यक रूप से सीसी कैमरे लगाए जाएं। यही नहीं उद्योगपतियों, व्यापारियों, डाक्टरों व अन्य गणमान्य लोगों से अपील की कि वह चौराहों को गोद लें और प्रमुख चौराहों पर हाईक्वालिटी अत्याधुनिक कैमरे अपने खर्चों पर लगवाएं ताकि अपराधियों पर अंकुश लगेगा।व्यापारियों में अध्यक्ष अमर नाथ गुप्ता, प्रदीप मिश्रा, विपिन ओमर, पंकज ओमर आदि लोग मौजूद रहे।पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने आपरेशन त्रिनेत्र के लोगो को लांच किया। जिसके बाद शहरवासी व ग्रामीण वासी भी त्रिनेत्र ऑपरेशन अभियान को सफल बनाने हेतु सभी लोगों को सीसी कैमरा के लगवाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल घाटमपुर के अध्यक्ष अमर नाथ गुप्ता की अगुवाई में त्रिनेत्र ऑपरेशन अभियान को बल देते हुए व्यापारियों व आम लोगों को सीसी कैमरा के प्रति जागरूक किया गया। महामंत्री प्रदीप मिश्रा ने कहा कि सीसी कैमरा लगवाना कोई महंगा काम नहीं है। बाजार में सस्ते कैमरे मौजूद हैं। इससे गृहस्वामी को घर व परिवार दोनों की सुरक्षा का लाभ मिलेगा। और अपराध पर भी अंकुश लगेगा।

# भांजी की शादी में गया परिवार रोशनदान तोड़ घर से जेवर पार

संवाददाता, भीतरगांव

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र के कुंदौली गांव में भांजी की शादी मे गए परिवार का घर सूना पाकर अज्ञात चोर घर के पीछे बने रोशन दान की सरिया काट कर चोरी की घटना को अंजाम दे गए। दोपहर में परिवार के आने के बाद चोरी की घटना की जानकारी हो सकी।

कुंदौली निवासी जगभान सिंह परिवार सहित भांजी की शादी में शरीक होने गए थे। जब शुक्रवार की दोपहर वापस लौटे तो घर में घुसने पर उनके होश उड़ गए। चोर मकान के पिछले हिस्से में लगे रोशनदान की सरिया काटकर घर में घुसे और छह हजार रुपये नकद, एक चेन और एक मंगलसूत्र ले गए।

जगभान सिंह ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करने के बाद तहरीर देने की बात कही। साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल चोरों का सुराग नहीं लगा है।

### मंधना के सूने घर से नकदी और जेवर चोरी

**बिठूर।** मंधना क्षेत्र के कछियाना गांव की नई बस्ती में सूने घर पर चोरों ने धावा बोलकर नकदी और जेवर पार कर दिए। गृहस्वामी दीप चंद्र रावत अपने परिवार के साथ 31 तारीख को नौबस्ता कानपुर गए थे। शनिवार की सुबह पड़ोसियों से उन्हें सूचना मिली कि उनके घर की खिड़की टूटी है। सूचना मिलते ही दीप चंद्र घर पहुंचे। अंदर अलमारी का ताला टूटा पड़ा था और बक्से का सामान बिखरा था। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल की। पीड़ित दीपचंद्र ने बताया कि 40 हजार की नकदी और एक लाख रुपये के जेवर चोरी हुए हैं। पीड़ित ने मंधना पुलिस चौकी में तहरीर दी है। चौकी प्रभारी का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे जा रहे हैं, जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# भाजपा किसान मोर्चा शुरू करेगा ग्राम परिक्रमा यात्रा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** भाजपा किसान मोर्चा कानपुर ग्रामीण की ओर से ग्राम परिक्रमा यात्रा शुरू की जाएगी। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष संदीप बाजपेई ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 12 फरवरी को मुजफ्फर नगर के मां शाह कुमारी देवी मंदिर परिसर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ करेंगे।

उन्होंने बताया कि कानपुर ग्रामीण में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से प्रतिदिन पांच गांवों में यात्रा का आयोजन किया जाएगा। गांवों में किसान, मजदूर, कृषि वैज्ञानिक, सरपंच, पूर्व सैनिक व स्थानीय लोगों से मिलकर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन योजना ग्राम सड़क योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना के बारे में चर्चा की जाएगी।

प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से किसान मोर्चा के जिला महामंत्री कृष्णा मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष संजय चौहान, कुणाल शुक्ला, जिला मंत्री राम रूप सिंह, मीडिया प्रभारी अतुल बाजपेई, जिला कार्य समिति सदस्य अखिलेश शुक्ला, राजेश तिवारी, मीडिया प्रभारी उमेश द्विवेदी, नगर अध्यक्ष विकास सैनी, रेउना मंडल अध्यक्ष हरि नाथ सिंह, मंडल अध्यक्ष पतारा धर्मेंद्र सिंह, नगर महामंत्री मानस गोस्वामी आदि लोग उपस्थित रहे।

### सपा में शामिल हुए आधा दर्जन भाजपाई

**घाटमपुर।** बरीपाल कस्बे में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए पंचायत आयोजित की गई, जिसमें सपा प्रत्याशी राजाराम पाल ने संविधान बचाने और किसानों, नौजवानों के साथ अत्याचार के खिलाफ हुंकार भरी और लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का सफाया करने का संकल्प दिलाया। इस मौके भारतीय जनता पार्टी के आधा दर्जन समर्थकों ने समाजवादी पार्टी में आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिनका स्वागत किया गया। इस मौके पर गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल, सपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला, पूर्व विधायक सोमवती संखवार, विधानसभा इकाई के अध्यक्ष राजू वर्मा, शिवसिंह पाल, महासचिव अमर सिंह यादव, प्रवीण पंकज, जिला सचिव विजय पटेल, फौजी भारत भूषण संखवार, मीना संखवार, विरजन सचान, जगरूप प्रधान, राजकुमार पाल, मंजूलता सचान, मुखिया उमराव, गुलाब यादव, कालीदीन चंदेल, नरेंद्र सिंह राजावत, बाबू निषाद, संतोष कोरी, सुधीर प्रजापति बीजेपी छोड़ सपा में शामिल हुए।



पीडीए पंचायत में भाग लेते सपा प्रत्याशी राजाराम पाल। अमृत विचार

# भीतरगांव से धरमपुर बंबा मार्ग की बदलेगी तस्वीर

संवाददाता, घाटमपुर

- मंत्री राकेश सचान के प्रस्ताव पर मिली स्वीकृति
- लोक निर्माण विभाग जल्द ही शुरू कराएगा काम

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के चंदनपुर भीतरगांव से होते हुए धरमपुर बंबा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य जल्द ही चालू होगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग से अनुमति मिल गई है और धन भी स्वीकृत हो गया है। यह जानकारी प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने दी।

मंत्री राकेश सचान ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता संजय कुमार श्रीवास्तव एवं लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को प्रस्ताव सौंपा था, जिसको हरी झंडी मिल गई है। जल्द ही चंदनपुर भीतरगांव से धरमपुर बंबा मार्ग की तस्वीर बदलेगी। मंत्री राकेश सचान ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य सड़क निधि के अंतर्गत चंदनपुर भीतरगांव से धरमपुर बंबा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य के आगणन के संबंध में कानपुर क्षेत्र के प्रमुख अभियंता को पत्र सौंप दिया गया है। इसके लिए धन भी स्वीकृत हो गया है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा।

### भक्ति की बयार...



चौबेपुर क्षेत्र के इटरा गांव में शुक्रवार से शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन आचार्य शिवाकांत महाराज ने बताया कि मनुष्य में ज्ञान और भक्ति दोनों का ही समावेश होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिना ज्ञान के भक्ति अंधी होती है, जबकि बिना भक्ति के ज्ञान लंगड़ा होता है। इसलिए दोनों का ज्ञान होना आवश्यक है। आचार्य ने बताया कि कभी माता-पिता का दिल नहीं दुखाना चाहिए, क्योंकि माता-पिता की सेवा ही भगवान की असली सेवा है। कहा कि हिंदुओं को शास्त्र का ज्ञान होना बेहद जरूरी है। जाति और धर्म से विलग सबका एक ही धर्म सनातन धर्म होना चाहिए। आयोजक सुरेश सिंह ने बताया की कथा के पहले दिन आसपास गांवों से बड़ी संख्या में लोग कथा सुनने पहुंचे। ● अमृत विचार

# आग से गृहस्थी जलकर राख

**चौबेपुर।** क्षेत्र के चिंतापुरवा गांव में गुरुवार रात सिलेंडर से लगी आग से गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर जब तक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया।

चिंतापुरवा गांव निवासी बाबूराम निषाद के बेटे दीपक की छह फरवरी को शादी हुई थी। बताया गया है कि गुरुवार को घर में पारिवारिक कार्यक्रम था, तभी खाना बनाने के दौरान सिलेंडर में अचानक आग लग गई। मौके पर मौजूद लोग जब तक आग बुझाने का प्रयास करते, आग ने छप्पर को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने जब तक आग बुझाने का प्रयास किया, आग से गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।

## सार-संक्षेप



शुक्रवार को घाटमपुर ब्लाक में नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ। अमृत विचार

### स्वच्छ भारत मिशन का बजा ढोल, वाहन रवाना

**घाटमपुर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी चंद्रमणि और एडीओ (पंचायत) की मौजूदगी में ब्लॉक परिसर में नुक्कड़ नाटक हुआ। ट्रेनर लक्ष्मण मिश्रा ने अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला, पेयजल स्वच्छता समिति, आईईसी की बैठक में सामग्री वितरण की रूपरेखा समझाई। नुक्कड़ नाटक में स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। खंड विकास अधिकारी चंद्रमणि वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां बदरुद्दीन खान, सारिक अशरफ, आशुतोष त्रिपाठी, शशि, निहारिका सचान आदि रहे।

### 24 फरवरी को मनाई जाएगी संत रविदास जयंती

**घाटमपुर।** संत रविदास जयंती देव स्थान समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती 24 फरवरी को मनाई जाएगी। माघी पूर्णिमा के दिन कस्बे के रविदास मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सदस्य राजनारायण कुरील, रामसागर पाल, छोटेलाल, रघुवीर कुरील, अशोक कुरील, बबलू प्रसाद, गंगाप्रसाद, किशन लाल, जयकरण, दीपक आदि रहे। कार्यक्रम की अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

### कार्यशाला में राजगीरों का किया गया सम्मान

**घाटमपुर।** बरीमहतैन में एसीसी सीमेंट के एरिया सेल्स ऑफीसर दीपक मिश्रा ने कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें राजगीरों का सम्मान किया गया। इस दौरान टेक्निकल इंजीनियर निर्मल तिवारी, एरिया सेल्स ऑफीसर वरुण तिवारी, रोहितास श्रीवास्तव, टेक्निकल इंजीनियर ज्ञानेंद्र शुक्ला ने सरिया और सीमेंट की खूबियां बताईं। यहां ग्राम प्रधान राजेश काका, बबलू सेंगर, विशेष दीक्षित, अक्षय पाल, आशुतोष सिंह, मोहित चतुर्वेदी, विकास, प्रेमनारायन आदि लोग रहे।

### आईटीआई के छात्र ले सकेंगे बीएसएनएल से ट्रेंनिग

**बिल्हौर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थआन बिल्हौर और बीएसएनएल कानपुर मंडल के अधइकारियों ने छात्रों को प्रशिक्षण देने के लिए एमयू पर हस्ताक्षर किए हैं। डीजीटी की अनुमति मिलने के बाद अगले सत्र से आईटीआई के नियमित प्रशिक्षार्थी बीएसएनए में छह माह की निशुल्क ट्रेनिंग प्राप्त करेंगे। प्रधानाचार्य मयंक मिश्र ने बताया कि प्रशिक्षार्थी अपने निवास के पास के टेलीफोन एक्सचेंज में संचार, इलेक्ट्रीशियन एवं अन्य संबंधित विधाओं में नि :शुल्क ट्रेनिंग प्राप्त करेंगे। इस मौके पर प्रभांश यादव, महाप्रबंधक, कानपुर ने बताया कि बीएसएनएल फाइबर टू होम, एयर फाइबर जैसी समसामयिक टेक्नोलॉजी पर काम कर रहा है और 4G/5G टावर लगाने जा रहा है। आईटीआई प्रशिक्षार्थियों के रूप में बीएसएनएल को मैनपावर की दिक्कत से निपटने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर रविन्द्र मिश्र, प्रखर शुक्ल, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

तैयारियां पूरी | जिलाधिकारी आरके सिंह ने तैयारियों का लिया जायजा, महोत्सव में विंटेज कार रैली होगी मुख्य आकर्षण का केंद्र

# मैराथन दौड़ के साथ आज होगा बिठूर महोत्सव का आगाज

संवाददाता, बिठूर


**अमृत विचार:** बिठूर महोत्सव तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। तीन दिन तक चलने वाले इस महोत्सव की शुरुआत शनिवार को होगी। जिलाधिकारी आरके सिंह ने शुक्रवार को महोत्सव स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए। बिठूर महोत्सव में विंटेज कार रैली आकर्षण का मुख्य केंद्र होगी।

शनिवार से बिठूर महोत्सव के आगाज को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिलाधिकारी आरके सिंह ने खुद महोत्सव स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी इंतजाम पूरे करने के निर्देश दिए। देर तक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाता रहा। शनिवार से शुरू होने वाला बिठूर महोत्सव तीन दिन तक चलेगा, जिसमें गीत-संगीत की सुरलहरी गूंजेगी। महोत्सव पांडाल में रंग जमाने के लिए सूफी गायक कैलाश खेर, मैथिली ठाकुर और इंडियन आइडल के फेम सिंगर हेमंत ब्रजवासी आएंगे, जो अपनी सुरीली आवाज से रिझाएंगे।

महोत्सव में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। रविवार को विंटेज कार रैली निकाली जाएगी, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र होगी। शनिवार यानी 10 फरवरी की सुबह सरसैया घाट से मैराथन दौड़ शुरू होगी। इसी के साथ बिठूर महोत्सव की शुरुवात होगी। बच्चों को लुभाने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है, जिसमें तमाम तरह के आयोजन किए जाएंगे। हैंडीक्राफ्ट को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।



बिठूर महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेते डीएम आरके सिंह। अमृत विचार




नवेली पॉवर प्लांट के सीईओ ने तीन लाख का चेक सौंपा। अमृत विचार

### महोत्सव के लिए डीएम को तीन लाख का चेक

**घाटमपुर।** नवेली पॉवर प्लांट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष सीएस ने जिलाधिकारी आरके सिंह से मुलाकात की और एनयूपीपीएल की ओर से बिठूर महोत्सव के लिए तीन लाख रुपये का चेक सौंपा। इस मौके पर एनयूपीपीएल के मानव संसाधन प्रमुख वेंकट स्वामी और अपर मुख्य प्रबंधक बीनू केपी उपस्थित रहे।

# अलर्ट मोड पर पुलिस, अफसरों ने किया फ्लैग मार्च

## माहौल को बिगड़ने से बचाने के लिए बरती चौकसी, जामा मस्जिद तक गए एसपी, सोशल मीडिया पर रही पुलिस की नजर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** ज्ञानवापी में आए फैसले और हल्द्वानी में हुई घटना के बाद शुक्रवार को जिले के सभी थानों के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस ने विशेष चौकसी बरती। एसपी खुद शहर की जामा मस्जिद सहित अन्य मिलीजुली आबादी वाले क्षेत्रों में फोर्स के साथ सड़क पर उतरे। इसके अलावा पुरवा, आसीवन व बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्रों सहित अन्य जगह भी एएसपी व एसडीएम फोर्स के साथ गश्त पर निकले।

बीते दिनों ज्ञानवापी और गुरुवार अतिक्रमण हटाने और उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुए बवाल के बाद जिले की पुलिस अलर्ट मोड पर रही। शुक्रवार को जुमे की नमाज होने के चलते अराजक तत्व किसी प्रकार से माहौल खराब न कर सके इसलिए सुबह से ही सभी अफसर सक्रिय रहे। जामा मस्जिद सहित मिश्रित आबादी वाले इलाकों में भारी फोर्स तैनाती की गई। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना बड़े चौराहा से फोर्स के साथ पैदल गश्त करते हुए जामा मस्जिद सहित अन्य इलाकों में गए। वहीं सीओ विजय आनंद व एसएचओ कोतवाली सहित फोर्स पूरे दिन चौकसी बनाए रहा। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर बनी रही।


पैदल मार्च करते एसपी, एएसपी व एसडीएम। अमृत विचार

**पुरवा संवाददाता** के अनुसार, एसडीएम रनवीर सिंह व सीओ सोनम सिंह ने फोर्स के साथ पुरवा नगर के मोहल्लों में फ्लैग मार्च किया। कोतवाली से फोर्स के साथ निकले अफसर बस स्टेशन, वजीरगंज, राजा बाजार, दलीगढ़ी, जोतपुर, मसवानी, मियाटोला, दुर्गापुर, शीतलगंज, मिर्रीचौराहा सहित अन्य मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे। एसडीएम ने लोगों से अमन चैन के साथ रहने की अपील की। सीओ ने लोगों से कहा कि अराजतत्व अगर किसी को उकसाने का प्रयास करे तो पुलिस को सूचना दें। वहीं, इसके अलावा जिले के सभी थानाक्षेत्रों में भी प्रभारी अलर्ट रहे। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में एएसपी प्रेमचंद्र की अगुवाई में पुलिस ने रूट मार्च किया।

### जिले में लगाई गई धारा 144

डीएम अपूर्वा दुबे के निर्देश पर जिले में शुक्रवार को धारा-144 लागू की गई। यूपी बोर्ड सहित अन्य बोर्डों की परीक्षाओं व त्योहारों को देखते हुए डीएम ने इसके निर्देश दिए। साथ ही इसके कड़ाई से पालन को भी कहा। इस दौरान धरना प्रदर्शन सहित बिना अनुमति के लाउडस्पीकर बजाने पर रोक रहेगी। प्रतिबंध आठ मार्च तक लागू रहेंगे।


जामा मस्जिद के बाहर मौजूद पुलिस फोर्स। अमृत विचार

### जुमे की नमाज को लेकर पुलिस ने बरती चौकसी

**शुक्लागंज-उन्नाव।** उत्तराखंड के हलद्वानी और ज्ञानवापी पर आये कोर्ट के आदेश को लेकर शुक्रवार को प्रदेश में अलर्ट रहा। उसी को देखते हुये डीएम और एसपी के निर्देश पर गंगाघाट क्षेत्र के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की मिश्रित आबादी में पुलिस कर्मियों की ने गश्त की। इसके साथ ही जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों के बाहर भी फोर्स मुस्तैद रहा। हलद्वानी में हुई आगजनी और हिंसा को लेकर उन्नाव डीएम अपूर्वा दुबे और एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात करने के निर्देश दिये थे। जिसे देखते हुये गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने सुबह से ही राजधानी मार्ग स्थित जामा मस्जिद के बाहर फोर्स तैनात किया। वहीं मनोहर नगर, अली नगर, रहमत नगर, अहमद नगर, कर्बला, हुसैन नगर, गोताखोर, नबी नगर, करीमुल्ला कॉलोनी, मदनी नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मी मौजूद रहे। अचानक भारी पुलिस फोर्स आने से लोगों में हड़कंप मच गया। जब क्षेत्रीय लोगों को पता चला कि हलद्वानी और ज्ञानवापी को लेकर पुलिस तैनात है। जिस पर लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं जुमे की नमाज को दृष्टिगत रखते हुए एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने क्षेत्र की मॉनीटरिंग की। वहीं इंस्पेक्टर ने पुलिस कर्मियों के साथ मिश्रित आबादी में गश्त की। इसके साथ ही मस्जिदों के बाहर मौजूद पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश दिये। जुमे की नमाज समाप्त होने के बाद पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली।

# रामलला के दर्शन को दो हजार रामभक्त हुए रवाना

संवाददाता, बांगरमऊ

**अमृत विचार।** नगर व क्षेत्र से करीब दो हज़ार रामभक्त भगवान श्रीराम के दर्शन करने शुक्रवार सुबह अयोध्या रवाना हुए। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर 20 बसों व 200 छोटे वाहनों के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद, संघ, भारतीय जनता पार्टी व अन्य हिंदू संगठनों के रामभक्तों में जोरदार उत्साह देखने को मिला। वहीं इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे भी गूंजे। विधायक ने बताया कि योगी सरकार के मंशानुसार सभी रामभक्तों को रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या रवाना किया जा रहा है। सभी रामभक्त आज श्री रामलला के दर्शन करेंगे।

दर्शनार्थियों में प्रमुख रूप से बांगरमऊ अध्यक्ष रामजी गुप्ता, नीरज गुप्ता, विकास गुप्ता, राकेश गुप्ता, धर्मेंद्र आदि रहे। इस दौरान रामभक्तों पर पुष्पवर्षा की गई। साथ ही जलपान की व्यवस्था भी की गई।


रामभक्तों के साथ मौजूद विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार

# समारोह में 70 प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- श्री विशम्भर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव रसूलपुर रूरी स्थित श्री विशम्भर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के स्थापना दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उन्नाव के प्रथम सांसद विशम्भर दयालु त्रिपाठी की बेटी व केंद्रीय हिंदी संस्थान आसाम प्रदेश की क्षेत्राधिकारी रह चुकीं डॉ. रश्मि दीक्षित व विशिष्ट अतिथि के रूप इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सदानंद राय शामिल हुए। समारोह में 70 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान हुआ। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त दुबे ने की। महाविद्यालय के प्राचार्य ने महाविद्यालय की ओर से दो गांव अवस्थी खेड़ा व जोगीकोट को गोद लेने की घोषणा की। संचालन महाविद्यालय के सांस्कृतिक परिषद के संयोजक डॉ. नलिन कुमार सिंह ने किया।


डॉ रश्मि दीक्षित को सम्मानित किया गया।

सर्वप्रथम मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित व पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वन्दना कर संपूर्ण परिवेश को भक्तिमय बना दिया। फिर महाविद्यालय परिवार ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। समारोह में शिक्षा व समाज सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बांगरमऊ के धीरेंद्र कुमार शुक्ल 'सरस्वती सम्मान' से सम्मानित किए गए। नारी सशक्तिकरण व समाजसेवा के लिए लखनऊ से पधारीं डॉ. आस्था मिश्रा को सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने पर जिले के कई शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को 'सरस्वती सम्मान' से विभूषित किया गया। समारोह में रसूलपुर गांव के प्रधान रमेश गौतम, अवस्थी खेड़ा के प्रधान मनोज कुमार, जोगीकोट के प्रधान कल्लू, महाविद्यालय की शिक्षिका डॉ. नवनीत कौर, डॉ. मनीषा बाजपेई, शिक्षक डॉ. रजनीश आदि रहे।

# महिला को पीटने पर रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज-उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के बसधना गांव में एक महिला को गांव के एक दबंग ने मारा पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

बसधना गांव निवासी पूर्वीदीन की पत्नी जनाका ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि गांव मनोकांत शुक्ला से पुराना विवाद हुआ था। उसी को लेकर मुकदमा भी चल रहा है। मुकदमे को लेकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने जातिसूचक गालियां देते हुये उसे मारा पीटा। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# तीन कंटेनर में पकड़े गए 50 गोवंश

संवाददाता, नवाबगंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली पुलिस ने राजाबाग चौकी अंतर्गत फिरोजाबाद के पास तीन कंटेनर से करीब 50 गोवंश पकड़े, जिन्हें कोतवाली लाया गया। इस दौरान चालक वाहन छोड़कर भाग गये। पुलिस ने गौवंश अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर गोवंशों को गोशाला भेजा है।

बता दें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव फिरोजाबाद के पास तीन कंटेनर खड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। इस पर कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार, चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र मिश्रा व ज्ञान सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को आता देख तीनों वाहनों के चालक वाहन छोड़कर वहां से भाग गये। पुलिस तीनों वाहन कोतवाली लाई और सभी गोवंशों को तीन गोशालाओं में भेजा। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। सारे वाहन रामपुर जिले के हैं। वाहनों को सीज कर दिया गया है।

- वाहनों को कब्जे में लेकर पुलिस ने गोवंशों को गोशालाओं में भेजा

### बोरवेल में गिरे दो गोवंश, सकुशल निकाले गए

**नवाबगंज।** विकासखंड क्षेत्र के गांव आदमपुर अड़ैया में एक खेत में बने बोरवेल में दो गोवंश गिर गये। जिसकी सूचना प्रधान ने फायर ब्रिग्रेड को दी। रमाकांत दीक्षित निवासी आदमपुर हड़ैया मजरा जैतीपुर थाना सोहरामऊ के खेत में बने पुराने बोरवेल में एक बछिया व सांड शुक्रवार सुबह गिर गए थे। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान गुड्डू साहू ने फायर बिग्रेड हसनगंज को दी। सूचना पर दमकल कर्मियों ने अथक प्रयास के बाद दोनों गोवंश को सकुशल बाहर निकल लिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह काफी पुराना वोरवेल था। बाद में यह सूख गया था।

# कैंटीन संचालक की मुखबिरी से हुई लूट

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- दो लुटेरों के अलावा साजिशकर्ता भी भेजा गया जेल
- 37 हजार रुपये व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे पर शराब दुकान के सेल्समैन से हुई 61 हजार की लूट का मास्टर माइंड ठेके का कैंटीन संचालक निकला। उसके दो साथियों ने लूट को अंजाम दिया था। पुलिस को शुरू से इस बात की आशंका थी। कड़ाई से पूछताछ होने पर कैंटीन संचालक ने सच उगल दिया। इसके बाद अचलगंज पुलिस ने स्वाट व सर्विलांस की मदद से दो लुटेरों को भी दबोच लिया।

पुलिस लाइन सभागार में एएसपी अखिलेश सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि बीती छह फरवरी को गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कर्मी बिजलामऊ गांव स्थित शराब ठेका बंद कर लौट रहे सेल्समैन राज नारायण व कैंटीन संचालक हिमांशु गुप्ता की बाइक को ओवरटेक कर बदमाशों ने शराब बिक्री के 61 हजार रुपये से भरा बैग लूटकर भाग गए थे। जांच के बाद खुलासे के लिए स्वाट व सर्विलांस टीम लगी थी। पुलिस को हिमांशु पर पहले से शक था। सर्विलांस पर उसकी काल डिटेल निकाली गई। इसके बाद उससे सख्ती से पूछताछ हुई तो वह टूट गया और सच उगल दिया। उसने बताया कि रुपए की जरूरत के चलते उसने अपने दो साथियों उत्तम सैनी पुत्र ननक्के व मनीष साहू पुत्र राम प्रकाश को फोन कर ठेके से निकलने की सूचना दी थी। इसके बाद दोनों घटना को अंजाम देकर भाग निकले थे। सीसीटीवी फुटेज देखने व हुई जांच के बाद शुक्रवार को स्वाट ने तीनों को एक होटल के पास से पकड़ लिया। उनके पास से लूट का 37 हजार रुपया व घटना में प्रयुक्त बाइक और तीन मोबाइल फोन भी बरामद हुए। बाकी रुपए तीनों ने खर्च कर दिए। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि तीनों को कोर्ट में पेश किया गया है। जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।


लूट का खुलासा करते एएसपी अखिलेश सिंह। अमृत विचार

# पुलिस ने ठगे गए 99 हजार कराए वापस

**उन्नाव।** साइबर सेल की टीम ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर युवक खाते से उड़ाई गई एक लाख से अधिक की नगदी में 99 हजार रुपये कार्रवाई करते हुए उसके खाते में वापस कराए हैं।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर जिले में साइबर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर पीड़ित के खाते से 1.48 रुपए जालसाजों ने उड़ा लिए थे। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीडी नगर निवासी सौरभ पुत्र फूल सिंह ने इसकी सूचना एक जनवरी-24 में साइबर सेल में प्रार्थनापत्र देकर दी थी। बताया था कि क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 1,48,908 रुपये की उससे ऑनलाइन धोखाधड़ी की गयी है। साइबर सेल की टीम ने कार्रवाई करते हुए 99,272 रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए हैं।

# भाजपा में शामिल चेयरमैन का जोरदार स्वागत

संवाददाता, सफीपुर-उन्नाव

**अमृत विचार।** भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार नगर क्षेत्र में पहुंचने पर चेयरमैन व उनके प्रतिनिधि का भाजपा कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़े के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया गया और जमकर आतिशबाजी भी की गई।

सफीपुर नगर निकाय चुनाव में प्रभारी रहे नगर निवासी नेता पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध क्षेत्र (किसान मोर्चा) भारतीय जनता पार्टी सौरभ बाजपेई 'राजा बेटा' को राजनीतिक उठापटक के चलते पार्टी की प्रत्याशिता से वंचित होना पड़ा था। समर्थकों की राय पर पत्नी को निर्दलीय प्रत्याशी बनाकर चुनाव में उतारने पर पार्टी ने उन्हें निष्कासित कर दिया था। इसके बाद भी उन्होंने पत्नी को निर्दलीय नगर पंचायत अध्यक्ष बनाने में सफलता पाई थी। प्रदेश कार्यालय में बीते दिनो फिर से भाजपा ज्वाइन करने के बाद नगर पहुंचने पर आदर्श नगर पंचायत सफीपुर की चेयरमैन गरिमा बाजपेई व उनके प्रतिनिधि भाजपा नेता सौरभ बाजपेई का अनेक स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इसमें कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया।


भाजपा में शामिल होने पर सफीपुर में चैयरमैन का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

उनका स्वागत करने वालों में अनुराग कृष्ण मोहन सिंह, वीरेंद्र मिश्रा, भगवानदीन रावत, प्रताप नारायण, प्रेमशंकर, शिवलखन सिंह, जगतपाल, जसवंत रावत, गनेश चौरसिया, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत, जिला कार्य समिति सदस्य भाजपा सद्गुरु मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य दिलीप मिश्रा (गुड्डू), अनूप अवस्थी, विमल विश्वकर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता किरण, गिरीश शुक्ला, प्रेम नारायण तिवारी, वीरेंद्र मिश्रा, हरिपाल सिंह, विनोद मिश्रा, उमेश गुप्ता, नीरज सैनी, हरिशंकर अग्निहोत्री वैध, अवधेश सिंह फौजी, शिववक्स सिंह, संजीव गुप्ता, सन्दीप श्रीवास्तव, रामजी मिश्रा, शंभू दयाल शुक्ला, धीरज तिवारी, गोलू दीक्षित, कुलदीप तिवारी, अनुराग मोहन, कृष्ण सिंह, कासिम मिर्जा, अभिषेक मिश्रा, जय मिश्रा, बीपी सिंह सेंगर, सुनील चौरसिया, विजय पाल गौड़, विवेक बाजपेई, गौरव तिवारी सोनू आदि शामिल रहे।

**अभियान** आज से विद्यालयों में खिलाई जाएगी दवा, 1590 टीमें घर-घर जाकर देंगी खुराक

# जिले के 19 .47 लाख लोग खाएंगे फाइलेरिया की दवा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले के 10 ब्लाकों में रहने वाले 19.47 लाख लोगों को शनिवार से फाइलेरिया रोधी दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सीएमओ ने बताया कि पहले दो दिन सरकारी स्कूलों और उसके बाद घर-घर जाकर दवा पिलाई जायेगी। किसी प्रकार की समस्या से निपटने के लिए 20 रैपिड रिस्पांस टीमें अलर्ट रहेंगी। इसे लेकर शुक्रवार को मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।



अभियान के बारे में जानकारी देते सीएमओ डा. सत्य प्रकाश। अमृत विचार

कार्यशाला में सीएमओ डा. सत्य प्रकाश ने बताया कि आईडीए अभियान जिले के तहत जिले के 10 ब्लाक क्षेत्रों बांगरमऊ, अचलगंज, बिछिया, नवाबगंज, पुरवा, सुमेरपुर, फतेहपुर चौरासी, मियांगंज, गंजमुरादाबाद व सफीपुर में आने वाले क्षेत्रों में 10 से 28 फरवरी तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें लोगों को आइवरमेक्टिन, डाईइथाईल कार्बामजीन व एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है। जिसे सामान्यतः हाथी पाव के नाम से भी जाना जाता है। इसके मुख्य लक्षण पैरों व हाथों में सूजन (हाथीपांव), पुरुषों में हाइड्रोसील व महिलाओं में सूजन आती है। फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला रोग है। यह बीमारी लाइलाज है और यह दिव्यांग तक बना देती है। मच्छरों से बचाव व फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर इससे बचा जा सकता है। पहले दो दिन विद्यालयों में दवा खिलाई जायेगी। 12 फरवरी से टीमें घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएंगी। जनपद की 19.47 लाख जनसंख्या को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य है। यह दवा एक साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलओं व गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को छोड़कर सभी को खानी है। इसके लिए 1590 टीमें बनाई गई हैं और उनके सुपर विजन के लिए 318 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इसकी निगरानी एसीएमओ व सीएमएस सहित अन्य अफसर करेंगे।

### चक्कर व उबकाई आने व चकत्ते पड़ने पर घबराएं नहीं

अभियान के नोडल अधिकारी डा. जेआर सिंह ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन के बाद कुछ व्यक्तियों में जी मिचलाने, चकत्ते पड़ने, चक्कर आने व उल्टी की समस्या हो सकती है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। बताया कि यह लक्षण शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद होने के होते हैं। फाइलेरिया रोधी दवा सेवन के बाद शरीर में फाइलेरिया परजीवियों के खत्म होने के परिणाम स्वरूप ऐसा होता है। जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव ने बताया कि यह दवाएं पूरी तरह सुरक्षित और प्रमाणित हैं। बताया कि दवा खाली पेट नहीं खानी है।

### 20 रैपिड रिस्पांस टीम गठित

अभियान को लेकर किसी प्रकार की समस्या आने पर उसके त्वरित निस्तारण के लिए सभी 10 ब्लाको में दो-दो रैपिड रिस्पांस टीमें भी बनाई गई हैं। इसके अलावा जिला मुख्यालय पर भी एक टीम मुस्तैद रहेगी।

# नशे में हुए विवाद में हथौड़े और ईंट से की थी युवक की हत्या

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा बरामद कर पुलिस ने तीन लोगों को भेजा जेल

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में बीती दो फरवरी को युवक की वजनदार वस्तु के प्रहार से हुई हत्या के मामले की गुत्थी पुलिस ने सुलझाते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। शराब पीने के बाद बीड़ी पीने के विवाद में तीनों ने युवक को हथौड़े व ईंट से हमला कर मौत के घाट उतारा था।

बीती दो फरवरी की शाम फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के नयनसुख खेड़ा गांव निवासी श्याम किशोर (28) पुत्र स्व. छेदीलाल को पड़ोसी गांव सकरौली निवासी वीरेंद्र यादव उर्फ गोबरे पुत्र छत्रपाल बुलाकर अपने साथ ले गया था। अगले दिन बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के मल्हपुर गांव के पास श्याम किशोर का शव लहूलुहान हालत में पड़ा मिला था। उसकी सिर कूचकर हत्या की गई थी। भाई ने उसके साथी वीरेंद्र के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एएसपी प्रेमचंद व सीओ अरविंद कुमार ने तीन टीमें गठित कर घटना का जल्द से जल्-द खुलासा करने का निर्देश दिया था। शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कुंडा गांव जाने वाले मार्ग के पास से मुख्य आरोपी वीरेंद्र यादव व उसके साथियों राजकुमार पुत्र छोटेलाल निवासी गांव मल्हपुर बांगरमऊ व प्रमोद पुत्र खुमानी निवासी गांव धन्ना खेड़ा मजरा सकरौली फतेहपुर चौरासी को पकड़ने का दावा किया है। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथौड़ी, ईंट व बाइक भी पुलिस ने बरामद की है। पुलिस के मुताबिक श्याम किशोर व आरोपियों के बीच नशे की हालत में बीड़ी को लेकर कहासुनी हुई थी। जिसके बाद तीनों ने उसे जान से मारने धमकी दी थी। इस पर श्याम किशोर डर गया और अपने भाइयों को बुलाने की बात कह घर के लिए निकला था। तीनों ने उसका पीछा किया और रास्ते में उसे ईंट व हथौड़ी मारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने तीनों को हत्या के जुर्म में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है।


पुलिस गिरफ्त में हत्या के आरोपी।


बक्सर घाट पर स्नानार्थियों की भीड़। अमृत विचार


मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार


स्नान के बाद गंगा तट पर सेल्फी लेती महिलाएं। अमृत विचार

# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

## सर्दी पर भारी पड़ी आस्था, स्नानार्थियों का तांता सुबह से लेकर दोपहर तक लगा रहा, कुछ ने कथा भी सुनी

● दूर-दूर से गंगा स्नान करने आए श्रद्धालु

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मौनी अमावस्या के अवसर पर शुक्रवार भोर पहर से गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का स्नान करने के लिये अवागमन लगा रहा। साथ ही स्नान के दौरान घाटों पर स्नानार्थियों की भीड़ रही। सुबह के समय सर्दी होने बावजूद आस्था भारी दिखी। वहीं दूर दराज से आने वाले स्नानार्थी सुबह से लेकर दोपहर तक आते जाते रहे। वहीं कुछ लोगों ने घाट पर गंगा स्नान करने के बाद मां गंगा की पूजा अर्चना कर पंडों को दान भी दिया और साथ घाटों पर भगवान सत्यनारायन की कथा भी सुनी।

मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करने वाले स्नानार्थी घाटों पर पहुंचे। अमावस्या के उपलक्ष्य पर गंगा स्नान को श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहा। अन्य लोग स्नान करने गये तो घाटों पर और अधिक भीड़ हो गई। जब लोग स्नान कर बाहर निकले तो स्नानार्थियों ने मां गंगा की पूजा अर्चना कर घाट पर बैंठे पंडों को दान दक्षिणा भी दी। बालामऊ, लखनऊ, जैतीपुर, उन्नाव, सोनिक, अचलगंज, रायबरेली, लखनऊ व कानपुर समेत तमाम दूर दराज से आने वाले स्नानार्थियों ने अमावस्या पर गंगा स्नान में आस्था की डुबकी लगाई। इसके साथ घाटों पर भगवान सत्यनारायन की कथा भी सुनी।

### घरों का पानी भी जा रहा है गंगा में

मिश्रा कॉलोनी से लेकर जाजमऊ स्थित चंदन घाट तक दर्जनों छोटे बड़े नाले सीधे गंगा में गिर रहे हैं। इसके अलावा मिश्रा कॉलोनी की ओर कई घरों का गंदा पानी सीधे गंगा में बहाया जा रहा है। पालिका ने कई बार ऐसे मकान मालिकों को नोटिसें भी जारी की है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की।

### स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने की खरीदारी

गंगा तट पर स्नान करने के बाद पुराने यातायात पुल के नीचे लगी दुकानों के नीचे खूब खरीददारी हुई। वहीं महिलाओं ने भी सौंदर्य प्रसाधन का सामान खरीदा। वही बच्चो ने भी खेल खिलोने का सामान खरीदा।

### मौनी अमावस्या पर हुई महाआरती

मौनी अमावस्या को देखते हुए शाम के समय नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से मां गंगा की महाआरती का आयोजन किया गया। जहां नित्य गंगा आरती सेवा समिति की संयोजिका शिल्पी दीक्षित के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मां गंगा की आरती की। जहां आरती के दौरान घंटा घड़ियाल की आवाज से घाट गुंजयमान हो गए। आरती के समापन के बाद प्रसाद भी बांटा गया।

### मां चंद्रिका धाम में उमड़ा सैलाब, लगाई आस्था की डुबकी

पाटन। बीघापुर तहसील क्षेत्र के बक्सर स्थित मां चंद्रिका धाम स्थित गंगातट पर मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोरपहर ब्रह्म मुहूर्त से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान कर श्रद्धालुओं ने दूध, घृत, शहद, अक्षत, रोली, चन्दन, पुष्प, सुंगध, धूप, दीप व नैवेद्य आदि समर्पित कर पतित पावनी मां गंगा की विधिविधान से पूजा की और मां चन्द्रिका व अम्बिका देवी के दर्शन कर आचार्यो द्वारा सत्य नारायण भगवान की कथा सुनी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन सृष्टि के संचालक मनु का जन्म हुआ था। इसलिए भी मौनी अमावस्या कहा जाता है। इस दिन गंगा स्नान करने व दान करने से कई जन्मों के पाप नष्ट होते हैं। वहीं श्रद्धालुओं ने मंदिर में पुरोहितों को दान देकर परिवारों की मंगल कामना की।

### होता रहा अमावस्या का स्नान, गंगा में गिरते रहे नाले

शुक्रवार को मौनी अमावस्या का स्नान चल रहा था इसके बावजूद इंद्रा नगर का बड़ा नाला सीधे गंगा में गिरते रहे। गंदा पानी नाले में जाने से श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचती रही इसके बावजूद जिम्मेदारों ने ईश्वर कोई ध्यान नहीं दिया। वही दर्जनों मोहल्लों से निकला गंदा पानी सीधे गंगा में गिर रहा है। जिससे गंगा का पानी काला होता जा रहा है।


गंगा में गिरता इंद्रानगर का नाला। अमृत विचार

# देवी भागवत में महिषासुर की कथा सुनाई


कथा सुनते श्रोता। अमृत विचार


कथा सुनाते पं. शिव कुमार दीक्षित।

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** पोनी रोड स्थित श्री राधाकृष्ण दुर्गा मंदिर में चल रही श्री देवी भागवत महापुराण के दौरान शुक्रवार को कथा व्यास ने मौजूद श्रोताओं को श्री देवी भागवत महापुराण कथा का रसपान करते हुये महिषासुर की कथा का रसपान कराया। बाद में प्रसाद बांटा गया।

कथा को आगे बढ़ाते हुये शुक्रवार को कथा व्यास पं. शिवकुमार दीक्षित ने कहा कि रंभ असुरों के राजा थे। जो एक बार जल में रहने वाली एक भैंस से प्रेम कर बैठे और इन्हीं के योग से महिषासुर का आगमन हुआ। इसी वजह से महिषासुर इच्छानुसार जब चाहे भैंस और जब चाहे मनुष्य का रूप धारण कर सकता था। उन्होंने बताया कि महिष का अर्थ भैंस होता है। देवताओं ने मां दुर्गा की स्तुति करके महिषासुर से छुटकारा पाने की प्रार्थना की। इस मौके पर कमल दोसर, मीना दोसर, अंजली, नयन, प्रसून, आजाद, मधुवन, गगन अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## बैराज मार्ग पर जाम में फंसी एंबुलेंस

**शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्रवार दोपहर बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग से ट्रेनें निकलने के कारण जाम लग गया। जिससे दोनों ओर वाहन कतारों में खड़े रहे। वहीं एक एंबुलेंस को भी जाम का दंश झेलना पड़ा। जिस पर मौजूद राहगीरों ने उसे किसी तरह बाहर निकाला। इसी तरह दोपहर के समय नवीन पुल पर संकरे रास्ते के कारण जाम लगा रहा। बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग से शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे अप और डाउन लाइन से ट्रेनें निकली। जिसे काफी देर तक क्रासिंग बंद रही। क्रासिंग बंद होने के कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ तक वाहनों की कतारें लग गई।

# नशेबाजी के बाद विवाद, रात भर झाड़ियों में पड़ा रहा घायल

● चार युवक साथ पीने गए थे शराब, विवाद पर एक को पीटा

संवाददाता आसीवन उन्नाव

**अमृत विचार।** शराब पीने गए चार युवकों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसमें एक युवक की तीनों ने जमकर पिटाई कर दी। जिसमें वह घायल अवस्था में सड़क किनारे झाड़ियों में रात भर पड़ा रहा। शुक्रवार को वह घर पहुंचा और आपबीती बताई। जिस पर पीड़ित की मां ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आसीवन थानाक्षेत्र के बीरुगढ़ी गांव निवासी मैकी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती गुरुवार शाम गांव निवासी अरुण तीन अन्य साथियों के साथ घर आया था और बेटे लवकुश को साथ लेकर मुंशीगंज जाने की बात कह कर गया था। रात भर वह घर नहीं पहुंचा। जिससे परिजन परेशान रहे। शुक्रवार को घायल अवस्था में वह घर पहुंचा और अपने साथ हुई घटना बताई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और घायल को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि जानकारी की जा रही है।

## सार-संक्षेप


परीक्षा को लेकर अंबिका स्कूल में होती बैठक। अमृत विचार

### आरओ और एआरओ परीक्षा को लेकर हुई बैठक

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को शासन की ओर से आरओ और एआरओ की परीक्षाएं कराई जानी है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने जनपद में 39 परीक्षा केन्द्र बनाये हैं। शुक्रवार को स्कूल प्रबंधन की ओर से परीक्षा में लगाई गये मातहतों के साथ शासन के निर्देशों के मुताबिक समीक्षा बैठंक की गई। इसके साथ ही परीक्षा को लेकर तैयारियां की गई। राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल को आरओ एआरओ परीक्षा के लिये केन्द्र बनाया गया है। शुक्रवार को प्रधानाचार्या डेफनी लेम्यूर ने आरओ और एआरओ परीक्षा के लिए स्कूल को बनाये गये केन्द्र के मुताबिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया। बैठक में ड्यूटी लगाये गये बाहरी एवं स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। इस मौके पर प्रधानाचार्या ने पारदर्शिता के बीच परीक्षा सम्पन्न कराने की बात कही।

### शतकीय पारी के बावजूद 4 विकेट से हारी अंबिका की टीम

**शुक्लागंज उन्नाव।** उन्नाव शुक्लागंज मां ज्वालादेवी द्वारा संस्थापित शुक्लागंज नगर के 89वें स्थापना दिवस पर आयोजित 20वां मां ज्वालादेवी क्रिकेट ट्राफी टूर्नामेंट का दूसरा मैच अंबिका प्रसाद क्रिकेट अकादमी और ओलंपिक रजिस्टर्ड के बीच खेला गया। जिसे ओलंपिक की टीम ने 4 विकेट से अपने नाम किया। रामकली स्टेडियम में खेले गये मैच के दौरान अंबिका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में तीन विकेट होकर 192 रन बनाए। जिसमें मध्य प्रदेश के रणजी खिलाड़ी इरफान अली ने शतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 102 रन बनाए। वही समयक द्विवेदी ने 52 रनों का योगदान दिया। ओलंपिक की ओर से अभिषेक यादव ने दो विकेट झटके। जवाब में उतरी ओलंपिक रजिस्टर्ड की टीम 29 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। जिसमें शिवांशु सचान 53, शुभम चौधरी 46 रनों का योगदान दिया। अंबिका की ओर से प्रसून दोसर ने दो विकेट झटके। ओलंपिक रजिस्टर्ड ने चार विकेट से मैच अपने नाम किया। शुभम चौधरी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार क्षेत्रीय सभासद अखिलेश निषाद ने दिया। इस मौके पर अजय त्रिवेदी, परवेज अहमद, राजेश भारती, सुनील निषाद मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पुरवा।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने 25 जनवरी को खेत में मवेशी को चारा लेने जाने के दौरान कस्बे के मोहल्ला शीतलगंज निवासी झब्बू द्वारा दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शुक्रवार को मामले में वांछित चल रहे झब्बू को दीनाखेड़ा मोड़ के पास से पुलिस ने पकड़ लिया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।


बार सभागार में अधिवक्ताओं संग बैठक करते बार अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

## अधिवक्ता हितों के लिए जारी रहेगा संघर्ष

**उन्नाव।** बार एसोसिएशन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में नव निर्वाचित बार अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने कहा कि वह हमेशा अधिवक्ता हितों के लिए लड़ते रहे हैं। अपने पिछले सात कार्यकाल के दौरान मृतक आश्रित धनराशि समेत अधिवक्ताओं के लिए बनवाए गए बस्ते व अन्य योजनाएं लागू करने का जिक्र किया। कहा कि चुनाव से पहले उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के अधिवक्ताओं के लिए 1000 रुपये मासिक पेंशन देने की घोषणा की थी। महामंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में फैले भ्रष्टाचार से लोगों का काम नहीं हो पाता है। इसे खत्म करने के लिए जल्द कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान कार्यकारिणी के पदाधिकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

## घर से निकला किशोर लापता, रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के मनोहर नगर निवासी एक किशोर घर से निकला था। जिसके बाद से वह लापता हो गया। पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

मनोहर नगर निवासी साजिद ने बताया कि उनका 17 वर्षीय बेटा रेहान दीमागी रूप से अस्वस्थ है। वह तीन दिन पहले घर से निकला। जिसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। जिस पर पिता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

# आत्मदाह करने वाले युवक की पत्नी ने राष्ट्रपति को पत्र भेज मांगी इच्छामृत्यु

● पुलिस प्रताड़ना से ऊबकर एसपी आफिस में दलित युवक ने किया था आत्मदाह

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** जमीनी विवाद के बाद पुरवा कोतवाली क्षेत्र के भूलेमऊ गांव में हुई दलित युवक से मारपीट में कई आरोपियों के नाम निकालने और उनकी गिरफ्तारी की जगह पीड़ित परिवार पर रिपोर्ट दर्ज करने का आरोप लगाते हुए युवक ने एसपी आफिस में आत्मदाह कर लिया था। दम तोड़ने से पहले युवक ने तत्कालीन सीओ पर गंभीर आरोप लगाए थे। एक माह से अधिक समय बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर दिवंगत दलित की पत्नी ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर इच्छामृत्यु की मांग की है।

बता दें कि पुरवा कोतवाली क्षेत्र के भूलेमऊ गांव निवासी श्रीचंद्र रावत ने बीती 27 दिसंबर को एसपी आफिस में तत्कालीन सीओ दीपक सिंह पर पड़ोस के अन्य समुदाय के लोगों पर जानलेवा हमले की धारा में दर्ज रिपोर्ट में आरोपियों से सांठगांठ कर तीन लाख रुपए लेकर मामले से नाम निकालने का आरोप लगा खुद पर केरोसिन डालकर आत्मदाह कर लिया था। युवक की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ तो पीड़ित परिवार को कार्रवाई व अन्य मदद का भरोसा दिला अफसरों ने शांत कराया था। लेकिन घटना के एक माह से अधिक बीतने के बाद भी परिवार को न्याय नहीं मिल पाया। इससे आहत संध्या देवी ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर एक माह से अधिक समय बीतने के बाद भी तत्कालीन सीओ को बर्खास्त न करने व रिपोर्ट दर्ज न करने से पुलिस व प्रशासन द्वारा सीओ को बचाने का आरोप लगा इच्छामृत्यु की मांग की है।

चिंता का विषय — स्वास्थ्य विभाग ने लगातार दो हफ्ते खांसी आने पर इलाज कराने की दी सलाह

# 40 दिन में नगर में चिह्नित हुए 32 क्षय रोगी

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव


पीएचसी में होती मरीजों की ओपीडी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर में सर्दियों के मौसम में अचानक टीबी के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई है। जिससे न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्वास्थ्य कर्मियों में चिंता देखने को मिली। वहीं पीएचसी के डॉक्टरों ने मरीजों को सलाह देते हुये एहतियात बरतने के निर्देश देने के साथ ही डॉटस केन्द्र में लगातार इलाज करने को कहा है। वहीं दो सप्ताह से अधिक खांसी आने पर डाक्टर से संपर्क कर सतर्कता बरतने को कहा है।

न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, दो अर्बन हेल्थ सेंटर के अलावा डॉटस केन्द्रों में नगर के टीबी मरीजों का इलाज किया जा रहा है। लगातार स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी को समूल नष्ट करने के लिये जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके बावजूद नगर में चालीस दिनों के भीतर 32 टीबी के नये मरीज मिले हैं। जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रवि सचान व स्वास्थ्य पर्यवेक्षक विपिन पांडेय ने बताया कि जनवरी माह में चौबीस टीबी के मरीज पाये गये हैं। जबकि फरवरी माह में आठ नये मरीज प्रकाश में आये हैं। डाक्टर ने बताया कि सर्दियों में एक ही कमरे में कई लोग सोते हैं। जिससे यह बीमारी एक दूसरे में फैल जाती है। उन्होंने बताया कि फेफड़े की टीबी को गंभीरता से लें। इलाज में देरी या बार-बार दवाएं छोड़ने से मर्ज गंभीर हो जाती है। लापरवाही बरतने वाले मरीजों को फेफडें का ऑपरेशन करना पड़ता है। इसके बावजूद टीबी का मर्ज ठीक नहीं होता है। क्योंकि ऑपरेशन में बीमार फेफड़े से पस आदि का स्राव होता है। जो स्वस्थ्य फेफड़े में जा सकता है। सावधानी बरतकर मरीज को नया जीवन दिया जा सकता है।

### नगर में टीबी के 160 मरीजों का हो रहा इलाज

डॉक्टर ने बताया कि नगर में 160 मरीज सक्रिय हैं। उनका इलाज किया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार से आने वाली सुवधिाएं भी ऐसे मरीजों को मुहैया कराई जा रही है।

### यह लक्षण दिखे तो लें सलाह

दो सप्ताह तक लगातार खांसी आना, बुखार आना, रात में पसीना आना, भूख कम लगना और लगातार वजन घटना यह टीबी के लक्षण हैं। यदि ऐसे लक्षण हो तो तुरंत सरकार अस्पताल में डॉक्टरों से सलाह लेकर इलाज कराये।

## लाइन ब्रेक होने से घंटों गुल रही घरों में बिजली

**शुक्लागंज-उन्नाव।** शुक्रवार सुबह विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान मरहला चौराहे के पास लाइन ब्रेक हो गई। जिससे फीडर पांच की विद्युत आपूर्ति घंटों बंद रही। बिजली कर्मियों ने फाल्ट ढूंढकर मरम्मत की। तब आपूर्ति चालू हो सकी।

विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान सुबह के समय फीडर पांच की लाइन ब्रेक हो गई। जिससे गंगाघाट टाउन पर लाइन ट्रिप होने से फीडर 5 बंद कर दिया गया। बार-बार लाइन ट्रिप होने से बिजली कर्मियों ने फाल्ट ढूंढा। जिसके बाद मरम्मत कार्य किया। इस दौरान फीडर पांच की तीन घंटे तक बिजली गुल रही। बिजली न आने पर लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। बिजली कर्मियों ने श्री नगर में पेड़ों की छंटाई का काम किया। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक क्षेत्र की आपूर्ति बंद रही। बिजली न आने से परेशानी उठानी पड़ी।

# स्टेट महिला टी-20 लीग में उन्नाव की टीम ने फिरोजाबाद को हराया

संवाददाता, उन्नाव


यूपीसीए सचिव को किया जा रहा सम्मानित। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन जालौन द्वारा स्व. मुन्नी देवी सिरोठिया उप्र महिला टी-20 लीग चैंपियनशिप के तहत खेले गए मैच में उन्नाव की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 113 रन बनाए। जिसमें तथीर फातिमा, ईशा व शालिनी सिंह ने 21-21 रन बनाये। इसके अलावा अनुष्का ने 13 व रिचा ने 17 रनों का योगदान दिया। फिरोजाबाद की ओर से बालिंग करते हुए वंशिका सिंह ने 3, पूजा व नंदिनी ने एक-एक विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फिरोजाबाद की टीम 14.5 ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 67 रन ही बना सकी। जिसमें कृति ने 21 व शीवली ने 10 रनों का योगदान दिया। उन्नाव की ओर से बालिंग करते हुए कृतिका हजारिया व शिवनी मौर्या ने 3-3 व आस्था वर्मा ने दो विकेट प्राप्त किए। उन्नाव की शालिनी सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। आज के मैच का उद्घाटन उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन जालौन लगातार महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। इसके लिये जिला क्रिकेट एसोसिएशन जालौन बधाई की पात्र है। डीसीए जालौन ने यूपीसीए सचिव को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन उन्नाव के महामंत्री पीके मिश्रा ने दी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

स जीवति गुणा यस्य धर्मो यस्य च जीवति।
गुणधर्मविहीनस्य जीवनं निष्प्रयोजनम्॥

जिस व्यक्ति के धर्म और गुण जीवित हैं। वास्तविकता में वही जीवन जी रहा है। इनके बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है।


## संपादकीय

# सुरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) भू-राजनीति के लिए हाल के दिनों में निर्णायक बन गया है। क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी, सामरिक उद्देश्यों के लिए उसकी आर्थिक भागीदारी और भू-राजनीतिक हसरतों ने आईओआर में अमेरिका, रूस, फ्रांस और यूरोपीय संघ जैसी ताकतों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। परिणाम स्वरूप आईओआर में सामरिक प्रतिद्वंद्विता और प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी हुई है। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिये साझा जिम्मेदारी और केंद्रित प्रयासों की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन, समुद्र का बढ़ता स्तर और समुद्री प्रदूषण आईओआर में महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियां हैं। हिंद महासागर पर केंद्रित सातवां दो दिवसीय सम्मेलन पर्थ में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में भाग लेने गए विदेश मंत्री ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से शुक्रवार को मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन में 22 से अधिक देशों के मंत्री, 16 देशों के वरिष्ठ अधिकारी और 6 बहुपक्षीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का विषय है- स्थाई और सतत हिंद महासागर की ओर। गौरतलब है कि सम्मेलन क्षेत्र के महत्वपूर्ण राज्यों और प्रमुख समुद्री साझेदारों को आम मंच पर लाने का प्रयास करता है ताकि क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (एसएजीआर) के लिए क्षेत्रीय सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जा सके।

हिंद महासागर सम्मेलन (आईओसी) 2016 में शुरू हुआ था और पिछले वर्षों में यह क्षेत्रीय मामलों पर क्षेत्र के देशों के लिए प्रमुख परामर्शदात्री मंच के रूप में उभरा है। हिंद महासागर क्षेत्र प्रमुख शक्तियों के बीच भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा के लिए आकर्षण का केंद्र है। प्रतियोगिता में रणनीतिक हित, प्रभाव और संसाधनों तक पहुंच शामिल है, जिससे तनाव और संघर्ष होते हैं। चीन हिंद महासागर में भारत के हितों और स्थिरता के लिए चुनौती रहा है। भारत के पड़ोसी चीन से सैन्य और ढांचागत सहायता प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में हिंद महासागर क्षेत्र में सभी भागीदारों के हित के लिए ये जरूरी है कि वो एक साथ रहें और इस क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्थिरता के सामूहिक हित के लिए काम करें। देशों को अपनी सामाजिक संरचना की रक्षा करते हुए उग्रवाद और कट्टरवाद से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए आवश्यक समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। सुरक्षित और स्थिर हिंद महासागर क्षेत्र के लिए आवश्यक सोच, नीति और दृष्टिकोण में प्रमुख बदलाव के साथ ही कई व्यावहारिक कदम उठाए जाने की भी आवश्यकता है।

# लोकप्रिय विज्ञान लेखन और भारतीय शब्दावली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया।

भारत सरकार द्वारा मानव संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली संस्था 'वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग' द्वारा दो खंडों में प्रकाशित हिंदी भाषा में तकनीकी और वैज्ञानिक शब्दावली कोश होने के बावजूद पिछले 45 वर्ष से हिंदी में विज्ञान की बात सामान्य और साधारण शैली में लिखते हुए अभी तक में अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध शब्दावली का इस्तेमाल करने के लिए विवश हूं।

वैज्ञानिक और तकनीकी शब्द अगर ऐसे हैं जिनसे आमजन परिचित नहीं और उन्हें समझने के लिए यदि उसे शब्दकोश का सहारा लेना पड़ेगा तो वह लेख को पढ़ेगा ही नहीं। इसलिए मुझे लेखन प्रक्रिया के दौरान गैर हिन्दुस्तानी शब्द के भाव और निहितार्थ को समझाने के लिए व्याख्या देनी होती है। प्रिंट मीडिया में उपलब्ध स्पेस में ही अपनी बात कहनी होती है। लोग कहते हैं यह 'पॉपुलर साइंस' शैली है लेकिन मेरा मानना है कि 'आसान' भाषा में लिखा हुआ मजमून आमजन में से अगर पांच प्रतिशत से ऊपर पहुंचे तो यह 'पॉपुलर' कैसे हुआ अर्थात न तो लोक विज्ञान हुआ और न ही 'प्रिय'? यह अलग बात है कि विज्ञान की समझ बढ़ाने के लिए रुचि अनुसार लोक शैली में लिखे गए विज्ञान लेख और फीचर्स को पाठक पढ़ लेते हैं। 'पॉपुलर साइंस' टर्म भी पश्चिम के अखबार, पत्रिका या पुस्तिका लेखन के भाषाई स्वरूप से लिया गया शब्द है।

भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए हम साइंस और टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन में उन दिनों के जर्नलसनुमा ग्रंथों और यात्रावृत्तों में वैसे ही शब्द देखने के आदी हो गए जैसा कि शासक की भाषा तय हुई। तिब्बिया मेडिसिन की शब्दावली भारतीय भाषाओं और भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं

विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है।

में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए संस्कृत के साइंटिफिक टेक्स्ट्स से बिलकुल अलग है। इतिहास में जो भी अनुसंधान कर्मी, जैसे कि आर्यभट, वराहमिहिर, चरक और सुश्रुत, अनेक अज्ञात हुनरमंद लोग हुए उन्होंने नई जानकारी की उत्पत्ति होने पर अपनी मातृभाषा में इसे बताने के लिए नए शब्द गढ़े।

जाहिर है जो साइंटिस्ट या टेक्नोक्रेट जिस भाषा का जानकार है वह अपनी भाषा की शाब्दिक धरोहर, जैसे कि लैटिन, ग्रीक, स्पेनिश, मंडारिन, बांग्ला, तमिल, मराठी और हिंदी में ही शब्द गढ़ेगा न कि अंग्रेजी या स्वाहिली में। मध्य-अठारहवीं सदी में जब विज्ञान और टेक्नोलॉजी में रिसर्च से नए ज्ञान के सृजन के प्रयासों में तेजी से वृद्धि हुई और नए ज्ञान को नहीं बल्कि इसे पब्लिश करके साझा करने और दूसरों से समर्थन पाने की तीव्र उत्कंठा बनी तो विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित हज़ारों नए शब्द भी अस्तित्व में आए। कॉलोनियल टाइम्स में यूरोपियन देशों की कॉलोनीज में भी शासक देश की भाषा का वर्चस्व स्थापित हुआ तो उपनिवेशों में मातृभाषा में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दों की उत्पत्ति की सृजनात्मक और कुदरती प्रक्रिया को बड़ा धक्का लगा। सभी उपनिवेशों में विज्ञान और टेक्नोलॉजी में स्वामी देश द्वारा शोध से उत्पन्न जो शब्दावली बनी उसे ही इस्तेमाल करने की मजबूरी बनी। स्थानीय या वर्नाक्यूलार भाषाओं में खुद के इस्तेमाल के लिए भी एक बंधन के रूप में हाल में सामने आ रही औपनिवेशकालीन अध्येताओं ने इसे एक बाधा के रूप में पहचाना है। देखा गया है कि भारतीय भाषाओं ने खुद को इस मामले में रुपांतरित करके ही विकसित किया। फिर भी दिक्कतें तो हैं ही और वे इसलिए हैं कि हमारे विज्ञानी और टेक्नोक्रैट्स शोध कार्य करते समय तो अपनी भाषा में सोचते हैं लेकिन एक शोधपत्र लिखते समय वे उसी शब्दावली विज्ञान (टर्मिनोलॉजी) का इस्तेमाल करते हैं जिसका क्रमिक विकास पश्चिम में या अंग्रेजी भाषा के जानकारों से भरी लेबोरेट्री या वर्कशॉप में हुआ। मुझे नहीं लगता कि इस मामले में अब हम अपनी अलग लीक बना पाएंगे।

प्रसंगवश कहें तो आधुनिक रीति से समझे जाने वाले लोकशैली में लिखी जाने वाली वैज्ञानिक और तकनीकी लेखन की शुरुआत भारत में तमिल, मराठी और बंगाली भाषाओं में 19 वीं सदी के साठादि दशक से हुई लेकिन हिंदी में तो बीसवीं सदी के पहले दशक के पूरा होते ही 'विज्ञान' पत्रिका के प्रकाशन से यह यात्रा शुरू हुई। 'विज्ञान' पत्रिका के प्रारंभिक दशकों के अंक देखने से लगता है कि यह पश्चिम के पॉपुलर साइंस लेखन से ही अधिक प्रभावित रही और इसके लेखों में शुरूआती दौर से ही नवाचार (इनोवेशन) और क्रिटिकल एसेस्मेंट या भारतीय विज्ञान और शोध की 'पॉपुलर रिपोर्टिंग' के बारे में अधिक जिक्र नहीं किया गया। इसके उलट अंग्रेज़ और जर्मन इस मामले में अधिक सहज रहे क्योंकि उनके यहां हर विधा पर काम करने के लिए रॉयल सोसाइटीज मौजूद थीं जिनकी स्थापना अठारवीं या इससे पहले की सदी में होने से वहां वैज्ञानिक चिंतन, एक्सप्लोरेशन और शोध प्रकाशन और शोध गोष्ठियों के एक नियमित और चिरंजीवी प्रक्रिया को राजतंत्रीय आशीर्वाद मिलता रहा। कमोबेश या स्थिति यूरोप के सभी देशों में स्थापित हो चुकी थी। ब्रिटेन में उन्नीसवीं सदी से ही साधारण या सामान्य भाषा में विज्ञान की ऐसी पुस्तकों का प्रकाशन शुरू हो चुका था जिनमें लोकरुचि जागृत हुई थी। बाद में लोकरुचि शैली में उन्होंने कुछेक पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू किया जिनमें से 'न्यू साइंटिस्ट' अभी तक प्रकाशित होती है और ब्रिटेन में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बेहद लोकप्रिय है। इसी तरह अमरीका से साइंस डाइजेस्ट, पॉपुलर साइंस, ओम्नी और साइंटिफिक अमेरिकन का प्रकाशन हुआ जिनमें से अब सिर्फ साइंटिफिक अमेरिकन ही जीवित है। इसका इंडियन एडिशन भी कुछेक साल से प्रकाशित किया जाता है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है। इंटरनेट युग के आगाज और संगठनों और संस्थाओं की वेबसाइट बनने से पहले संयोग से ही किसी लोकरुचि विज्ञान पत्र या पत्रिका के बारे में मालूम हुआ करता लेकिन वर्ल्डवाइड वेब होने से अब इसे आसानी से वे लोग ढूंढ सकते हैं जिनकी रुचि है। वेबसाइट से बहुत सी सामग्री अब फुल टेक्स्ट, फ्री, पीडीएफ फॉर्मेट में डाउनलोड करके पढ़ी जा सकती है। पार्श्व- जिज्ञासा वाली बात यह जानना भी होना चाहिए कि सल्तनत और मुग़ल काल से पहले भारत में साइंटिफिक, टेक्निकल और इंजीनियरिंग से संबंधित शब्दावली का क्रमिक विकास कैसे होता रहा और यह किन संदर्भो और भाषाओं में विकसित हो पाई थी। इसके लिए भारतीय ज्ञान दर्शन के ग्रंथों -जैसे कि खगोल विज्ञान और समय की अवधारणों की व्याख्या करने वाले शब्द, गणित और गणनाओं से संबंधित शब्द और चिन्ह, आयुर्वैज्ञानिक टेक्स्ट्स, संगीत और साजों की शब्दावली, गृह निर्माण, वस्त्र-परिधान से संबंधित शब्दावली, मौसम और जल से जुड़ी हुई शब्दावलियां, खनन और धातु विज्ञान की शब्दावली, औजारों और इनकी सहायता से निर्मित होने वाली वस्तुएं जैसे कि आभूषण और बर्तन, ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स, पशुओं और पशु चिकित्सा संबधित शब्दावली, औषधि और आहार संबंधी शब्दावली को हमें ढूंढ और संकलित करके कोश के रूप में प्रकाशित करना होगा। इस एक प्रयोजन से ही भारत में विज्ञान लेखन और प्रकाशन में आमजन की रुचि बनी रहेगी। कठिनाई यही है कि 500 साल पुराने शब्द क्या नई साइंस और टेक्नोलॉजी को उस रूप और प्रयोजन से बता पाने में सक्षम होंगे? इसके लिए हमें अंतर-भाषिक शब्दों का इस्तेमाल करना ही होगा क्योंकि इसी एक वजह से हम क्षेत्रीय स्तर (रीजनल लेवल) पर एक बहुभाषी देश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के पॉपुलर रूप की स्वीकार्यता बढ़ा पाएंगे।

## प्रसंगवश

# चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के मायने

खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था।



गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सही कहते हैं कि वे चार साल काम और एक साल राजनीति करते हैं। वाकई उनका कथन सौ फीसदी सत्य साबित होता दिख रहा है। एक तरफ जहां इंडिया गठबंधन बिखर रहा है, वहीं दूसरी ओर एनडीए गठबंधन दिन-ब-दन मजबूत होता जा रहा है। शुक्रवार को दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और हरितक्रांति के जनक स्वामीनाथन को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने के ऐलान से न केवल यह उत्तर से दक्षिण को साधने की मुहिम है बल्कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक तरह से यह नरेंद्र मोदी का यह मास्टर स्ट्रोक ही माना जाएगा। इससे पहले वे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के संस्थापकों में एक पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान कर चुके हैं। चौधरी चरण सिंह की किसानों के मसीहा के रूप में पहचान है। इसमें कोई शक नहीं कि चौधरी साहब जीवन पर्यन्त कभी लोकदल, कभी भारतीय क्रांति दल, कभी जनता पार्टी और कभी जनता दल के जरिए देश के किसानों के लिए आवाज उठाते रहे। उनकी पैठ केवल उत्तर प्रदेश न होकर हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों के किसानों तक थी। वे ग्रामीण भारत के खास किसान नेता थे। यही वजह रही कि वे जब तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे उत्तर भारत लगभग सभी राज्यों से उनके दल के सांसद जीते। राजनीति में इंदिरा गांधी, अटल बिहारी बाजपेई और चंद्रशेखर जैसे कद्दावर राजनेता भी उनका सम्मान करते थे।

खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था। उत्तर भारत में उनकी राजनीतिक हैसियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब उन्होंने अपने बेटे चौधरी अजित सिंह को अपनी राजनीतिक विरासत सौंपी, तब करीब तीन दर्जन सांसद उनके पास थे। चौधरी चरण सिंह दो बार यूपी के मुख्यमंत्री, केंद्र सरकार में गृह मंत्री और बाद में देश के प्रधानमंत्री बने। उनकी विधानसभा की सीट छपरौली को पूरे देश में पहचान मिली। फिर वे बागपत से सांसद चुने जाते रहे। वे कहते थे कि भारत की समृद्धि का रास्ता किसानों के खेत-खलिहानों से जाता है। जिस दिन इस देश का किसान समृद्ध होगा, भारत भी उतना ही समृद्ध होगा। जहां तक उनकी राजनीतिक विरासत का सवाल है चौधरी साहब कांग्रेस छोड़ने के बाद कांग्रेस विरोधी राजनीति करते रहे, लेकिन उनके सुपुत्र चौधरी अजित सिंह (जो अमेरिका में साफ्टवेयर इंजीनियर थे) ने कांग्रेस का थामन थाम लिया। वे संघर्ष के रास्ते पर चलने के बजाए सत्ता की राजनीति के हामी रहे, इसीलिए धीरे-धीरे हाशिए पर आए गए। यहां तक कि एक समय जहां उनके पास करीब तीन दर्जन सांसद थे, अंत में एक भी सीट नहीं जीत सके।

अपनी मजबूत विरासत वाली सीट बागपत भी खो दी। चौधरी अजित सिंह के बेटे जयंत चौधरी भी नहीं जीते। चौधरी अजित सिंह के निधन के बाद जयंत चौधरी यानी चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उनकी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। पिछले की चुनावों में उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से हाथ मिलाया था, लेकिन चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने और राजनीतिक हवा का रुख देखकर उनका एनडीए में शामिल होना निश्चित हो गया है। बस आधिकारिक घोषणा बाकी है। जयंत चौधरी के एनडीए में शामिल होने से निश्चित रूप से जाट लैंड खासकर यूपी के पश्चिमी यूपी में भाजपा को मजबूती मिलेगी।

# हल्द्वानी पर 'किसकी टिकी नजर'



संदीप मेवाड़ी
वरिष्ठ पत्रकार

अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था।

ये हुआ क्या मेरे शहर को...। मैं हल्द्वानी हूं। देवभूमि कहे जाने वाले उत्तराखंड का प्रवेश द्वार हूं। साथ ही कौमी एकता की मिसाल भी रहा हूं। यहां दीपावली पर घर घर दीप जला आतिशबाजी होती है। ईद पर हर समुदाय रोजा इफ्तार में शामिल होता है। गुरुद्वारे पर सभी धर्मों के लोग शीश नवाने पहुंचते हैं और क्रिसमस डे पर हर समुदाय चर्चों पर प्रार्थना करने पहुंचता है और सेंटा क्लॉज से उपहार लेता है।

बात करते हैं शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र में गुरुवार को हुए 'धमाके' की। दोपहर तक सब कुछ सामान्य दिख रहा था। बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक का बगीचा कहे जाने वाले क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए घरों और धार्मिक स्थलों को हटाने का मामला कई दिनों से शहर की सुर्खियों में बने रहने के साथ ही घर घर लोगों की जुबान पर तैर रहा था। अतिक्रमण ध्वस्त करने के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई थी। न्यायालय ने गुरुवार को इस मामले में अतिक्रमणकारियों को राहत देने से इंकार कर दिया, साथ ही सुनवाई के लिए अगली तारीख 14 फरवरी की नियत कर दी। न्यायालय का निर्णय क्या आया, प्रशासन को लगा अब कोई बाधा नहीं है अतिक्रमण ध्वस्त करने में। कुछ तैयारी पहले से थी और कुछ आनन फानन में कर ली गई। शाम करीब चार बजे अतिक्रमण ध्वस्त करने को प्रशानिक अमला, नगर निगम और पुलिस की टीम लेकर अतिक्रमण ध्वस्त करने के लिए मलिक का बगीचा (बनभूलपुरा) के लिए कूच कर गया। पहले कुछ लोग विरोध के लिए मौके पर पहुंचे और देखते देखते आसपास की गलियों, घरों और छतों से पत्थरों की बरसात शुरू हो गई। इस अप्रत्याशित पथराव से बचने के लिए प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के साथ ही मीडिया कर्मी जगह ढूंढने लगे। किसको पता था कि ये मानसूनी बरसात है। पुलिस इस पर जितना काबू करने की सोचती, पत्थरों के जगह जगह जमा मेघ उतना ही तेज बरसते जाते। वायरलेस सेट और मोबाइल पर इसकी सूचना जिले के साथ ही पूरे उत्तराखंड में फैलने लगी। पुलिस बल बचाव और शांति व्यवस्था के लिए मौके की ओर दौड़ गया। पर रणनीति तो पहले से ही तैयार थी।

पुलिस मलिक का बगीचा क्षेत्र में हालात काबू भी नहीं कर पाई थी कि बनभूलपुरा थाने में लोगों के झुंड ने हमला कर दिया। तब तक धरा में तो अंधेरा हो चुका था, लेकिन बनभूलपुरा उपद्रवियों की आग से धधक चुका था। नैनीताल जिले से लेकर देहरादून का मुख्यमंत्री कार्यालय तक की नजर हल्द्वानी के हालात और इस पर नियंत्रण की रणनीति बनाने में टिक चुकी थी। देश भर के इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट मीडिया में लीड खबर में हल्द्वानी धधक रहा था। कुमाऊं भर से पुलिस फोर्स, पीएसी, आईआरबी के साथ ही सेना की मदद मांगी जा रही थी। दूसरी ओर बनभूलपुरा में घिरे पुलिस और मीडिया के जवान अपनी जान की दुहाई मांगने के साथ ही इस चक्रव्यूह से निकलने के लिए जतन में जुटे थे। हालात यहां भी नहीं रुके, आगजनी और पथराव के साथ ही अब गोलियों की तड़तड़ाहट भी बनभूलपुरा की फिजाओं में गूंजने लगी थी। रात करीब नौ बजे तक पूरा बनभूलपुरा क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया और जिलाधिकारी ने कर्फ्यू घोषित कर दिया।

अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था। पर... पूरे बनभूलपुरा का आग का गोला बन जाना। थाने के बाहर खड़े दर्जनों वाहन फूंक देना, पेट्रोल बम फेंकना, पत्थरों की बारिश, जवानों और मीडियाकर्मियों को पीट पीटकर जान लेने तक आमदा होना। इससे तो यही लग रहा है कि अमन और शांति की मिसाल देने वाले इस शहर में कुछ ऐसी नजरें टिक चुकी हैं, जो लोगों की भावनाओं को गुमराह कर फिजा बिगड़ने का चक्रव्यूह रच चुकी हैं। जरूरत अब प्रशासन को 'अभिमन्यु' की है। जो 'इन नजरों' को न केवल सामने लाए, बल्कि ऐसा सबक सिखाए कि ये शहर ही नहीं पूरे राज्य और देश के लिए मिसाल बने। यही नहीं, प्रशासन को अब खुद पर भी मंथन करना होगा। खुफिया एजेंसियों को भी अपनी कार्यप्रणाली पर विचार करना होगा। इतना लाव लश्कर होने के बाद भी इतनी बड़ी नाकामयाबी। प्रशासनिक अफसर क्यों नहीं मामले की संवेदनशीलता को समझ पाए। अगर उसकी तरफ से सही तैयारी की गई थी तो क्या खुफिया एजेंसियां धार्मिक अतिक्रमण तोड़ने पर लोगों की प्रतिक्रिया का अंदाजा नहीं लगा पाई। क्या दफ्तरों में बैठकर ही अफसरों को फीडबैक दिया जाता रहा।

## सोशल फोरम

# हमारे जमाने की प्रेमिकाएं



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हमारे दौर में वैलेंटाइन डे या सप्ताह एक अनजानी-सी चीज़ हुआ करती थी। हां, प्रेम की भावनाएं तब भी थीं, वे उबाल भी मारती थीं और यदाकदा प्रोपोज भी होती थीं। उन दिनों में प्रेम के अंदाज़ अलग और तेवर आज से बहुत जुदा हुआ करते थे। इश्क़ का मतलब चाहे पता न हो, लेकिन ज़ांबाजी इतनी थी कि इश्क के प्रस्ताव तब स्याही से नहीं, खून से लिखे जाते थे। स्कूली दिनों में मैंने खून से तो नहीं, उससे मिलती-जुलती लाल स्याही से ख़त लिखकर अपनी एक सहपाठी को प्रोपोज़ किया था। ख़त 'ये मेरा प्रेमपत्र पढ़कर तुम नाराज़ ना होना' से शुरू हुआ और उस दौर के सबसे धांसू शेर के साथ अंजाम तक पहुंचा था-लिखता हूं ख़त खून से स्याही न समझना / मरता हूं तेरे नाम पे जिंदा न समझना। जैसा कि तब आमतौर पर होता था, ख़त घूम-फिरकर क्लास टीचर के हाथों में पहुंच गया। उसके बाद प्रणय-निवेदन का जो अवदान मिला, वह था हथेली पर सौ- पचास छड़ी और क्लास रूम के बाहर स्कूल की आखिरी घंटी तक मुर्गा बनकर अपनी उस एकतरफा प्रेमिका और उसकी सहेलियों का भरपूर मनोरंजन।

प्रेमिका ज्यादा 'कोमल-ह्रदय' थी सो चिट्ठी वाली बात घर तक भी पहुंचा दी गईं। फिर हुआ घर में भी इश्क़ का भूत झाड़ने का सिलसिला शुरू। उफ़्फ़ कैसी तो जालिम होती थीं हमारे ज़माने की प्रेमिकाएं! ऐसी दुर्दशा करवाने के बाद हमदर्दी का मरहम लगाना तो दूर, मुस्कुराती हुई बगल से ऐसे निकल जाती थीं कि उस दौर का दूसरा सबसे लोकप्रिय शेर जुबान पर आ जाता था-आकर हमारी कब्र पे तुमने जो मुस्कुरा दिया/ बिजली चमक के गिर पड़ी सारा कफ़न जला दिया। उसके बाद स्कूल-कॉलेज में जिस पर भी प्यार आया, वह अव्यक्त ही रहा। प्रणय-निवेदन का वैसा खूंखार प्रतिदान पाकर दोबारा प्रोपोज करने का साहस कौन जुटा पाता है? अब हिम्मत आई भी है तो तब जब अपने दिन बीत चुके हैं-सब कुछ लुटा के होश में आए तो क्या किया !

-फेसबुक वॉल से

# विवाह संस्था को बचाना होगा



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

उच्चतम न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरथना एवं आगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने हाल ही में एक मामले में टिप्पणी देते हुए कहा कि विवाह नामक संस्था को बचाना है। भले ही फिर आप हमे पुरातनपंथी ही क्यों ना कहे। निर्णय एक 44वर्षीय अविवाहित महिला की सेरोगेसी प्रेग्नेंसी का था। आजाद, कमाऊ, सामाजिक हैसियत रखने वाली एक महिला अकेलेपन से जूझने के लिए सिंगल मदर बनने को तैयार है पर विवाह कर के नहीं। ये सचमुच भारत जैसे देश में विचारणीय है कि सुप्रीम कोर्ट भी आज विवाह संस्था को बचाने के लिए नसीहत देने को मजबूर हुआ है।

भारतीय जीवन शैली में विवाह केवल दो व्यक्तियों की आवश्यकताओं के आदान प्रदान का साधन नहीं था। वरन ये एक उन्नत समाज के निर्माण की व्यवस्था थी। सप्तपदी के वचन जीवन की सुचारुता का आश्वासन देते थे। संतान को यशस्वी बनाने का दायित्व लेना ही पति पत्नी होना था। उत्तम विवाह एवम उत्तम दंपती उत्तम परिवार वा समाज की गारंटी थे। बड़ी पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को नई पीढ़ी के निर्माण के लिए आशीर्वाद देकर आगे बढ़ाती थी। आज विवाह आशीर्वाद देकर नहीं आशंकाएं देकर किए जाने लगे। आश्वासन और आशा नहीं वरन अपेक्षाएं देकर बच्चों को समाज के मैदान में उतार दिया जाता है। संबंधों के प्रारंभ ही अहम और अविश्वास से होने लगे इस स्थिति ने विवाह संस्था को परिवार व्यवस्था को बड़ी चोट पहुंचाई है।

यदि इसके कारणों पर ध्यान दें तो पाएंगे कि स्त्री पुरुष समानता की व्याख्या बहुत भ्रामक रूप से समाज में प्रसारित हुई। समानता का तात्पर्य केवल धन और सामाजिक पद प्रतिष्ठा से जोड़ा जाने लगा। जिसकी प्राप्ति के लिए पारिवारिक दायित्व को बाधा स्वरूप प्रस्तुत कर स्त्री को धीरे-धीरे दूर किया गया। दूसरे जब स्त्री ने बाहर की दुनिया से तालमेल बिठाती स्त्री अपने अंतर के स्त्रीत्व को कमजोरी मानने लगी। तीसरा आपाधापी के इस युग में वैचारिक एवम भावात्मक दृष्टिकोण शून्य की ओर बढ़ने लगे। वैवाहिक जोड़ो में आपसी समझ का अभाव आने लगा। अब कोई प्रेम में झुकने को तैयार नहीं हैं।

चौथा समाज में विविध प्रकार की मॉडरनाइज्ड पद्धतियों ने विवाह की सांस्कृतिक रस्मों तथा परंपराओं को नकार दिया है। ये परंपराएं परिवार के महत्व की व्याख्या करती थी। तरह तरह के गीत और रस्मों के माध्यम से जीवन को सुलझाने की शिक्षा देती थी। जिन्हें व्यापारवाद ने फोटोशूट और डेस्टिनेशन वेडिंग पर लाकर पटक दिया है। पांचवा उपयोग के दौर में हर निर्णय उपयोगिता के सिद्धांत पर तय हो रहा है इसलिए भी विवाह अनुपयोगी माने जाने लगे। उच्चतम न्यायालय ने खासतौर से कहा कि हम पाश्चात्य देशों की भांति इन साधनों को भारतीय समाज में स्वीकार नहीं कर सकते। भारत की जनसंख्या यूं ही कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कुछ पश्चिमी देशों में प्रजनन के लिए माता को सरकारी सहायता मिलती है और महिलाओं ने इसी को अपना व्यापार बना रखा है। भारत जैसे पारंपरिक देश में विवाह संस्था यहां के समाज का बुनियादी ढांचा है। यहां सिंगल मदर सिंगल फादर का चलन पचाना मुश्किल है। यहां माता पिता ही नहीं, बड़ी माता, छोटी माता, बुआ ,मौसी, बड़े पापा, छोटे पापा, बाबा,दादी, नाना, नानी मामा मामी और भी ढेरों रिश्ते। ये रिश्ते नाते और रिश्ते निभाने की पद्धतियां छोटे बच्चों को सामाजिक स्वीकृतियां देती थी। उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा देती थी। बढ़ते तलाक, अलगाव और हिंसा के केस ये पुरजोर स्वरों में कह रहे हैं कि विवाह संस्था को भारतीय समाज में पुनः पुरातन प्रकृति से ही स्थापित करना होगा ।

# अध्यात्म में मौन महत्वपूर्ण



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

अध्यात्म जगत में मौन का सदा से ही महत्वपूर्ण स्थान रहा है, क्योंकि अध्यात्म के शिखर को छूने में इस मौन का प्रमुख योगदान होता है। इसलिए हमारी संस्कृति में मौन को किसी भी व्यक्ति के लिए आध्यात्मिक शिखर तक पहुंचने का एक सटीक एवं शाश्वत माध्यम माना गया है। यही कारण है कि हमारे तमाम ऋषि-मुनियों और साधू-संतों ने मौन को अपनी आध्यात्मिक साधना का एक महत्वपूर्ण अंग बनाया, इसे प्रतिष्ठित किया। मौनी अमावस्या के दिन भगवान श्रीहरि विष्णु एवं भगवान शिव की पूजा का विधान है।

माना जाता है कि अमावस्या की सभी तिथियों में से मौनी अमावस्या को बेहद उत्तम माना गया है। इस खास अवसर पर मौन रहना शुभ होता है। मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदी में स्नान करना फलदायी होता है। इस दिन श्रद्धा भाव से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके अलावा दान भी किया जाता है। माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन दान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मौनी अमावस्या के दिन की शुरुआत भगवान विष्णु के ध्यान से करके पवित्र नदी में स्नान करके दान किया जाता है। मान्यता के अनुसार, इस दिन पवित्र नदी या गंगाजल और पानी से स्नान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# इटावा में पुआल ढेर में मिला जला हुआ मानव का कंकाल

## पुलिस बोली, डीएनए टेस्ट से पता लगेगा महिला है या पुरुष

संवाददाता बसरेहर, इटावा


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खाली प्लॉट में पुआल के ढेर में आग से जला मानव कंकाल पाया गया। ग्रामीणों के मुताबिक महिला को जलाकर मार दिया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि कंकाल महिला या पुरुष का है यह अभी स्पष्ट नहीं है। डीएनए टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

वैदपुरा थाना क्षेत्र के गांव छितौनी में सड़क के किनारे खाली पड़े प्लॉट में पुआल के ढेर में एक जलता हुआ शव बरामद हुआ। सुबह चौकीदार अमरनाथ ने सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी समित चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर आ गए, मौके की नजाकत को भांपते हुए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। सीओ सैफई नागेंद्र चौबे मौके पर पहुंचे, फॉरेंसिक टीम ने नमूने एकत्रित लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। शव 85 फीसदी तक जल चुका था जिससे उसकी पहचान नहीं हो पा रही है देखने से युवती प्रतीत हुई जो 25 से 30 साल के मध्य की होगी। अनुमान लगाया गया कि रात में किसी और स्थान से हत्या कर शव को यहां लाकर सबूत मिटाने के इरादे से पुआल के ढेर में जला दिया। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि शव महिला का है या पुरुष का। आगामी 72 घंटे तक पहचान कराने के प्रयास किए जाएंगे।

### डेढ़ दशक पहले भी इसी तरह का हुआ था दुस्साहस

डेढ़ दशक पहले थाना बसरेहर क्षेत्र में गांव अकबरपुर और लालपुरा के मध्य एक महिला को इसी तरह पुआल के ढेर में जलाकर मार डाला गया था। उसकी चूड़ियां देखकर बुजुर्ग महिला ने बेटी के रूप में पहचान की लेकिन पुलिस ने मामला डीएनए टेस्ट के हवाले कर दिया था। अभी तक उस मामले का पुलिस ने खुलासा नहीं किया। हालांकि जनता सब कुछ जानती है।

### कन्नौज के अधेड़ का शव फंदे पर लटका मिला

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पड़ोसी जिला कन्नौज के अधेड़ का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ राय ने बताया कि कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव शेखपुर रूस्तमपुर मं एक 52 वर्षीय अधेड़ का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। युवक की जामा तलाशी लेने पर उसके पास एक आधार कार्ड मिला। जिससे उसकी शिनाख्त आनन्द कुमार थाना छिबरामऊ के गांव आसमपुर पट्टी के निवासी के रूप में की गई। सीओ ने बताया कि मृतक के पास से 66 रुपये व बहुत सारे डॉक्युमेंट्स बरामद हुए है। वह एक पैर से दिव्यांग है। मृतक के घर सूचना भेज दी गई है। घटना के सम्बन्ध में पुलिस छानबीन कर रही है। शव का पोस्टमार्टम करा कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।


परिचय जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

## बटाईदार भी बेंच सकेंगे सरकारी केंद्र पर गेहूं

**तिर्वा, कन्नौज।** सरकारी दामों पर किसानो की फसल खरीदने के लिए खुलने वाले क्रय केंद्र पर अब किसान के साथ-साथ बटाईदार भी अपनी फसल की बिक्री कर सकेंगे।

यह जानकारी देते हुए मंडी में संचालित विपणन शाखा के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि अभी तक जिन किसानों के नाम खेती होती थी वह अपना पंजीकरण कराकर सरकारी केंद्र पर फसल की बिक्री कर पाते थे। बटाईदार अपनी फसल बिक्री के लिए भटकते रहते थे। आखिर में फसल बिचौलियों को बेंच देते थे। इस समस्या को देखकर सरकार ने एक अप्रैल से गेहूं खरीदने के लिए खुलने वाले क्रय केंद्र पर अब किसानो के साथ-साथ उनके बटाईदार की फसल भी खरीदने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए बटाईदार को किसान का सहमति प्रमाण पत्र देना होगा जिससे यह सिद्ध हो सके कि जो व्यक्ति बिक्री के लिए आया वह किसान का बटाईदार है। बताया कि इस व्यवस्था से बटाईदार बिचौलियों के शोषण से बच सकेंगे।

# हत्या में पिता व तीन बेटों को सजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एक बेटे को सात साल का सश्रम कारावास व दस हजार रुपये अर्थदंड
- अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट-द्वितीय) ने सुनाया निर्णय


सजा सुनाए जाने के दौरान कटघरे में खड़े दोषी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विवाद के दौरान युवक की हत्या में नामजद पिता व उसके तीन बेटों को कोर्ट ने दोष सिद्ध करते हुए कठोर सजा सुनाई है। इसमे एक बेटे को गैर इरादतन हत्या में सात साल का कठोर कारावास व दस हजार रुपये अर्थदंड तथा पिता व दो अन्य बेटों को छह-छह माह का कठोर कारावास तथा एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। सजा सुनाए जाने के बाद दोषियों को जिला कारागार भेज दिया गया।

शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किनौरा निवासी रामबाबू पुत्र कामता प्रसाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 दिसंबर 2014 को शाम पांच बजे गांव के जगदीश ने ट्रैक्टर से पुआल लाकर दरवाजे पर डाल दिया, जिसे उनके छोटे भाई रमेश उर्फ पप्पू की पड़िया (भैंस का बच्चा) खाने लगी। जगदीश पड़िया को मारने लगा, जिसका रमेश ने विरोध किया। इस पर जगदीश और उनके बेटे गुड्डन, संजय उर्फ कल्लू व रजनीकांत रमेश को पीटने लगे। रजनीकांत से बेल्ट का फंदा रमेश के गले में फंसा दिया और जमीन पर गिरा दिया, जिससे वह तड़पने लगा। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से आठ गवाह पेश किए गए। शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट-द्वितीय) हरेंद्रनाथ ने पिता व तीनों बेटों को दोषी करार दिया और मुख्य अभियुक्त रजनीकांत को हत्या का दोषी मानते हुए सात साल कठोर कारावास व दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। जुर्माने की धनराशि जमा न करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं, जगदीश, गुड्डन व संजय उर्फ कल्लू को मारपीट में छह-छह माह का कठोर कारावास व एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कोर्ट ने इन तीनों गैर इरादतन हत्या व अपशब्द के आरोप से दोषमुक्त किया है।

### अनियंत्रित वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मौत की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। जनपद औरैया के बेला थाना क्षेत्र के हरिवंशपुर गांव निवासी आकाश (26) पुत्र लालाराम बाइक से कन्नौज की ओर आ रहा था। जैसे ही वह कोतवाली क्षेत्र के लिलुइया गांव के पास पहुंचा तो एक अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिलती है तो रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में भरथना के युवक की जान गई

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** भरथना कोतवाली ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम पालीखुर्द पंचायत के नगला चुन्नी की मड़ैया निवासी युवक की राजस्थान के भीलभाड़ा में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। शव राजस्थान से गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया।

गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य राम जनक यादव ने बताया कि ग्राम नगला चुन्नी की मड़ैया निवासी रजनीश कुमार राजस्थान के भीलवाड़ा स्थित एक सूत मिल में मजदूरी करता था। वह दस दिन पूर्व ही भीलवाड़ा गया था। बुधवार को होटल में खाना खाकर अपने कमरे पर लौटते समय पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने रजनीश को टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया, वहां मौजूद लोग उसे अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने रजनीश को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की जानकारी परिजनों को मिलते ही उनके परिजन राजस्थान भीलवाड़ा पहुंच गए।

# ब्लैकमेलिंग से तंग आ ले ली थी फोटोग्राफर की जान

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- दो माह पहले असिस्टेंट प्रेमिका को लेकर गया था उसके घर

**अमृत विचार।** प्रेमिका के साथ अश्लील फोटो व वीडियो बनाने के बाद इसे वायरल करने की धमकी देकर धन उगाही से परेशान होकर असिस्टेंट ने ही फोटोग्राफर की ईंट से कुचलकर हत्या की थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त ईंट बरामद की है।

बुधवार की रात कस्बे के इंद्रानगर मोहल्ला निवासी शकील उर्फ मुन्ना की ईंट से कूंचकर उस समय हत्या कर दी गई थी जब वह सो रहा था। मामले में घटना की सूचना देने वाले हत्या के आरोपी डम्मरपुर गांव निवासी अमित गौतम पुत्र लक्ष्मीनारायण को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। इसके खिलाफ मृतक के भाई ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस को पूछताछ में उसने बताया कि वह शकील के साथ ही फोटोग्राफी का काम करता था। दो माह पहले वह अपनी प्रेमिका को लेकर उसके घर पर रुका। तब शकील ने उसके साथ प्रेमिका का अश्लील फोटो व वीडियो बना लिया। शकील इसे वायरल करने धमकी देकर लगातार धन उगाही कर रहा था। इसके चलते उसे अपनी बाइक भी बेचनी पड़ी थी।


हत्यारोपी व बरामद ईंट जिससे हत्या की थी।

घटना की रात शकील ने उसे बुलाकर पैसे मांगे अन्यथा फोटो वायरल करने की धमकी दी। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई तो शकील ने उसे डंडा मार दिया। उसने बचाव करते हुए पास में पड़ी ईंट उठाकर शकील के सिर में मार दी तथा वह कैमरा वाला बैग लेकर छत के रास्ते उतरकर थाने गया। पुलिस को हत्या करने की जानकारी देते हुए गुमराह करने का प्रयास किया किंतु असफल रहा। प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि हत्या में प्रयुक्त ईंट व बैग बरामद कर लिया गया है। हत्यारोपी को जेल भेजा गया है।

# गौशाला निर्माण में लग रही घटिया ईट पकड़ी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** विकासखंड शमसाबाद के दुबरी में निर्माणाधीन वृहद गोशाला का जिलाधिकारी डॉ. वी केसिंह ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण में ईंटें घटिया होने पर डीपीसी का काम रुकवा दिया।

जिलाधिकारी को गोशाला निर्माण में उपयोग की गई जा रही सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं मिली। जिलाधिकारी ने स्वयं ईट को तोड़कर देखा तो वह मानक के अनुरूप नहीं मिली। डीपीसी की क्वालिटी अत्यंत ही खराब पाई गई। जिलाधिकारी ने मौके पर ही उसे गिरवा दिया। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी व एक अन्य अधिशासी अभियंता की कमेटी बना कर हो रहे निर्माण की साप्ताहिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। खराब ईट तुरंत ही हटाने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को चेतावनी दी कि अब अगर कार्य खराब हुआ तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# राहुल का पुतला फूंक जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिर्वा क्रॉसिंग पर प्रदर्शन कर की नारेबाजी
- ओडिशा में कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर लगाया जाति बदलने का आरोप


राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान ओडिशा में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जाति बदलने का आरोप लगाया। इस पर भाजपाई भड़क गए और तिर्वा क्रॉसिंग पर कांग्रेस नेता का पुतला फूंक कर नारेबाजी की। भाजपाइयों ने मांग की कि कांग्रेस नेता को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे प्रधानमंत्री और देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

शुक्रवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री जीतू प्रजापति व भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक अभिषेक पांडेय आजाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर की तिर्वा क्रॉसिंग पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंक दिया। कार्यकर्ताओं ने जलते हुए पुतले की चप्पल-जूतों से पिटाई करते हुए नारेबाजी की। जिला संयोजक ने बताया कि कांग्रेस नेता ने ओडिशा में बयान दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामान्य वर्ग में जन्मे हैं, बाद में उन्होंने जाति बदल ली और ओबीसी में शामिल हो गए। इसीलिए वह जाति जनगणना नहीं करा रहे हैं। उनके इस बयान से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने मांग की कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री सहित पूरे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकृत मानसिकता का शिकार है, इसीलिए वह राष्ट्र विरोधी बयान दे रही है। जो पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को ही कुत्तों की संज्ञा दे रही है, उससे उसकी दूषित मानसिकता का पता चलता है। राहुल अपने पूर्वजों की तरह देश को बांटने की राजनीति कर रहे हैं।

## निराश्रित गोवंशों को स्कूल में बंद किया

**कन्नौज।** ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटरी अमीनाबाद के मजरा भिम्मापुर्वा में उच्च प्राथमिक स्कूल था। भवन जर्जर होने से कमरे गिरा दिए गए। वर्तमान में चहारदीवारी और स्कूल के नाम वाला बोर्ड लगा है। ग्रामीणों ने अन्ना मवेशियों को पकड़-पकड़कर उसमें बंद कर दिया। आरोप है कि सड़कों व गांव में घूमने वाले मवेशी पकड़े नहीं जाते हैं। इससे फसलों को काफी नुकसान होता है। सड़कों पर हादसे में लोगों की जान तक चली जाती है। मवेशियों से लोगों के घायल होने के मामले तो आए दिन आते हैं। जानकारी होने पर कई अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इस बाबत ग्राम पंचायत सचिव विमल दुबे का कहना है कि बच्चे करीब एक महीने से दूसरे स्कूल में पढ़ रहे हैं। जर्जर होने से भवन टूट रहा है। अभियान के तहत मवेशी कैटल कैचर से पकड़े लिए गए हैं।

# कन्नौज : एआरटीओ दफ्तर में नहीं घुस सकेंगे दलाल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बाहर पसरा रहा सन्नाटा, खाली पड़ी रही बाबू की पटल खिड़की


एआरटीओ दफ्तर में बाबू के पटल खिड़कियों पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार


बाबू की अलमारी में मिली वाहनों की चेसिस नंबर कटिंग
नौ फरवरी को प्रकाशित खबर।

**अमृत विचार।** एआरटीओ दफ्तर का नजारा शुक्रवार को खासा बदला नजर आया। यहां एआरटीओ के आदेश से दलालों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। इससे बाबू के पटल की खिड़की पर सन्नाटा दिखाई दिया। हिम्मत जुटा कर कुछ दलाल फाइल लेकर पहुंचे तो बाबुओं ने उनको भगा दिया।

एआरटीओ कार्यालय के बाहर दलालों की दुकानें सजी हैं। दलाल लोगों को जल्द से जल्द काम कराने का भरोसा देने के बाद रुपये लेकर काम कराते हैं। इन लोगों ने इसकी बाकायदा दरें भी तय कर रखीं हैं। अमृत विचार ने शुक्रवार के अंक में प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया। इसका असर यह हुआ कि एआरटीओ इज्या तिवारी दफ्तर पहुंचीं और सबसे पहले कार्यालय में घुसे दलालों को बाहर निकलवाया। इसके बाद सभी बाबुओं को कड़े निर्देश दिये कि वे दलालों के माध्यम से आने वाली फाइलें पास नहीं करेंगे। यदि किसी बाबू के पास दलाल दिखते हैं तो संबंधित पर कार्रवाई की जायेगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे तक कार्यालय परिसर में एक भी दलाल ने प्रवेश नहीं किया। इसके बाद एआरटीओ लंच पर गईं तो कुछ दलाल कार्यालय के अंदर चहलकदमी करते दिखे। हालांकि एआरटीओ के खौफ से बाबू उनसे कार्यालय के बाहर निकलने की बात कहते रहे। कुछ दलालों ने अपनी फाइलें विंडों से पटल के बाबू को सौंपीं। एआरटीओ की नाराजगी के चलते कार्यालय में प्रतिदिन की तरह भीड़ नहीं दिखी। इक्का-दुक्का लोग ही काम लेकर बाबू के पटल खिड़की के सामने दिखाई दिये। कुछ दलाल कहते सुने गए कि 'यह एआरटीओ का दफ्तर है। यहां उनके बगैर कोई काम होना संभव नहीं है। हर व्यक्ति के पास समय नहीं होता कि वह कई दिनों तक दफ्तर के चक्कर लगाए। इसीलिये वह फाइल व काम के अनुसार बताये गये रुपये थमा कर चले जाते हैं। इससे दलाल, बाबू व जिस व्यक्ति का काम है वह खुश रहता है।' यहां बता दें कि पूर्व में भी यहां सख्ती की जाती रही लेकिन कुछ दिन सब ठीक रहने बाद पुराना ढर्रा लौट आता रहा है।

**आस्था और विश्वास** | मौनी अमावस्या पर हजारों भक्तों ने लगाई गंगा में डुबकी, गंगा जाने वालों की भीड़ से संकरे पड़े मार्ग

# संत-महात्माओं ने किया शाही स्नान, भीड़ से लगता रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


पांचाल घाट पर भक्तों की उमड़ी भीड़। अमृत विचार


शोभा यात्रा निकाल रहे संत महात्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगा के पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में मौनी अमावस्या पर कल्पवास कर रहे संत-महात्माओं ने शाही स्नान किया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ ने भी गंगा स्नान किया। भीड़ की वजह से मार्ग संकरे पड़ गए। इटावा बरेली हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही। हजारों भक्तों ने भागीरथी में डुबकी लगाई।

महाभारत कालीन इतिहास अपने जेहन में संजोए पांचाल घाट पर इस समय प्रयागराज की तरह माघ मेला लगा हुआ है। इस मेले में देश भर से आये संत-महात्मा और गंगा भक्त एक माह का कल्पवास कर रहे हैं। संतों ने तीसरा शाही स्नान शुक्रवार को मौनी अमावस्या पर पंचदशनामी जूना अखाड़े के महंत सत्य गिरी महाराज की अगुवाई में सुबह 4 बजे किया। इस मौके पर भारी संख्या में सन्त महात्मा मौजूद रहे।इसके बाद स्नान शुरू हो गया। दूर दराज से आये गंगा भक्तो ने भी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। गंगा स्नान करने वाले भक्तो की बजह कई बार पांचाल घाट पुल पर जाम लग गया।इटावा बरेली हाइवे पर समा चार लिखे जाने तक जाम लगा हुआ है। गंगा स्नान करने वालो के हर मार्ग से जत्थे पहुंच रहे हैं। शमसाबाद के ढाई घाट तथा श्रृंगीरामपुर में भी मौनी अमावस्या पर स्नान जारी है। भारी संख्या में लोग पहुंच कर गंगा में डुबकी लगा रहे हैं।

### संतों ने निकाली शोभा यात्रा

मेला रामनगरिया में कल्पवास कर रहे संत-महात्माओं ने मौनी अमावस्या पर पंचदशनामी जूना अखाड़े के महंत सत्य गिरी महाराज की अगुवाई में शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा का जगह जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर सत्य गिरी महाराज ने कहा कि मौन में परमात्मा घटित होता है। मौन से बड़ा कोई ध्यान नही है। जो शब्द जवान से बोले जाते है वह शब्द हमारे होते हैं। मौन ही सत्य है। इस बजह से मौनी अमावस्या को संत-महात्मा व कल्पवासी गंगा स्नान करते हैं। उन्होंने कहा कि मौन रह कर साधना करने से साधक को सहज रूप से आत्मा-परमात्मा का ज्ञान हो जाता है।

# गैरहाजिर शिक्षक की दर्ज मिली उपस्थिति

संवाददाता, अमृतपुर फर्रुखाबाद

- परतापुर विद्यालय में एसडीएम को मिलीं खामियां

**अमृत विचार।** एसडीएम ने राजेपुर ब्लाक के दो प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। संविलियन विद्यालय हमीरपुर परतापुर में निरीक्षण के दौरान सहायक अध्यापक संतोष कुमार अनुपस्थित मिले, जबकि उपस्थिति रजिस्टर में उनके फर्जी हस्ताक्षर अंकित पाए गए।

एसडीएम रविंद्र सिंह द्वारा छात्रों से सवाल पूछने पर शैक्षिक गुणवत्ता न्यूनतम पाई गई। विद्यालय मे दर्ज कुल 78 छात्रों मे मात्र 29 छात्र उपस्थित होने पर एसडीएम ने नाराजगी जाहिर की तथा अध्यापकों को उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर मे गंदगी मिली। पूछने पर पता चला कि गांव में नियुक्त सफाई कर्मी ड्यूटी नहीं करता। प्राइवेट कर्मी आशीष को अपनी जगह सफाई के लिए भेज देता है। एसडीएम ने विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता और साफ सफाई सुधारने के निर्देश दिए। उसके बाद एसडीएम प्राथमिक विद्यालय माखन नगला पहुंचे। सफाई कर्मी उमेश अनुपस्थित पाया गया। सफाई संतोषजनक नही पाई गई।

एसडीएम ने छात्रों के साथ बैठकर मिड-डे मील का भोजन चखा। एसडीएम रविन्द्र सिंह ने बताया कि विद्यालयों में खाना मीनू अनुसार बनाया गया था। खाने की गुणवत्ता ठीक पाई गई। उन्होंने बताया अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई के लिए विभाग को लिखा जायेगा। सफाई कर्मी द्वारा प्राइवेट कर्मी लगाकर सफाई कराने का मामला संज्ञान मे आया है। इस पर भी कार्रवाई के लिए लिखा जायेगा।

# अमिताभ बोले- 'छोरा गंगा किनारे वाला' ही मेरी पहचान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मैं कहीं भी रहूं लेकिन "छोरा गंगा कनारे वाला" ही मेरी पहचान है। जब लोग पूछते हैं कि आपका उम्र से कहां से नाता है, तो बाबूजी की बताई अवधी की कहावत याद आती है कि-हाथी घूमे गांव-गांव, जेकर हाथी ओकर नाव। ये सच है कि मेरी पैदाइश इलाहाबाद में हुई, उसके बाद दिल्ली, कलकत्ता और मुबंई रहे। जहां भी रहे कहलाए छोरा गंगा किनारे वाला ही। ये कहकर शुक्रवार को फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन ने प्रशंसकों की अपार भीड़ का दिल जीत लिया। वह यहां सिविल लाइंस स्थित एक प्रतिष्ठान का उदघाटन करने आने आए थे।



मंच पर आते ही उन्होंने प्रशंसकों को हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया और जयश्री राम का जोरदार उद्घोष कर लागों में उत्साह भर दिया। जिससे समूचा माहौल राममय हो गया। उन्होंने कहा कि ऐसा मेरा मानना है कि अयोध्या आना-जाना अब निरंतर लगा रहेगा। वहीं अमिताभ की एक झलक पाने को बेताब प्रशंसकों की भारी भीड़ रही। लोग सड़क के दोनों ओर, आसपास की छतों, दीवारों पर उनके दीदार के लिए घंटों खड़े रहे। इस दौरान सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। एक ओर की

# रामलला के दर्शन करने पहुंचे श्रीलंका के सांसद

**अयोध्या :** रामलला के दर्शन करने के लिए श्रीलंका के सांसद लक्ष्मण नमल राजपक्षे शुक्रवार को पत्नी समेत महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पर इंडिगो की फ्लाइट से पहुंचे।

यहां लक्ष्मण नमन राजपक्षे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 500 वर्ष बाद भगवान राम लला के भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई है। पहले भगवान राम टेंट में विराजमान थे। जिससे रामभक्त काफी दुखी थे। अब दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। मुझे लगता है विश्व का सबसे बेहतरीन मंदिर में से एक राम मंदिर है। भगवान राम से मिलने खुद लक्ष्मण आए हैं। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति व पूर्व प्रधानमंत्री महिंद्रा राजपक्षे के पुत्र हैं लक्ष्मण नमल राजपक्षे। दर्शन पूजन के बाद वो वापस चले गए।

# जिसकी जली लाश मिली वह हरियाणा में घूमता मिला

संवाददाता, सुलतानपुर

- प्रेमी ने लापता चालक की हत्या की थी, प्रेमिका के नंबर पर फोन से जुड़ता गया तार
- पत्नी व दो बच्चों व नौ लाख के कर्ज से छुटकारे के लिए वारदात को दिया अंजाम

**अमृत विचार।** टेलीविजन के फेमस सीरियल क्राइम पेट्रोल के एक एपिसोड की कहानी देख सुलतानपुर में युवक ने एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दे डाला। जिस युवक का जला हुआ शव मिला, घर वाले मृत्यु भोज कर शांति पाठ करा डाले वह हरियाणा में घूमता हुआ पाया गया। एक दुसरी गुमशुदगी व प्रेमिका के नंबर पर आए फोन से पुलिस ने तार जोड़ा तो इस सनसनीखेज मामले का खुलासा हो गया है। पत्नी और दो बच्चों से पीछा छुड़ाकर प्रेमिका को पाने और नौ लाख के कर्ज से बचने को युवक ने खुद की फर्जी कत्ल की कहानी रच डाली थी।

कोतवाली देहात थाने के दुबेपुर गांव में बीते 16 जनवरी की सुबह फार्म हाउस पर बूझे हुए अलाव के समीप जला हुआ शव पाया गया था। जिसकी शिनाख्त गांव के ही विक्रांत वर्मा पुत्र रमेश कुमार के रूप में हुई थी। शव का पंचनामा कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस इसे आत्महत्या मानकर चल रही थी। उधर, परिजनों के दबाव पर पुलिस ने दो दिन बाद अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर शांत बैठ गई थी। हालांकि, स्वाट टीम चुपचाप प्रकरण में काम कर रही थी। हत्या का केस दर्ज करने के बाद पुलिस की तफ्तीश में विक्रांत की प्रेमिका का नाम भी सामने आया था। विक्रांत की प्रेमिका को पुलिस ने संदिग्ध मानते हुए राडार पर रखा था। उसका नंबर भी सर्विलांस पर लगा रखा था। इसी बीच करीब 10 दिन बाद सीएचसी दूबेपुर में संविदा पर तैनात अयोध्या जनपद के खंडासा थाना क्षेत्र के रौतावा निवासी द्वारिकानाथ शुक्ल की गुमशुदगी का प्रार्थना पत्र थाने पर पड़ा। इसकी जानकारी मिलते ही स्वाट व सर्विलांस टीम सक्रिय हो गई। इसी बीच विक्रांत के प्रेमिका के नंबर पर एक ही नंबर से हरियाणा से लगातार कॉल आने लगा। इसके बाद पुलिस को अधजला शव मिलने और गुमशुदा संविदा चालक का तार जुड़ता दिखा। फिर यहां से पुलिस हरियाणा पहुंच गई, जहां पर उसे विक्रांत वर्मा जिंदा टहलता हुआ मिला। पुलिस की सख्ती के बाद विक्रांत ने पूरी वारदात को पुलिस के सामने बयां कर दिया। उसने बताया कि उसे क्राइम पेट्रोल सीरियल से आइडिया मिला था।

### खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार का ईनाम

एसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि खुलासा करने वाली टीम को साहसिक व सराहनीय कार्य के लिए 25 हजार रुपये से पुरस्कृत किया गया है। टीम में एसओ श्याम सुंदर, दारोगा अखिलेश, विनय कुमार सिंह, स्वाट प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह व अन्य शामिल रहे।

### शराब पिलाकर कर दी थी संविदा चालक की हत्या

एसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि विक्रांत बैंक के कर्ज से बचने और पत्नी व दो बच्चों से छुटकारा पाने के लिए इस वारदात को अंजाम देने की बात कबूल किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त विक्रांत वर्मा अपने सहयोगी शक्तिमान व अनुज साहू निवासी तुमरहिया थाना सोरो जनपद कासगंज उप्र (वर्तमान पता, हरियाणा पानीपत) के साथ मिलकर दूबेपुर सीएचसी पर तैनात संविदा चालक द्वारिकानाथ शुक्ल को अमहट शराब के ठेके पर ले जाकर शराब पिलाकर गला दबाकर हत्या कर दी थी। शव की शिनाख्त न हो इसके लिए पेट्रोल डालकर उसे जला दिया था। शव को अपना दिखाने के लिए अपने फार्म हाउस पर अलाव के पास रख दिया था। साथ ही बगल ही बाइक पर विक्रांत ने पैंट में अपनी मोबाइल भी छोड़ दी थी। इसके बाद सहयोगियों के साथ वह हरियाणा चला गया था। कुछ दिन शांत रहा, फिर वह प्रेमिका के संपर्क में नए नंबर से फोन करने लगा। यही से पुलिस की पकड़ मजबूत होती गई और मामले में कड़ी से कड़ी जुड़ती चली गई। सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम ने बताया कि आठ फरवरी को पुलिस ने विक्रांत व उसके दो सहयोगियों को गली नंबर 28 वार्ड नंबर 16 थाना विकास नगर सेक्टर 29 पानीपत हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को पुलिस ने इसका खुलासा किया है।

# एंटी भू-माफिया कमेटी खाली कराएगी जमीन

## नादरगंज में बुलडोजर चलाकर कब्जामुक्त कराई जाएगी सरकारी जमीन, एमडी के पत्र पर प्रशासन सक्रिय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरोजनी नगर के नादरगंज में कुछ वकीलों के सहयोग से योजनाबद्ध तरीके से कब्जा की गई उप्र लघु उद्योग निगम (यूपीएसआईसी) की जमीन बुलडोजर चलाकर मुक्त कराई जाएगी। यूपीएसआईसी के एमडी का पत्र मिलने पर एडीएम प्रशासन ने एसडीएम सरोजनी नगर को एंटी भू-माफिया अभियान के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



बद्री नगर इंडस्ट्रियल एरिया नादरगंज में यूपीएसआईसी की जमीन पर किया गया कब्जा।

स्थानीय लोगों के अनुसार, बद्री नगर इंडस्ट्रियल एरिया नादरगंज में यूपीएसआईसी की जमीन खसरा संख्या 3418 पर पिछले माह ग्राम अमौसी निवासी रवि गुप्ता ने दिनदहाड़े योजनाबद्ध तरीके से बाउंड्रीवाल और गेट लगाकर कब्जा किया था। इसमें कुछ वकीलों ने सहयोग किया और विरोध करने पर लोगों को धमकी दी। इस जमीन की यूपीएसआईसी के एमडी राजेश कुमार ने राजस्व विभाग से जांच कराई थी। जिसमें रवि गुप्ता द्वारा कब्जा करने की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट के आधार पर एमडी ने डीएम सूर्य पाल गंगवार को जमीन कब्जा मुक्त कराने के लिए पत्र लिखा था। जो मिलने पर शुक्रवार को एडीएम प्रशासन डॉ. शुभि सिंह ने एसडीएम सरोजनी नगर फाल्गुनी सिंह को एंटी भू-माफिया अभियान के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वह राजस्व, पुलिस व यूपीएसआईसी के अधिकारियों से समन्वयक बनाकर जमीन खाली कराएंगी।

- कुछ वकीलों के सहयोग से कब्जा की गई थी सरकारी जमीन

> इस मामले पर एंटी भू-माफिया के तहत कार्रवाई करने के निर्देश एसडीएम सरोजनी नगर को दिए हैं। जो यूपीएसआईसी, राजस्व व पुलिस से समन्वय बनाकर सरकारी जमीन कब्जा मुक्त कराएंगे।
>
> – डॉ. शुभि सिंह, एडीएम प्रशासन

> एमडी की तरफ से कार्रवाई के लिए डीएम को पत्र भेजा है। पुलिस-प्रशासन के सहयोग से जल्द निगम की जमीन खाली कराएंगे। कब्जेदार पर कार्रवाई करेंगे।
>
> – एसके राय, अधीक्षण अभियंता यूपीएसआईसी, कानपुर

### पहले बनाई दीवार, अब डालने लगा कबाड़

रवि गुप्ता ने जमीन पर पहले डस्ट डालकर कब्जा किया। इसके बाद 40 से 50 लोगों को मौके पर इकट्ठा कर उनकी मदद से सीमेंट के पिलर डालकर अस्थाई दीवार बनाई और गेट लगाकर जमीन चारों तरफ से घेर कर कब्जा कर लिया। इससे पहले भी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया था। जो तीन बार पुलिस ने रुकवाया था लेकिन, बाद में मिलीभगत कर जमीन पर कब्जा कर लिया गया। जांच में कब्जेदार के पास जमीन के स्वामित्व संबंधित दस्तावेज नहीं मिले। इधर, कुछ दिनों से जमीन पर कबाड़ डाला जाने लगा है। बताया यह भी गया कि ये लोग गिरोह बनाकर सरकारी जमीन कब्जा करते हैं। आसपास कई जमीन इसी तरह से कब्जा की हैं।

# बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू में लगाई डुबकी

**अयोध्या :** मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को रामनगरी में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान के बाद मठ-मंदिरों में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को लगभग तीन श्रद्धालुओं ने रामजन्मभूमि में रामलला का दर्शन-पूजन किया। मौनी अमावस्या पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के भी व्यापक इंतजाम किए गए थे। मौनी अमावस्या का पर्व वैसे तो प्रयागराज के में गंगा घाट का उत्सव माना जाता है लेकिन शास्त्रों में कहा गया है की गंगा बड़ी गोदावरी तीर्थराज प्रयाग, सबसे बड़ी अयोध्या नगरी जहां राम लिहिन अवतार। यही कारण की लाखों की संख्या में गंगा नदी में स्नान करने के बाद श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर सरयू स्नान के बाद मठ-मंदिरों में दर्शन पूजन करते हैं।

# खेल छात्रावासों में दाखिले को आवेदन अगले माह से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश के सभी स्टेडियमों में मिलेंगे फार्म

**अमृत विचार :** प्रदेश भर के खेल छात्रावासों में दाखिले के लिए फार्म अगले महीने से मिलने शुरू हो जाएंगे। 16 खेलों के लिए प्रदेश भर के 44 छात्रावासों में खिलाड़ियों के दाखिले के लिए खेल विभाग तैयारी में जुट गया है। विभागीय अधिकारियों ने सभी छात्रावासों के मूल्यांकन की रिपोर्ट भी खेल निदेशालय भेज दी है। किस छात्रावास में कितनी सीटें खाली हैं, इसका ब्यौरा तैयार किया जा रहा है। इसके बाद खेल विभाग दाखिले के लिए फार्म उपलब्ध कराएगा। प्रदेश भर के सभी सरकारी स्टेडियम में यह फार्म उपलब्ध कराए जाएंगे।

खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश भर के छात्रावासों में दाखिले की प्रक्रिया अगले महीने शुरू की जाएगी। दाखिले के लिए चयन ट्रायल कब और कहां आयोजित किए जाएंगे, इसकी जगह और तिथियां तय की जा रही है। इसके लिए क्रीड़ा अधिकारियों की तैनाती भी की जानी है। अभी अधिकांश स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षाएं खत्म होते ही सभी स्टेडियमों में दाखिऐ के लिए फार्म मिलने शुरू हो जाएंगे। 15 अप्रैल तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। खेल निदेशालय के निदेशक डॉ. आरपी सिंह के अनुसार दाखिले की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

छात्रावासों के खेल स्तर सुधारने को खेल विभाग पूर्व ओलंपियन और एशियन गेम्स के पदक विजेताओं को द्रोणाचार्य पदों पर तैनात करने की तैयारी में है। इन द्रोणाचार्यों को प्रति माह डेढ़ लाख रुपये का भुगतान भी किया जाएगा।

# पांच लाख का इनाम एक साल में खोज नहीं पायी एसटीएफ

**लखनऊ।** दुर्दांत अपराधियों पर लगाम कसने के लगातार हो रहे सरकारी दावों के बीच एक बड़ा सच यह है कि डॉन गुड्डू मुस्लिम समेत प्रयागराज के चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के तीन वाछित शूटरों को एक साल से एसटीएफ-उप्र पुलिस खोज नहीं पा रही है। खास बात यह है कि शिकंजे से बाहर खुली हवा में सांस ले रहे गुड्डू के अलावा अरमान और साबिर मोस्ट वांटेड सूची में शुमार है और इनकी गिरफ्तारी पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम भी घोषित हैं।

पुलिस महकमें के कई वरिष्ठ अफसर इसे एसटीएफ-उप्र पुलिस की पूरी तरह नाकामयाबी मानने को तैयार नहीं हैं। इसके पीछे उन्हें कोई और कहानी सांय-सांय कर रही है। एसटीएफ के अफसरों से बातचीत में भी बातचीत में कुछ ऐसे ही संकेत मिलते हैं। आधिकारिक रूप से वह कहते हैं कि अरे पकड़ लिए जाएंगे। ऐसा लगता है कि शूटरों की गतिविधियां उन तक है।

# मेनका ने बनाया कमल लिखा फिर मोदी सरकार

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने अपने तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन शुक्रवार को बल्दीराय मंडल के अरवल गांव के बूथ नंबर 39 में गांव चलो अभियान का शुभारंभ किया। विकासखंड के हेमनापुर गांव में ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह की मौजूदगी में चौपाल लगाकर 148 फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तkरित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

सांसद ने कहा कि पिछले पांच सालों में प्रधानमंत्री ने देश के विकास लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री की 125 से ज्यादा ऐसी जनकल्याणकारी स्कीम है जिसका टारगेट गरीब से गरीब इंसान हैं। उन्होंने इस दौरान सरकार की किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, बिजली, आयुष्मान योजना, हर घर नल व गरीब कल्याण आदि योजनाओं की सराहना किया।



उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताया है। इस दौरान उन्होंने पार्टी के दीवार लेखन अभियान के तहत कमल का फूल बनाकर पार्टी का स्लोगन एक बार फिर से मोदी सरकार लिखा। श्रीमती गांधी ने अलवर गांव में घर-घर संपर्क किया। इस दौरान लोगों से नमो एवं सरल ऐप डाउनलोड भी कराया। इसके पहले सांसद ने आवास पर जनता दर्शन के माध्यम से सैकड़ो फरियादियों की समस्याओं को निस्तारित किया। मीडिया प्रभारी विजय रघुवंशी ने बताया कि सांसद हलियापुर से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होते हुए दिल्ली प्रस्थान कर गईं।

# सरकारी स्कूल की दीवार गिरने से वृद्ध की मौत

**धनघटा, संतकबीरनगर।** धनघटा थानाक्षेत्र के पारा हरगोविंद निवासी एक वृद्ध अपने घर के बगल में स्थित प्राथमिक विद्यालय की दीवार के किनारे बैठ कर लघुशंका कर रहे थे। उसी वक्त दीवार भरभरा कर गिर गई। दीवार के नीचे दबकर वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने मलबे के नीचे से उन्हें निकाला और अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।

थानाक्षेत्र के पारा हरगोविंद निवासी मुन्नीलाल विश्वकर्मा (65) शुक्रवार की देर शाम अपने घर के पास स्थित प्राथमिक विद्यालय की दीवार के पास बैठकर लघुशंका कर रहे थे। इसी दौरान जर्जर दीवार भरभरा कर गिर गई जिससे वह मलबे के नीचे दब गए। आसपास के लोगों ने मलवे के नीचे से उन्हें निकाला।

# बुलडोजर चलेगा तो अपनी हिफाजत खुद करेंगे



घर से आला हजरत मस्जिद की ओर जाते मौलाना तौकीर रजा खां। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कानून ने हमें दिया है अधिकार, कोई हमलावर हो तो उसे जान से मार दें

**अमृत विचार :** गिरफ्तारी देने के लिए पहले अपने निवास से निकलने से पहले मौलाना तौकीर रजा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अगर हमारे घरों पर बुलडोजर चलाया जाएगा तो अपनी हिफाजत हम खुद करेंगे। अफसोस इस बात का है कि सुप्रीम कोर्ट इन घटनाओं का संज्ञान नहीं ले रहा है। प्रधानमंत्री के सामने भी शिकायत की जा सकती थी लेकिन वह खुद देश के सबसे बड़े बेईमान हैं। मुख्यमंत्री योगी को यह कहकर आगाह किया कि प्रदेश में मुसलमानों को दबाना बंद किया जाए।

मौलाना ने तीखे तेवर दिखाते हुए कहा कि देश का कानून हमें अधिकार देता है कि अगर कोई हमारे ऊपर हमलावर हो रहा है तो हम उसे जान से मार दें। बोले, अपराध मदरसे ने नहीं किया है जो बुलडोजर चला दिया गया। जिसने अपराध किया, सजा उसे सजा दी जानी चाहिए। पुलिस और बजरंग दल मिलकर देश को बदनाम करना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों का भी हनन हो रहा है। हम इस बेईमानी को बर्दाश्त नहीं कर सकते।

हल्द्वानी में हुए बवाल का जिक्र करते हुए मौलाना तौकीर ने कहा कि हमारे घर पर बुलडोजर चला दोगे तो क्या हम अंधे-बहरे बने बैठे रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट भी संज्ञान नही ले रहा है तो हम अपनी हिफाजत खुद करेंगे। मौलाना ने यूनिफार्म सिविल कोड पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह यूनिफार्म कब रहा जब उसमें कुछ लोगों को छोड़ दिया गया।

### बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़े मौलाना

**बरेली :** करोलान मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद मौलाना तौकीर ने भीड़ से बगैर नारेबाजी किए गिरफ्तारी देने को कहा। इसके बाद रास्ते में लगा बैरियर तोड़कर इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़े तो पुलिस से धक्कामुक्की शुरू हो गई। अफसरों से तीखी नोकझोंक के दौरान मौलाना ने कहा, चाहे उन पर लाठी चले या गोली मार दी जाए, वह हर हाल में इस्लामिया ग्राउंड जाएंगे। हालांकि अफसरों ने उन्हें समझाया और आगे नहीं बढ़ने दिया। मौलाना को इस पर वापस लौटना पड़ा। नमाज के बाद मौलाना तौकीर गलियों से होते हुए वह बिहारीपुर पुलिस चौकी की बगल वाली गली में पहुंचे तो पार्टी नेता नदीम खान, डॉ. नफीस, मुनीर इदरीसी समेत तमाम समर्थकों ने इस्लामिया ग्राउंड तक जाने की मांग शुरू कर दी। इसके बाद मौलाना रास्ते में लगा बैरियर तोड़कर बढ़े लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। बता दें कि मौलाना ने नमाज के बाद इस्लामिया ग्राउंड पर इकट्ठे होने के बाद कलेक्ट्रेट तक मार्च कर सामूहिक गिरफ्तारी देने का एलान किया था। आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि सांकेतिक तौर पर गिरफ्तारी दी गई है। उन्होंने बताया कि सुबह से ही पार्टी के तमाम नेताओं के घरों पर पुलिस का पहरा रहा।

### भीड़ से की अपील- अब शांति से लौट जाएं

इस्लामिया ग्राउंड तक जाने में विफल रहे मौलाना तौकीर ने वापस लौटते हुए एक बार फिर भीड़ को संबोधित करते हुए बोले, हमें जो विरोध जताना था वह जता दिया है। जो लोग प्रदर्शन में शामिल होने आए हैं, वे अब शांतिपूर्वक लौट जाएं। रास्ते में कोई कुछ कहे तो उसके आगे हाथ जोड़ लें लेकिन कोई ऐसा काम न करें जिससे किसी को परेशानी हो।

**वैज्ञानिक विधि** — कृषि वैज्ञानिक ने छात्रों को दिए महत्वपूर्ण टिप्स, कीटों और फसलों के उत्पादन बढ़ाने को लेकर किया गया प्रोत्साहित

# कागज–गोंद के सहारे सरसों के फूलों की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी व आसपास के जिलों में सरसों की फसल को कीटों से बचाने के लिए कृषि वैज्ञानिक ने मुहिम छेड़ रखी है। इसे लेकर वे विद्यालयों के छात्रों को बुलाकर खेतों में परीक्षणीय कैंप आयोजित करा रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक कहते हैं कि इस व्यवस्था से फसल को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी, फसल भी अच्छी उपज देगी।



फसल के बीच छात्रों को जानकारी देते वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह। अमृत विचार

लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कृषि कीट विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह का मानना है कि सरसों ही नहीं कई बार अन्य फसलों का नुकसान बदलता मौसम कर देता है। इस बार भी कुछ ऐसा ही असर सरसों की फसल पर देखने को मिला है। कहते हैं कि तापमान में बदलाव के कारण फसलों में पत्ती चूसने वाले कीटों की संख्या बढ़ चली है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को मांहू कीट से बचाने के तरीके सिखाए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान छात्र कीटों की अनुमानित संख्या के साथ फसलों के बचाव के गुर भी सीख रहे हैं।

सरसों के खेतों में आने वाली आरा मक्खियों की संख्या हाल-फिलहाल अभी कम है। कृषि वैज्ञानिक बताते हैं कि मित्र कीटों में प्रेयिंगमेंटिड, क्राइसोपर्ला और लेडीबर्ड बीटल मिले हैं। यह फसल उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के अच्छे संकेत हैं।

### खेतों में लगाएं यलो स्टिकी ट्रैप

सरसों के खेतों में यलो स्टिकी ट्रैप लगाया जाना कारगर रहेगा। कृषि वैज्ञानिक डॉ. सिंह बताते हैं कि इस विधि के सहारे मांहू कीट की मॉनीटरिंग की जाएगी। जिससे उनकी संख्या का भी पता चले सकेगा।

### पीला कागज और गोंद रहेगा कारगर

सरसों की फसल की देखरेख और उसके बचाव के लिए कृषि वैज्ञानिक ने पीला कागज और गोंद के उपयोग की बात है। कहते हैं कि इसे विभिन्न आकारों में काटकर नीचे दफ्ती लगाकर लकड़ी के स्टैंड पर खेतों की फसलों के आसपास लगा दिया जाता है। इस विधि द्वारा कीटों की गणना आसानी से की जा सकती है।

### छात्र बोले- उपयोगी विधि को करेंगे साझा

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या अब तक दो सौ पार कर चुकी है। छात्र निखिल प्रताप सिंह का कहना है कि इस विधि के सहारे फसल की उत्पादकता तो बढ़ेगी, किसानों की एकमुश्त आय के स्रोत में वृद्धि होगी। कहते हैं कि ये जानकारियां वे आसपास के गांवों में भी साझा करेंगे। निखिल मिश्रा और हर्षित सिंह भी इसी पक्ष में दिखे। इनका मानना है कि किसानों के बीच जाकर ऐसे शिविर लगाना बेहतर रहेगा। सुधांशु नंद, दीपांशु द्विवेदी, नितिन, प्रतिपाल सिंह, रामगोपाल, सुशांत उपाध्याय और गुरप्रीत सिंह ने भी उपयोगी जानकारियों को साझा किये जाने की बात कही।

# प्रो. रहस बिहारी द्विवेदी को विश्वभारती पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संस्कृत की 46 विभूतियों को मिलेगा सम्मान

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान ने वर्ष 2022 के पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। संस्थान का पांच लाख रुपये का सर्वोच्च विश्वभारती पुरस्कार जबलपुर के प्रो. रहस बिहारी द्विवेदी को दिया जायेगा। दो-दो लाख रुपये के महर्षि वाल्मीकि पुरस्कार से अयोध्या के डॉ. देवी सहाय पाण्डेय दीप को और महर्षि व्यास पुरस्कार से वाराणसी के प्रो. आंजनेय शास्त्री को सम्मानित किया जायेगा।

वाराणसी के प्रो. गोपबंधु मिश्र को एक लाख रुपये के महर्षि नारद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। वाराणसी के प्रो. हृदय रंजन शर्मा, बांदा के प्रो. रमाकांत पाण्डेय, वाराणसी के प्रो. शंकर कुमार मिश्र, प्रो. सदाशिव कुमार द्विवेदी और प्रो. रामपूजन पाण्डेय को विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

इक्यावन हजार रुपये के वेद पंडित पुरस्कार से सम्मानित होने वालों में बांदा के सूरज त्रिपाठी, गोरखपुर के भास्कर तिवारी, वाराणसी के नितीश मिश्र, मिर्जापुर के प्रज्ञान रामजी त्रिपाठी, बस्ती के शिवम मिश्र, गंजाम (उड़ीसा) के दुर्गाशरण रथ, वाराणसी के अविनाश पाण्डेय आदि हैं।

# 2047 तक सपा की वापसी की कोई संभावना नहीं

## विधान परिषद में नेता सदन एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा विपक्षी दल के पास मुद्दों का अभाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ जातिवार जनगणना को लेकर सपा विधायकों ने किया वॉकआउट

**अमृत विचार:** विधान परिषद में नेता सदन एवं उप.मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा विपक्षी दल सपा के लोगों के पास मुद्दों का अभाव है। जातिवार जनगणना की विरोधी ना तो भाजपा है और ना ही मै केशव मौर्या । जनगणना केन्द्र का विषय है। जब ये सरकार में थे तब इन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया। इसलिए अब 2047 तक इनकी वापसी की कोई संभावना नहीं है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सरकार को आरक्षण विरोधी बताते हुए सदन से वाक आउट किया।

शुक्रवार को शून्य प्रहर में कार्य स्थगन के रूप में कार्य स्थगन के रूप में उठाए गए जातिवार जनगणना के सवाल पर उप मुख्यमंत्री जवाब दे रहे थे। सदन में सपा और सत्तापक्ष के बीच खूब तीर चले और नोक-झोंक भी हुयी। स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा आरक्षण के मामले में भाजपा की कथनी-करनी में अन्तर है। जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्य सरकार पर आरक्षण विरोधी और पिछड़ों का अपमान कराने का आरोप लगाते व नारेबाजी करते हुये सदन से वाक आउट कर गये।

भोजनावकाश के बाद डॉ.सरोजनी अग्रवाल के सभापतित्व में सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विधान सभा द्वारा पारित उप्र निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 को विधान परिषद के प्रमुख सचिव ने सदन के पटल पर रखा। इसके बाद सत्ता पक्ष के विधायकों ने बजट की खूबियां गिनाते हुये समर्थन किया, वहीं सपा के डॉ.मान सिंह सरकार को बीएसयनएल, एलआईसी, एयरपोर्ट आदि को बेचने वाली सरकार बताते हुए कहा कि मैं इस बजट का विरोध करता हूं। इसके अलावा कार्यसूची की मदो को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया। शाम पांच बजे शनिवार 11 बजे तक के लिए सदन स्थगित कर दिया गया है।

**निःशुल्क शिक्षा में अनियमितता की होगी जांच** :निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चंदेल एवं डॉ. आकाश अग्रवाल ने निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था अधिनियम की अनियमितता व फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर हो रहे दुरूपयोग का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। अभिभावकों के आय प्रमाण पत्र और बच्चों के आधार कार्ड की जांच की जाये। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि बीएसए आगरा को प्रकरण की जांच के आदेश दिये गये हैं। तीन खण्ड शिक्षा अधिकारी जांच करेंगे। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह 'व्यस्त' ने कहा जांच कमेटी में तीन खण्ड शिक्षा अधिकारी की जगह कोई एसडीएम अथवा तहसीलदार स्तर के अधिकारी से जांच कराये तो बेहतर होगा।

**अनावश्यक जांच न करायी जाए:** शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रदेश के राज्य अनुदानित मदरसों के कार्यरत शिक्षको एवं कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण का मामला उठाया। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने मदरसों की बेहतरी, नौजवानों को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए ईमानदारी से काम किया जा रहा है। हमारी सरकार इनके लिए काम कर रही है। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह 'व्यस्त' ने निर्देश दिया कि जांच अनावश्यक न हो।

### रिकार्ड गायब कर मृतक आश्रित में दूसरे को नौकरी

बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने बरेली की कमलादेवी के पति जमुना प्रसाद की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित में नियुक्ति न देने और मृतक जमुना के संबन्धित रिकार्ड कार्यालय से गायब कर, उसी नाम के कर्मचारी के आश्रितों को नौकरी देने का मामला उठाया। नेता सदन ने कहा कि मामला संवेदनशील है। डीएम पीलीभीत का तत्काल सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। आख्या आते ही हर संभव प्रयास किया जाएगा तथा सदन को भी अवगत कराया जायेगा।


विधान परिषद में कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य सदस्य।

### यूपी बोर्ड में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू होगा: योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी ने कहा हमारी सरकार शिक्षा में किसी के साथ भेद-भाव नहीं कर रही है। पिछले सात साल में प्रदेश् में शिक्षा के स्तर को सुधारने का किये जा रहें प्रयास सर्वविदित हैं। बेसिक शिक्षा परिषद में 1.32 लाख विद्यालयों में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारा गया है। योगी ने बताया कि सरकारी स्कूलों के प्रति बच्चों का रूझान तेजी से बढ़ रहा है, 40 लाख से अधिक नए बच्चों ने प्रवेश लिया है। साथ ही बताया कि यूपी बोर्ड में चरण बद्ध तरीके से एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा।

सदन में शुक्रवार को प्रश्न प्रहर में निर्दलीय विधायक डॉ. आकाश अग्रवाल के सवाल पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह जवाब दे रहे थे। इसी बीच सदन में मौजूद मुख्यमंत्री योगी ने कमान संभालते हुए कहा कि अप्रैल और जुलाई में स्कूल चलो अभियान चलाया जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बच्चों की वृद्धि ये दिखाती है कि आरटीई का उद्देश्य पूरा हो रहा है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा सरकार हर छात्र के अभिभावक के बैंक खाते में बैग, किताब, जूता-मोजा, स्वेटर के लिए अब 1200 रुपए दिये जाते हैं। जबकि पिछली सरकार में एक हजार का प्रावधान था, वो भी मिलता नही था।

**विधायकों को गिफ्ट मिलते थे :** विप में शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने उपहार की मांग करते हुए मुख्यमंत्री योगी से कहा कि बजट प्रस्तुत करने के बाद विधायकों को गिफ्ट मिलते थे, हम लोगों इंतजार कर रहें हैं, मुख्यमंत्री द्वारा उपहार सभी सदस्यों को मिलना चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मेरी तरफ से भोजन का आनंद लिजिए और भजन करिये।

### गलत सूचना देने वाले अधिकारियों की होगी पहचान

शून्य प्रहर में शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा सदन में असत्य एवं त्रुटिपूर्ण सूचना दिये जाने के संबंध में औचित्य का प्रश्न किया। जिसपर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने इस प्रकरण की जांच किन अधिकारियों ने की है, उस रिपोर्ट को इस सत्र के अंतिम दिन या अगले सत्र के प्रथम सप्ताह तक इस सदन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।


शुक्रवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉक्टर केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉक्टर अशोक अग्रवाल और बरेली कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान सभी ने मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के औद्योगिक विकास समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। अमृत विचार

## सौर ऊर्जा से जगमगाएगा नया हाईकोर्ट परिसर

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ के नए हाईकोर्ट परिसर को सौर ऊर्जा से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परिसर में रूफटॉप सोलर इम्पैनल्ड पावर प्लांट की स्थापना, क्रियान्वयन व संचालन का मार्ग प्रशस्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने 6.31 करोड़ रुपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति के बाद धनराशि जारी कर दी है। देश के सबसे खूबसूरत हाईकोर्ट परिसरों में शुमार लखनऊ हाईकोर्ट का नया परिसर गोमतीनगर के विभूति खंड में में है। इसे 1300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। राज्य सरकार परिसर की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए भवन की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना का निर्णय वर्ष 2022 में लिया गया था। फिलहाल, सरकार द्वारा बजट एलोकेशन और धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति जारी किए जाने के बाद परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जारी की गई धनराशि में 18 प्रतिशत जीएसटी राशि को भी सम्मिलित किया गया है।

# सत्यापन के बाद ही होगा सामूहिक विवाह

**विधानसभा कार्यवाही**

▸▸ तीन अधिकारियों समेत ग्यारह दलालों को जेल भेजने की दी सूचना

▸▸ भ्रष्टाचार के आरोपियों को किबख्शा नहीं जायेगा, भुगतान रोका गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य विधानसभा में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बलिया में हुए फर्जीवाडे का मामले का उठा। सरकार की ओर से जवाब देते हुए इसी मुद्दे पर समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण ने कहा कि संबधित मामलें में तीन अधिकारियों की गिरफ्तारी हुई है। ग्यारह दलालों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को किसी भी कीमत बख्शा नहीं जायेगा। इस प्रकरण में भुगतान रोका गया है। अब सत्यापन के बाद ही इस प्रक्रिया में लोगों को शामिल किया जाएगा। किसी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जायेगा।

इससे पहले समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य लाल जी वर्मा ने शून्य प्रहर में यह मामला उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कुल 537 लोगों का विवाह कराया गया। जिसमें आधे से ज्यादा अपात्र थें। इस योजना में पूरी तरह से भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन मे जितने जोडे थे उनमें से अधिकांश महिलाएं स्वयं अपने गले में माला डालती हुई दिखी। सपा सदस्य ने कहा कि इस योजना में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस घोटालें शामिल थे उन्हे मुल्जिम बनाया जाए। सपा के ही सदस्य संग्राम सिंह यादव ने कहा कि इस योजना में ऐसे लोग भी शामिल थे जो पहले से शादीशुदा थे।

बलिया में हुए इस फर्जीवाडे पर वहां की स्थानीय विधायक केतकी सिंह ने कहा कि उनके क्षेत्र में तीसरी बार सामूहिक विवाह को आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि इस मामलें संबधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# हल्द्वानी में हुए बवाल को लेकर अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ डीजीपी ने अतिरिक्त सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** हल्द्वानी (उत्तराखंड) में मचे बवाल के मद्देनजर उप्र में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। एक संप्रदाय विशेष के इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों को खास नजर रखने को कहा गया है। वहीं जुमे की नमाज के चलते शुक्रवार को मस्जिदों चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम रहा। नमाज से पहले पुलिस और पीएसी तैनात रही।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने उत्तराखंड से सटे सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रहने के आदेश दिए हैं। साथ ही उधर से आने वाले वाहनों और लोगों की चेकिंग करने के भी निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी निर्देश में धर्मगुरूओं के साथ समन्वय बनाने तथा सोशल मीडिया पर नजर रखने कहा गया है। किसी भी तरह का अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। संवेदनशील इलाकों में तैनात पुलिसकर्मियों को बॉडीवार्न कैमरे और ड्रोन से निगरानी करने को कहा गया है।

# ईएमबी सॉफ्टवेयर से शतप्रतिशत बिलिंग करने वाला पहला राज्य बना यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। जल जीवन मिशन में ऑनलाइन बिलिंग सॉफ्टवेयर इलेक्ट्रॉनिक मेजरमेंट बिल (ईएमबी) को शतप्रतिशत लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इलेक्ट्रॉनिक मेजरमेंट बिलिंग सिस्टम लागू होने से पहले जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाली कंपनियों को पेमेंट होने में कम से कम 41 दिन का समय लगता था। जिसकी वजह से मिशन के तहत होने वाले काम की रफ्तार भी धीमी पड़ने लगी थी परन्तु अब ईएमबी के तहत पेमेंट होने से कंपनियों को महज 14 दिन में बिलिंग हो जाती है। कम समय में बिलिंग होने की वजह से जल जीवन मिशन के तहत होने वाले काम की रफ्तार भी तेज हुई है।

# यूपी में निवेश को लालायित फार्च्यून कंपनियों ने आसान किया लक्ष्य

## औद्योगिक घरानों में मोदी और योगी की उपस्थिति में भूमि पूजन का बढ़ा क्रेज

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

▸▸ पहले चरण में पहाड़ सा दिख रहा 10 हजार करोड़ निवेश का लक्ष्य हुआ आसान

**अमृत विचार:** ग्राउंड ब्रेक्रिंग सेरेमनी प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य बदलने जा रही है। यहां निवेश को लेकर देश-विदेश की फार्च्यून-500 कंपनियों में प्रतिस्पर्धा से प्रथम चरण में ही लक्ष्य बौना साबित होने जा रहा है। देश-विदेश के औद्योगिक घरानों से लेकर जिला स्तर के उद्यमी में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में भूमि पूजन का क्रेज दिख रहा है।

प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से लेकर मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों समेत उद्योग केंद्रों के अफसरों के पास 19 फरवरी को भूमिपूजन के लिए तेजी से प्रस्ताव बढ़ रहे हैं। प्रदेश को उद्योग प्रदेश बनाने का यह आयोजन ज्योतिषियों के मुताबिक इस दिन शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 5 मिनट से 10 बजकर 33 मिनट तक है। हर कोई इसी दौरान अपनी-अपनी इकाई के लिए ईंट रखना चाहता है। अयोध्या का ही उदाहरण लें तो, मंडलायुक्त गौरव दयाल ने 18 हजार करोड़ के 102 निवेश प्रस्ताव को अंतिम माना, जबकि दो दिन भी नहीं बीते कि उपायुक्त अमरेश पांडेय के अनुसार 21 हजार करोड़ के 232 प्रस्ताव हो गए। ऐसे उदाहरण कई जिलों में सामने आ रहे हैं। बरेली, हरदोई, अमेठी, गोंडा, फतेहपुर, और चंदौली के बाद कुछ और जिलों से भी लक्ष्य से अधिक निवेश की रिपोर्ट भेजी गई है।

शासन के सूत्रों के मुताबिक पहले चरण में 10 लाख करोड़ रुपये की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य साधना फार्च्यून-500 कंपनियों के आकर्षण से आसान हो गया है। हैदराबाद का ग्रीनको ग्रुप सोनभद्र के ओबरा तहसील अंतर्गत ग्राम सभा गुरार, गटवा, पिंडारी, रानीदेहो, मुहुना और राबर्ट्सगंज तहसील के ग्राम बैजनाथ में 3660 मेगावाट की इकाई लगाएगी। जबकि अमहमदाबाद का टोरंट पॉवर लि. सोनभद्र के शोभा गांव में 2400 मेगावाट और शाशनाई में 2000 और 1750 मेगावाट की इकाई को लेकर प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से छह माह पहले ली गई सैद्धांतिक अनुमति को जमीन पर उतारने जा रही है। यही हाल मुंबई की जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी के 1200 मेगावाट प्रोजेक्ट, हरियाणा के एसीएमई क्लीनटेक सल्युशंस की चंदौली में 600 मेगावाट और मिर्जापुर में 900 मेगावाट और नोएडा की अवाड़ा वाटर बैटरी प्रालि. की सोनभद्र में 1220 मेगावाट की इकाईयों का है।

सूत्रों के मुताबिक सरकार की ओर से नोएडा, झांसी, गोरखपुर, लखनऊ आदि इलाकों में तैयार औद्योगिक गलियारों समेत इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में निवेश के लिए उपलब्ध लैंड बैंक में वॉलमार्ट, सऊदी अरामको, स्टेट ग्रिड, अमेज़ॅन, ऐप्पल, अल्फाबेट, टोयोटा मोटर, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, माननीय हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री, माइक्रोसॉफ्ट, नेस्ले आदि बड़ी कंपिनयां के साथ अडाणी ग्रुप, रिलायंस ग्रुप, टाटा ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, बिड़ला ग्रुप आदि की ओर से प्रस्तावित कई परियोजनाओं की इकाईयों पर भूमिपूजन होगा।

### जिलों में तेजी से बढ़ रहा इकाई लगाने का क्रेज

30517 करोड़- लखनऊ
30270 करोड़- बरेली
19000 करोड़-कानपुर
21000 करोड़- अयोध्या
4400 करोड़- हरदोई
6400 करोड़ अमेठी
1806 करोड़ - गोंडा
1600 करोड़- फतेहपुर
23000 करोड़- चंदौली

### धरातल पर उतरने को तैयार निवेश प्रस्ताव

- 30000 करोड़ से हीरानंदानी ग्रुप बनाएगा यीडा के अंतर्गत डेटा सेंटर पार्क
- 18625 करोड़ की एनटीपीसी की अनपरा ई 8 सौ मेगावाट की दो इकाई
- 17985 करोड़ रुपये के निवेश से एनटीपीसी की ओबरा डी की दो इकाई
- 11000 करोड़ से नोएडा में सिफी की ओर से डाटा सेंटर की परियोजना
- 11000 करोड़ से नोएडा में वीएएलएस डेवलपर्स की डेटा सेंटर की परियोजना
- 6500 करोड़ से ललितपुर में टस्को की सौर्य उर्जा परियोजना
- 6000 करोड़ रुपये के निवेश से सोनभद्र में सौर्य उर्जा परियोजना
- 4000 करोड़ रुपये की से मुरादाबाद में कागज निर्माण ईकाई
- 4000 करोड़ से नोएडा में एयर कार्गो व लाजिस्टिक की परियोजना

## वर्ग पहेली-338

**बाएं से दाएं**

1. (साहित्य) एक शब्दालंकार जिसमें ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है जो कई भाषाओं में समान अर्थ देते हों।

4. 1. वह राज्य या शासन जिसमें अव्यवस्था और भ्रष्टाचार हो, ऐसा राज्य-प्रबंध जिसमें जनता के कल्याण या सुख-सुविधाओं का कोई प्रावधान या व्यवस्था न हो 2. कुश नामक घास का आसन, कुश की बनी हुई चटाई।

7. 1. भौरों के गुंजार से युक्त 2. किसी प्रकार की गूंज से युक्त 3. (स्थान आदि) जो गूंज से भर गया हो।

8. 1. झाड़ने पर निकलने वाली धूल अथवा रद्दी चीज़ें या उनके टुकड़े, गर्द, कूड़ा, (डस्ट) 2. वह कपड़ा जिससे चीज़ें झाड़ी या साफ़ की जाती हैं, मार्जक, (डस्टर)।


**ऊपर से नीचे**

2. 1. वसंत ऋतु 2. चैतमास।

3. 1. तौलने की क्रिया या भाव 2. तौलने की मज़दूरी।

5. 1. जिन पर शासन किया गया हो 2. जो शासन के अधीन हो 3. नियंत्रित 4. दंडित।

6. 1. जानने-समझने की क्षमता, समझ, दिमाग 2. बुद्धि, प्रतिभा, कौशल 3. समझने-बूझने की योग्यता, धारणाशक्ति 4. स्मरणशक्ति, याददास्त।



### वर्ग पहेली - 337 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 लु | 2 टि | या | ■ | 3 मो | था |
| ■ | का | ■ | 4 हँ | ■ | ■ |
| 5 गाँ | व | वा | सी | ■ | 6 टो |
| ड़ | ■ | ■ | खे | ■ | का |
| र | ■ | 7 बे | ल | बू | टा |
| ■ | ■ | डौ | ■ | ■ | की |
| ■ | 8 बि | ल | टी | ■ | ■ |

## सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 2 | 9 | | | 6 | | 3 | | |
| | 3 | | | | 7 | | | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | | | 4 | | 3 |
| | 6 | | | | | 8 | 9 | |
| | | 9 | | 4 | | | | |
| 8 | | 1 | | | | | 3 | 4 |
| 7 | | | 2 | | | | | |

### सुडोकू - 54 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 11 फरवरी 00.47 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 20.34 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष:** आज आप अपने प्रभाव के दम पर उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के करियर को लेकर चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ आप गम्भीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

**वृष:** आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। व्यापार में कुछ बदलाव लाने की दिशा में काम कर सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। अपनी कुशल रणनीति से विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। पुराने नुकसान की भरपायी हो जायेगी।

**मिथुन:** आज निजी रिश्तों में समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। परिवार के किसी सदस्य पर क्रोध आ सकता है। बुरी संगत से आपको बचना चाहिये। जॉब में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। वैवाहिक जीवन की समस्याओं का निराकरण होगा।

**कर्क:** आज घर का वातावरण नकारात्मक हो सकता है। अपने बजट का ध्यान रखते हुए ही काम करें। भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। उतावलेपन के कारण काम प्रभावित हो सकते हैं। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

**सिंह:** आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपकी आय में वृद्धि होने की संभावना बन रही है। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने जाने का प्लान करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कन्या:** आज ऑफिस में लापरवाही के कारण काम रुक सकते हैं। स्वयं को व्यस्त रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। धन संबंधी मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कठिन काम सौंपा जा सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**तुला:** आज बेरोजगार लोगों को नौकरी की चिन्ता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं। काम की अधिकता के कारण प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। ऑफिस में घरेलू मामलों को लेकर तनाव हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज व्यापार में उधारी करने से बचें। मन में नए रचनात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। अपने खर्च का हिसाब रखें। जीवनसाथी के साथ झगड़ा हो सकता है। उत्तम वाहन सुख की प्राप्ति होगी। माता का आशीर्वाद लेकर काम शुरू करें।

**धनु:** आज आपको व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आप कई सारे कार्यों को एकसाथ करने का प्रयास करेंगे। जॉब में आपको बड़ा काम सौंपा जा सकता है। विद्यार्थी गम्भीर विषयों का अध्ययन करने में रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

**मकर:** आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी परेशानियां हो सकती है। पैतृक संपदा प्राप्त हो सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। परिवार के सदस्यों के बीच व्यवहार खराब हो सकता है।

**कुंभ:** आज मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे। रिश्तेदारों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आप लोगों की मदद करने को आतुर रहेंगे। सामाजिक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**मीन:** आज घरेलू कार्यों में आप उलझे रहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर अहङ्कार न करें। भावनाओं के कारण नुकसान हो सकता है। संपत्ति के मामलों को लेकर सावधानी जरूरी है। मन में अज्ञात भय रहेगा। वाद-विवाद और बहसबाजी से आपको बचना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
लाल बादशाह — सुबह : 09.00
नो प्रॉब्लम — शाम : 06.00

SONY MAX
दिल तो बच्चा है जी — सुबह : 09.56
हर दिल जो प्यार करेगा — शाम : 06.04

Utsav Gold
बड़े घर की बेटी — सुबह : 09.15
चांदनी — शाम : 06.15

ZEE CINEMA
अंदाज — दोपहर : 12.25
किसका भाई किसकी जान — रात : 09.25

colors CINEPLEX
एयरलिफ्ट — सुबह : 10.54
फोर्स 2 — शाम : 04.32

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर शाम-06.04 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- मुझे समझदार औरत से शादी करनी चाहिए थी
पत्नी- समझदार औरत तुमसे कभी शादी नहीं कर सकती।
पति- मुझे बस यही साबित करना था।
पति की बात सुनकर पत्नी रह गई दंग।

बॉस ने जोक सुनाया तो पूरी टीम हंसने लगी, बस एक लड़का नहीं हंसा...
बॉस ने पूछा- क्या तुम्हें मेरा जोक समझ नहीं आया?
लड़का- सर, मेरा सलेक्शन दूसरी कंपनी में हो गया है...
लड़के की बात सुनकर बॉस दंग रह गए।

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,595.49 | 21,782.50 |
| बढ़त | 167.06 | 64.55 |
| प्रतिशत में | 0.23 | 0.30 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5400-5500 |
| अरहर | 8000-8300 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15000-15200 |
| अरहरस्पेशल1 | 12400-12600 |
| चनादाल | 6900-7000 |
| मटरदाल | 5300-5400 |
| मसूरमलका | 6950-7000 |
| मसूरदाल | 7050-7100 |
| उड़ददाल | 8800- 12500 |
| उड़द धोवा | 10200- 12800 |
| मूँगदाल | 9500-10500 |
| मूँग धोवा | 9500-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 9100 - 11000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 7000 - 8000 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5050-5100 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# पेटीएम के शेयर में 15% से अधिक गिरावट

## 2 दिन में आरबीआई की सख्ती के बाद शेयर में 42 प्रतिशत से अधिक की आई कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में लगातार दो दिन में 15 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 6.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 419.85 पर बंद हुए। दिन में शेयर 8.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 408.30 रुपये पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 6.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 419.15 रुपय पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान ये 8.20 प्रतिशत गिरकर 410 रुपये आ गया था। कंपनी के शेयर में लगातार दो सत्र से 15.48 प्रतिशत गिरावट आई जिससे बीएसई पर इसका बाजार मूल्यांकन



4,870.96 करोड़ रुपये कम हो गया।

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में बृहस्पतिवार को 10 प्रतिशत की गिरावट आई थी। इससे पहले तीन सत्र की भारी गिरावट के बाद गत मंगलवार को शेयर में तेजी आई थी। आरबीआई की सख्ती के बाद तीन सत्रों (एक से पांच फरवरी के बीच) में इसके शेयर में 42 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इससे उसके बाजार मूल्यांकन में 20,471.25 करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट देखी गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम की इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का 31 जनवरी को निर्देश दिया था। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पीपीबीएल में 49 प्रतिशत (प्रत्यक्ष और इसकी अनुषंगी कंपनी के माध्यम से) हिस्सेदारी है। कंपनी के संस्थापक विजय शेखर शर्मा की बैंक में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### पेटीएम ई-कॉमर्स का नाम बदलकर पाई प्लेटफॉर्म्स

पेटीएम ई-कॉमर्स ने अपना नाम बदलकर पाई प्लेटफॉर्म्स कर लिया है। साथ ही ऑनलाइन खुदरा कारोबार में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए बिट्सिला का अधिग्रहण किया है। बिट्सिला ओएनडीसी पर एक विक्रेता मंच है। मामले से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने करीब तीन महीने पहले नाम बदलने के लिए आवेदन किया था। 8 फरवरी को उसे कंपनी रजिस्ट्रार से मंजूरी मिल गई। कंपनी रजिस्ट्रार की आठ फरवरी की अधिसूचना के अनुसार-इस प्रमाणपत्र की तारीख से कंपनी का नाम पेटीएम ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड से बदलकर पाई प्लेटफॉर्म्स प्राइवेट लिमिटेड कर दिया गया है... एलिवेशन कैपिटल पेटीएम ई-कॉमर्स में सबसे बड़ा शेयरधारक है। इसे पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा, सॉफ्टबैंक और ईबे का भी समर्थन प्राप्त है। सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने अब इनोबिट्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (बिट्सिला) का अधिग्रहण कर लिया है। इसे 2020 में पेश किया गया था। यह 'फुल-स्टैक ओमनीचैनल' और 'हाइपरलोकल कॉमर्स' क्षमता के साथ ओएनडीसी विक्रेता मंच के रूप में काम करता है।

## अमरूद की खेती ने हिमाचल के गांव की तस्वीर बदली

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)।** हिमाचल प्रदेश उपोष्णकटिबंधीय बागवानी, सिंचाई एवं मूल्यवर्धन (एचपीशिवा) परियोजना के तहत कभी बंजर रहे हमीरपुर जिले के बगेहरा गांव में बड़ा बदलाव आया है। यहां हजारों अमरूद के पौधे लगाए गए हैं और कई किसानों की बंजर भूमि अब विकसित बागों में तब्दील हो गई है। बागवानी विभाग के उप निदेशक राजेश्वर परमार ने बताया कि एचपी शिवा परियोजना के तहत हमीरपुर जिले में 834 हेक्टेयर भूमि पर फल के पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि समय के साथ जिले के अन्य क्षेत्रों के किसान भी बागवानी गतिविधियों को बड़े पैमाने पर अपनाएंगे। परमार ने कहा कि ग्रामीणों को शिव परियोजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पूरा खर्च बागवानी विभाग द्वारा वहन किया जा रहा है।

## एम्ब्रेयर ने सी-390 विमान बनाने के लिए महिंद्रा के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **भारत में विमान बनाएगी ब्राजील की कंपनी**

ब्राजील की वैमानिकी कंपनी एम्ब्रेयर और महिंद्रा समूह ने भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम श्रेणी का परिवहन विमान बनाने के लिए साझेदारी करने की शुक्रवार को घोषणा की। वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान (एमटीए) की खरीद परियोजना के लिए दोनों कंपनियों के बीच साझेदारी संबंधी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर यहां ब्राजीलियाई दूतावास में हस्ताक्षर किए गए।

भारतीय वायुसेना अपने पुराने परिवहन विमानों एएन32 के बेड़े को बदलने के लिए 40 से लेकर 80 तक मध्यम श्रेणी के परिवहन विमानों की खरीद करने की तैयारी में है। इसके विकल्प के लिए एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी का सी-390 मिलेनियम, एयरबस डिफेंस एंड स्पेस का ए-400एम विमान और लॉकहीड मार्टिन का सी-130जे विमान प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं। एम्ब्रेयर और महिंद्रा ने एक संयुक्त बयान में एमओयू की जानकारी देते हुए कहा कि सी-390 मिलेनियम को लेकर सहयोग से भारत में वैमानिकी एवं सैन्य परिवहन विमान से संबंधित नवीनतम तकनीक लाने में मदद मिलेगी। एम्ब्रेयर डिफेंस के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बॉस्को डा कोस्टा जूनियर ने कहा-भारत में एक विविध और मजबूत रक्षा एवं वैमानिकी उद्योग है और हमने महिंद्रा को अपने भागीदार के रूप में चुना है। महिंद्रा के वैमानिकी एवं रक्षा क्षेत्र के अध्यक्ष विनोद सहाय ने कहा कि उन्हें एम्ब्रेयर के साथ साझेदारी शुरू करने पर गर्व है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,000-48,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,800 |
| चांदी तैयार | 72,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,050 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,050 |
| चांदी पक्की | 718(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,250 |
| चांदी आभूषण | 72,700। |

# कार्बन डाईऑक्साइड के लिए विकसित देश जिम्मेदार: सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **केंद्रीय बिजली मंत्री बोले भारत ने 45% उत्सर्जन कम करने का रखा लक्ष्य**

केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह ने शुक्रवार को कहा कि विकासशील देशों को वृद्धि के लिए अधिक कार्बन गुंजाइश की जरूरत है। उन्होंने साथ ही कहा कि वातावरण में फैल चुके कार्बन डाईऑक्साइड में 77 प्रतिशत हिस्से के लिए सीधे विकसित देश जिम्मेदार हैं।



भारत ने 2030 तक अपनी कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य तय किया है। सिंह ने यहां विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2024 में कहा-अब, हमारे ग्रह पर वर्तमान स्थिति क्या है? कुछ देश विकसित हैं और आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार उनकी औसत प्रति व्यक्ति आय लगभग 58,700 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा कि ऐसे विकासशील देश हैं, जहां प्रति व्यक्ति औसत आय 6,770 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है।

## छत्तीसगढ़ सरकार का 1.47 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,47,446 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी या 'ज्ञान' (जीवाईएएन) की समृद्धि पर केंद्रित है। साथ ही इससे बुनियादी ढांचे के विकास को गति मिलेगी। विष्णु देव साई ने दिसंबर में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। साई नीत भाजपा सरकार के पहले बजट में किसी नए कर की घोषणा नहीं की गई। चौधरी ने राज्य को विकासशील से विकसित राज्य बनाने की भी घोषणा की।

# लाल सागर मार्ग में व्यवधान से माल ढुलाई लागत 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका

**मुंबई, एजेंसी**

▸▸ **क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने अपनी रिपोर्ट में जताई उम्मीद**

लाल सागर मार्ग में जारी व्यवधान से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में शामिल कंपनियों की माल ढुलाई और अन्य संबंधित लागत (एफएंडएफ) 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडरा ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही।

एजेंसी ने कहा कि इस व्यवधान के चलते कार्यशील पूंजी चक्र 15-20 दिनों तक बढ़ने का अनुमान है। इसका असर कृषि और कपड़ा जैसे क्षेत्रों पर अधिक हो सकता है।



कार्यशील पूंजी चक्र का मतलब आपूर्तिकर्ताओं को किए गए भुगतान और बिक्री से मिलने वाले राजस्व के बीच की अवधि से है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नकदी प्रवाह पर दबाव हालांकि बड़ी कंपनियों के लिए मध्यम है, लेकिन फिर भी उधारी में और वृद्धि होगी। खासतौर से लोहा और इस्पात, ऑटो और ऑटो कलपुर्जा, रसायन तथा कपड़ा जैसे क्षेत्रों में ऐसा खासतौर से देखने को मिल सकता है। इंडरा के निदेशक सौम्यजीत नियोगी ने कहा कि कम मूल्यवर्धन वाली संस्थाओं के लिए यह चुनौतीपूर्ण वक्त है, क्योंकि उनका मार्जिन भी कम है। हालांकि, बड़ी कंपनियों के पास ऐसी वृद्धिशील लागत को समायोजित करने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि मध्यम आकार की कंपनियों के लिए लागत और आपूर्ति, दोनों रूप में दोहरी चुनौती है।

## राष्ट्रीय



### मोदी ने संसद की कैंटीन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ किया लंच

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नए संसद भवन की कैंटीन में सांसदों के साथ दोपहर को भोजन किया। खास यह रहा कि दलगत राजनीति को पीछे छोड़ विभिन्न दलों के सांसद इसमें शामिल हुए। बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन, तेदपा के राम मोहन नायडू, बसपा के रितेश पांडे और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन तथा हीना गावित सहित कुछ भाजपा नेताओं ने मोदी के साथ भोजन किया।

## मोदी गुजरात के 1,31,454 आवासों का आज करेंगे लोकार्पण

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से 1,31,454 आवासों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि डीसा शहर में शनिवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर आवास योजनाओं के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल तरीके संवाद भी करेंगे। इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद सी.आर. पाटिल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अतिथि विशेष के तौर पर लोकसभा सांसद परबतभाई पटेल और भरतसिंह डाभी तथा राज्यसभा सांसद बाबूभाई देसाई भी उपस्थित रहेंगे। आवास प्रदान करने के इस कार्यक्रम से गुजरात के 115 ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र और 67 शहरी निर्वाचन क्षेत्र जुड़ेंगे, यानी सभी 182 विधानसभा क्षेत्र इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### सीतारमण का लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र प्रस्तुत करते समय कांग्रेस पर कटाक्ष

# मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है, थोड़ा सुनिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र को चर्चा के लिए प्रस्तुत करते समय कांग्रेस को आड़े हाथ लिया और हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों पर कटाक्ष करते हुए कहा-मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है, थोड़ा सुन लीजिए।''

सीतारमण ने जब श्वेतपत्र का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए पूर्ववर्ती संप्रग सरकार की नीतियों की आलोचना की तो बीच-बीच में कांग्रेस के सदस्य हंगामा कर रहे थे। वित्त मंत्री ने कहा-अगर उनमें (कांग्रेस सदस्यों में) साहस है और यदि इन्होंने अच्छा काम किया है तो सुनना चाहिए और जवाब देना चाहिए। सुनने की क्षमता नहीं है। फिर भी मैं छोड़ूंगी नहीं, मैं



अपनी बात करुंगी। उन्होंने कहा-वैश्विक आथिक संकट को तो नहीं संभाल सके, आज ज्ञान दे रहे है कि किस तरह संभालना है। उस समय क्या करना चाहिए था, कुछ नहीं किया। घोटाले के ऊपर घोटाले आते रहे। देश को ऐसी गंभीर अवस्था में छोड़कर चले गए भगवान जाने, अगर इनकी (कांग्रेस की) सरकार बनी रहती तो देश का क्या हाल होता। इस दौरान सदन में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी उपस्थित थीं।

सदन में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी समेत अन्य सदस्यों की टोका-टोकी के बीच सीतारमण ने कहा,-मैं हिंदी और अंग्रेजी दोनों में बोल रही हूं। मेरी हिंदी भी एंटरटेनिंग है। थोड़ा सुनिए। पूर्व अध्यक्ष बैठी हैं, उन्हें इम्प्रेस करना है कि मैडम हम बचाव कर रहे हैं। कहा कि कांग्रेस के सदस्य कई प्रश्न उठाते हैं तो हम तसल्ली से सुनते हैं, लेकिन जब सरकार जवाब देती है तो विपक्षी सदस्य वाकआउट करते हैं या शोर-शराबा करते हैं।

### श्वेत पत्र नहीं, सफेद झूठ पत्र है: जयराम रमेश



कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था पर मोदी सरकार का श्वेत पत्र एक सफेद झूठ पत्र है और इसके बजाय केंद्र सरकार को रोजगार, नोटबंदी, सीमा पर तनाव और मणिपुर जैसे मुद्दों पर ऐसा दस्तावेज लेकर आना चाहिए। सरकार के श्वेत पत्र के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा-यह श्वेत पत्र नहीं, बल्कि सफेद झूठ पत्र है। हमारे कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) ने कल 10 साल अन्य काल नाम से एक ब्लैक पेपर जारी किया। उनका कहना था कि कांग्रेस का 'ब्लैक पेपर' सरकार के 'श्वेत पत्र' पर सर्जिकल स्ट्राइक है। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि सरकार सफेद झूठ पत्र' लेकर आई है। रमेश ने कहा-श्वेत पत्र में नोटबंदी, बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती आर्थिक असमानता का कोई जिक्र नहीं है। जिन मुद्दों पर उन्हें श्वेत पत्र लाना चाहिए, उनमें चीन के साथ सीमा पर तनाव शामिल हैं।

## एक नजर

### अमृतसर में हथियार तस्करी गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया स्थित रितिक रैली और जेल कैदी कुणाल महाजन के निर्देशों पर संचालित एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में हाथियार बरामद किए हैं। अमृतसर के पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अमृतसर के गुरु की वडाली के रहने वाले जशनदीप सिंह और करणदीप सिंह, तरनतारन के गांव बेहला के शरणजीत सिंह, तरनतारन के चोहला साहिब का दीपक, अमृतसर का संदीप सिंह और तरनतारन के नरिंदर सिंह के रूप में हुई है।

### 1.25 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने बाड़मेर जिले में 1.25 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बाड़मेर के जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने बताया कि खुफिया सूचना पर फलोदी की तरफ से आ रहा एक ट्रेलर से पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।

## मोदी, आडवाणी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए पत्रकार वागले के खिलाफ मामला दर्ज

**पुणे।** भाजपा के कद्दावर नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा के बाद उनके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में वरिष्ठ पत्रकार निखिल वागले के खिलाफ पुणे में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वागले के खिलाफ भाजपा के एक स्थानीय नेता द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-निखिल वागले पर विश्रामबाग थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए, 500 (मानहानि) और 505 (सार्वजनिक शरारत के लिए उकसाने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## क्या तारीख में बदलाव किए बिना 'प्रस्तावना' में संशोधन संभव?

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **संविधान से सममाजवादी पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सवाल किया कि क्या संविधान को अंगीकार किए जाने की तारीख 26 नवंबर 1949 को अक्षुण्ण रखते हुए इसकी प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुब्रमण्यन स्वामी और वकील विष्णु शंकर जैन से यह सवाल किया, जिन्होंने संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने की अपील की है।

न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, 'अकादमिक उद्देश्य के लिए क्या प्रस्तावना, जिसमें तारीख का उल्लेख है, उसे अंगीकार करने के दिनांक में बदलाव किए बिना उसे (प्रस्तावना को) बदला जा सकता है। अन्यथा हां, प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। उसमें कोई समस्या नहीं है। स्वामी ने जवाब दिया-इस विषय में बिल्कुल यही सवाल है।

## सुप्रीम आदेश की अनदेखी करने पर यूपी सरकार को फटकार

**नई दिल्ली,एजेंसी**

**मुजफ्फरनगर स्कूल थप्पड़ मामला**

▸▸ **अब 1 मार्च को कोर्ट में होगी अगली सुनवाई**



उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को उन छात्रों की काउंसलिंग नहीं करने के लिए शुक्रवार को फटकार लगाई, जिन्हें उनकी स्कूली शिक्षिका ने गृहकार्य पूरा नहीं करने पर एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने का कथित तौर पर निर्देश दिया था।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने इस बात पर गौर किया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उसके निर्देशों का पूरी तरह से उल्लंघन किया गया है। पीठ ने राज्य को उन बच्चों की काउंसलिंग करने और दो सप्ताह में अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-हमने टीआईएसएस (टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज) की नवीनतम रिपोर्ट का अध्ययन किया है, जिसमें उस घटना के गवाह सभी छात्रों की काउंसलिंग की बात कही गई है। राज्य द्वारा इस दिशा में कोई कुछ भी नहीं किया गया है, अब बहुत देर हो चुकी है। पीठ ने कहा-हम राज्य को निर्देशों को तुरंत लागू करने का निर्देश देते हैं और अनुपालन हलफनामा दो सप्ताह में दाखिल किया जाए। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि एक मार्च तय की।

उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि दो संगठनों ने छात्रों की काउंसलिंग के लिए स्वेच्छा से काम किया है और अधिक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है। अदालत ने पहले भी राज्य सरकार को उस मुस्लिम लड़के और उसके सहपाठियों की काउंसलिंग के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने के अपने आदेश का पालन नहीं करने के लिए फटकार लगाई थी, जिन्हें उनकी शिक्षिका ने होमवर्क न करने पर उसे थप्पड़ मारने का कथित तौर पर निर्देश दिया था। मुजफ्फरनगर जिले के स्कूल की शिक्षिका पर भी पीड़ित लड़के पर सांप्रदायिक टिप्पणियां करने का भी आरोप लगाया गया है।

# अब अयोध्या की तर्ज पर बनेगा चित्रकूट रेलवे स्टेशन

**नई दिल्ली, ज्ञानेन्द्र सिंह**

▸▸ **धार्मिक स्थलों के कई रेलवे स्टेशनों का होगा जीर्णोद्धार**

**अमृत विचार:** भगवान राम की जन्म-स्थली, अयोध्या धाम को रेलवे मानचित्र में चमकाने के बाद अब उनकी वन-स्थली, चित्रकूट धाम की बारी है। करीब 50 करोड़ की लागत से चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन को फाइव स्टार बनाने की योजना है।

मंदाकिनी नदी के तट पर बसा चित्रकूट, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के 38 वर्ग किलोमीटर संयुक्त क्षेत्र का एक प्राचीन तीर्थ स्थल है। जहां भगवान राम ने अपने वनवास के 11 वर्ष सीता और लक्ष्मण के साथ व्यतीत किए थे। रेलवे सूत्रों के मुताबिक चित्रकूट में देश-विदेश के पर्यटकों का काफी आना-जाना होता है। लेकिन रेलवे को पर्याप्त राजस्व नहीं मिलता है। ज्यादातर पर्यटक सड़क मार्ग से ही वहां पर आते हैं। लेकिन रेलवे ने चित्रकूट धाम को पर्यटकों की दृष्टि से विकसित करने के लिए जो योजना बनाई है उसके तहत न सिर्फ सड़क बल्कि वायु मार्ग से भी रेल मार्ग को लिंकप किया जाएगा। एक योजना कर्वी से चित्रकूट तक रेलवे लाइन बिछाने की भी है लेकिन अभी उस पर कोई ठोस कार्य शुरू नहीं हुआ है।

चित्रकूट रेलवे स्टेशन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत कटरा जम्मू रेलवे स्टेशन की तर्ज पर चित्रकूट में यात्रियों के लिए अवसीय व कमर्शियल व्यवस्था की जाएगी और खानपान को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

अभी चित्रकूट रेलवे स्टेशन अयोध्या, काशी, प्रयागराज, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, रायपुर, जबलपुर एवं लखनऊ से जुड़ा हुआ है। जब रेलवे स्टेशन का विस्तार एवं विकास हो जाएगा तब इसे महोबा एवं खजुराहो से भी लिंकप किया जाएगा और देश के सभी प्रमुख स्टेशनों से चित्रकूट के लिए रेल यातायात उपलब्ध कराया जाएगा। चित्रकूट के साथ ही बांदा महोबा एवं मानिकपुर रेलवे स्टेशन को भी नए सिरे से विकसित किया जाएगा।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक चित्रकूट के साथ ही बनारस में काशी, वाराणसी सिटी, वाराणसी कैंट एवं व्यास नगर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। इसी तरह कानपुर में प्राचीन हनुमान मंदिर, पनकी रेलवे स्टेशन एवं गंगा पार स्थित शुक्लागंज में भी बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। मथुरा जंक्शन के अलावा कृष्ण जन्मभूमि के निकट भूतेश्वर रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जाएगा। वहां पर यात्रियों के ठहरने व खानपान की व्यवस्था की जाएगी। गाजियाबाद के निकट गंगा तट पर गढ़मुक्तेश्वर रेलवे स्टेशन को भी धार्मिक दृष्टि से विकसित करने की योजना बनाई गई है। उत्तराखंड में हरिद्वार, रामनगर व काठगोदाम रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने का सर्वे पूरा हो चुका है। उक्त सभी धार्मिक रेलवे स्टेशनों का कार्य इसी वर्ष अप्रैल से शुरू होने की संभावना है।

## 13 करोड़ की हेरोइन व मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त

**आइजोल।** असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने पिछले दो दिनों में संयुक्त अभियान के दौरान पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले से 13.3 करोड़ रुपये की हेरोइन और मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त की हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बुधवार को जोखावथर के एक निवासी के कब्जे से मुआलकावी में 4.23 करोड़ रुपये मूल्य की कुल 605 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई में मिजोरम-म्यांमा सीमा पर जोखावथर में नौ करोड़ रुपये की मेथामफेटामाइन की 30,300 गोलियां और 17.49 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद की गई।

**ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप: कुश्ती का चयन ट्रायल 10-11 मार्च को**

## चयनित होने को पहलवान पटियाला और सोनीपत में आजमाएंगे जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम चुनने के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 10 और 11 मार्च को क्रमशः पटियाला और सोनीपत में होगा। यह जानकारी इस खेल का प्रबंधन कर रही तदर्थ समिति ने शुक्रवार को दी।

इस ट्रायल की योजना शुरुआत में 27 से 29 फरवरी के लिए बनाई गई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की

**ट्रायल की योजना 27 से 29 फरवरी के लिए थी जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई थी**

मेजबानी में देरी के बाद इसे स्थगित कर दिया। महिला पहलवानों के लिए ट्रायल 'एनएसएनआईएस' पटियाला में होंगे जबकि ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल पहलवानों के लिए ट्रायल भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत में होंगे। भूपेन्द्र सिंह बाजवा की अध्यक्षता वाली तदर्थ समिति ने कहा कि आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम के चयन के लिए तदर्थ समिति 10 और 11 मार्च को चयन ट्रायल का आयोजन करेगी। ओलंपिक भार वर्ग में ट्रायल के विजेता को आगामी ओलंपिक क्वालीफायर (19 से 21 अप्रैल तक एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और 9 से 12 मई तक विश्व ओलंपिक क्वालीफायर) में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। अंतिम (53 किग्रा) को 2024 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में खेलने को सीधे प्रवेश दिया जाएगा।

## बल्लेबाज आक्रामक-पारंपरिक शैली में संतुलन बनाएं: वॉन

### इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन सकती है, जिसे बहुत अच्छा करने के बावजूद भी ज्यादा सफलता ना मिले

लंदन, एजेंसी



पूर्व कप्तान माइकल वॉन को चिंता है कि इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन जाएगी जो कड़ी मेहनत करने के बावजूद ज्यादा जीत हासिल करने में नाकाम रहेगी। उन्होंने भारत में टीम की बल्लेबाजी इकाई को सफल होने के लिए आक्रामक और पारंपरिक क्रिकेट की शैली के बीच संतुलन बनाने की सलाह दी।

इंग्लैंड को 'बैजबॉल' तरीका अपनाने के बाद से टेस्ट क्रिकेट में अच्छी सफलता मिली है। टीम को हालांकि इस रवैए से कुछ अहम मुकाबलों में हार का सामना भी करना पड़ा है, जिसमें एशेज शृंखला के मैच भी शामिल है। इंग्लैंड ने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली एशेज शृंखला को 2-2 से डॉ खेला था। इंग्लैंड के लिए जैक क्राउली को छोड़कर उनके सभी बल्लेबाज बड़े स्कोर बनाने में असमर्थ रहे। वॉन ने कहा कि इंग्लैंड की टीम अगर विशाखापत्तनम जैसी बल्लेबाजी जारी रखगी तो शृंखला नहीं जीत पाएगा। मैं वास्तव में सोचता हूं कि बल्लेबाजों को हमारे गेंदबाजों से कुछ सीखने की जरूरत है। हमारे गेंदबाजों ने पारंपरिक और आक्रामक शैली का अच्छा मिश्रण किया है। वॉन ने टीम बल्लेबाजों से आक्रामक रूख अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जेम्स एंडरसन ने कमाल किया है। टीम को एंडरसन का साथ देने के लिए तेज गेंदबाज शायद ऑली रॉबिन्सन को मैदान पर उतारना होगा।

**इंग्लैंड ऐसी टीम जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती**



वॉन ने 'द टेलीग्राफ में लिखा कि इंग्लैंड ऐसी टीम बन गई है जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती है क्योंकि उन्हें खेलते हुए देखना अच्छा है। हम मौजूदा टीम के खेल से बहुत प्रभावित होते हैं और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बड़े पैमाने पर सुधार किया है। मुझे चिंता है कि कहीं वे ऐसी टीम न बन जाए जो इतना शानदार करने के बाद भी अधिक मैच जीतने में सफल ना रहे। जब उन्हें एशेज शृंखला जीतनी चाहिए थी तब वे नहीं जीत सके और अब उन्होंने भारत को शृंखला में वापसी का मौका दे दिया है। यह तब हुआ जब विराट कोहली समेत कई बड़े नाम मौजूद नहीं थे। इंग्लैंड ने भारत में पांच मैचों की शृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली थी, लेकिन बेन स्टोक्स की टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

## खेल डायरी

### विश्व कप उपविजेता फ्रांस नेशन्स लीग फुटबॉल में इटली, बेल्जियम और इजरायल के साथ एक ग्रुप में

**पेरिस, एजेंसी।** विश्व कप उपविजेता फ्रांस, यूरोपीय चैंपियन (2020) इटली, बेल्जियम और इजराइल को सितंबर में शुरू होने वाले पुरुषों की यूएफा नेशन्स लीग के शीर्ष स्तर के मुश्किल ग्रुप 'ए 2' में एक साथ जगह दी गई है। नेशंस लीग चैंपियन स्पेन को डेनमार्क के अलावा स्विट्जरलैंड और सर्बिया के साथ ग्रुप 'ए 4' में रखा गया था, यूरो 2024 मेजबान जर्मनी, नीदरलैंड, हंगरी और बोस्निया-हर्जेगोविना को ग्रुप 'ए 3' में जगह मिली है जबकि क्रोएशिया, पुर्तगाल, पोलैंड और स्कॉटलैंड को 'ग्रुप ए-1' में शामिल किया गया है। फीफा रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड 2022 में नेशन्स लीग के दूसरे टियर में खिसक गया था। टीम को ग्रुप 'बी-2' में फिनलैंड, यूनान और आयरलैंड के साथ रखा गया है। यह 1991 के बाद इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच पहला प्रतिस्पर्धी मैच होगा।

### जुलाई में भारतीय फुटबॉल सत्र डूरंड कप से होगा शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 11के सत्र का आगाज सितंबर महीने में होगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अनुसार 2024-25 भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप से होगी तथा सितंबतर में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का आयोजन किया जाएगा। एआईएफएफ ने बताया कि इस बीच, आई-ली भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) और कलिंगा सुपर कप अक्टूबर में शुरू होंगे। आगामी सत्र में आईडब्ल्यूएल विंडो को 4 से बढ़ाकर 6 महीने किया गया है। पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी नवंबर-दिसंबर में होगी। भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम मार्च और जून महीने में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर खेलेगी।

### रग्बी प्रीमियर लीग लांच करने को तैयार इंडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (आईआरएफयू) देश में खेल की लोकप्रियता बढ़ाने के उद्देश्य पर काम करते हुए फ्रेंचाइजी आधारित रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) लांच करने के लिए तैयार है। लीग में भारत और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की भी कुछ सर्वश्रेष्ठ रग्बी प्रतिभाए हिस्सा लेंगी। यह लीग इस साल सितंबर में खेल के 'सेवंस' प्रारूप में खेली जाएगी, जिसके शुरूआती चरण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। आईआरएफयू के अध्यक्ष ने कहा कि यह भारत के लिए और भारतीय रग्बी के लिए ऐतिहासिक पल है। रग्बी दुनिया भर के बड़े खेलों में से एक है और भारत पिछले कुछ वर्षों से इस खेल में लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आरपीएल भारतीय रग्बी के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगी और हमारे खिलाड़ियों को दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेगी।

### स्नेहा ने डब्ल्यूपीजीटी के चौथे चरण का खिताब जीता

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** स्नेहा सिंह आखिरी तीन होल में दो बोगी करने के बाद बावजूद हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के चौथे चरण को जीतने में सफल रहीं। मौजूदा सत्र में तीन चरण में भाग लेने वाली स्नेहा की यह दूसरी जीत है। उन्होंने इस चरण के चौथे दौर में ईवन पार 72 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर पांच अंडर 211 होगा। हिताशी ने चौथे दौर में बोगी रहित 69 का कार्ड खेला लेकिन यह स्नेहा के पांच शॉट की बढ़त को पाटने के लिए काफी नहीं था। मौजूदा सत्र में तीसरे चरण की विजेता हिताशी पहले, दूसरे और इस चरण में उपविजेता रही है।

### फ्रांसेस टियाफो डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**डलास, एजेंसी।** अमेरिका के शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो ने गुरुवार रात 19 साल के हमवतन एलेक्स मिचेलसन पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज कर डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। जापान के योशिहितो निशियोका ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया, जिससे फ्रांस के एड्रियन मानारिनो एक भी मुकाबला खेले बिना क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। राउंड 16 के अन्य मुकाबलों में सातवें वरीय जोर्डन थाम्पसन ने अमेरिका के डेनिस कुडला पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की जबकि जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त डोमिनिक कोफर ने आस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता को 6-4, 7-6 से मात दी।

## कोहली के बारे में गलत जानकारी साझा कर की गलती : डिविलियर्स

### भारत के दिग्गज खिलाड़ी ने निजी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया है ब्रेक

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि उन्होंने भारत के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली के बारे में गलत सूचना साझा करके बहुत बड़ी गलती कर दी। कोहली ने निजी कारणों



से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक लिया है और डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें कोई अंदाजा नहीं है कि वहां क्या हो रहा है। डिविलियर्स ने कुछ दिन पहले अपने यूट्यूब चैनल पर दावा किया था कि कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अपने दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व दिग्गज ने एसए20 लीग के इतर बातचीत में कहा कि परिवार सबसे पहले आता है, जैसा कि मैने अपने यूट्यूब चैनल पर भी कहा था। मैने भी उस समय गलत जानकारी साझा कर के बड़ी गलती कर दी। मेरी वो बातें बिल्कुल भी सच नहीं थी। एसए20 के ब्रांड दूत डिविलियर्स ने कहा कि मैं बस यही सोचता हूं कि जो कुछ भी विराट और उनके परिवार के लिए सबसे अच्छा है उसे प्राथमिकमा मिलनी चाहिए। कोई नहीं जानता कि वहां क्या हो रहा है। मैं बस उनके लिए सब कुछ अच्छा होने की कामना कर सकता हूं।

**एबी ने दावा किया था कि कोहली दूसरे बच्चे के जन्म का कर रहे इंतजार**



**टेस्ट क्रिकेट खेलना कठिन चुनौती**

डिविलियर्स ने कहा कि मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट खेलने से बढ़कर कुछ नहीं। यह सबसे बड़ी और सबसे कठिन चुनौती होती है। यह मेरा ही नहीं कई पूर्व खिलाड़ियों का भी मानना है। सबसे तेज वनडे अर्धशतक (16 गेंद), सबसे तेज वनडे शतक (31 गेंद) और सबसे तेज 150 वनडे रन (62 गेंद) का रिकॉर्ड बना चुके डिविलियर्स ने 114 टेस्ट में 8765 रन, 228 वनडे में 9577 और 78 टी-20 में 1672 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा कि व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद खिलाड़ी हर प्रारूप खेल सकते हैं। खेल के बेसिक्स तो समान ही होते हैं।

**आगामी टी-20 में सूर्यकुमार से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद**

क्रिकेट के असली 'मिस्टर 360 डिग्री' को इसके साथ ही जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में सूर्यकुमार यादव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। टी-20 क्रिकेट में जबर्दस्त प्रदर्शन के दम पर सूर्यकुमार को भी 'मिस्टर 360 डिग्री' की उपमा मिली जो पहले डिविलियर्स को कहा जाता था। टी-20 क्रिकेट के साथ 360 डिग्री तकनीक का ईजाद हुआ, जिसमें बल्लेबाज मैदान के चारों तरफ शॉट्स खेल सकते हैं। डिविलियर्स ने कहा कि टी-20 विश्व कप में यूं तो कई खिलाड़ियों पर नजरें होंगी लेकिन मैं स्काय (सूर्यकुमार यादव) की बल्लेबाजी देखना चाहता हूं। मैं उसका बड़ा प्रशंसक हूं और उम्मीद है कि वह अच्छा खेलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत सबसे प्रबल दावेदारों में से होगा।

**विश्व कप और आईपीएल दोनों के प्रारूप एक समान**

दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में गिने जाने वाले डिविलियर्स ने कहा कि विश्व कप से ठीक पहले आईपीएल होने से खिलाड़ियों की थकान का मसला नहीं होगा क्योंकि प्रारूप समान है। उन्होंने कहा कि आईपीएल विश्व कप से ठीक पहले है लेकिन दोनों है तो टी20 प्रारूप ही। गेंदबाज को टेस्ट की तरह 15 या 20 ओवर प्रतिदिन नहीं बल्कि चार ही ओवर डालने हैं। मुझे लगता है कि वे कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे। आईपीएल में आरसीबी के लिए 184 मैचों में 5162 रन बना चुके डिविलियर्स ने कहा कि आईपीएल के बाद छोटा ब्रेक भी है। दो ही टीमें फाइनल खेलेंगी और बाकी तो तरोताजा ही रहेंगी। खिलाड़ियों को मैचों के बीच भी आराम मिलता है। क्रिकेट प्रेमियों को लगातार काफी क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा जो अच्छी बात है।

## 'ग्रोइन' और कमर में खिंचाव से अय्यर का खेलना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रेयस अय्यर के कमर और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद उनके इंग्लैंड के खिलाफ बची हुई टेस्ट शृंखला के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है। अय्यर को पीठ में लगातार परेशानी हो रही है, जिसके लिए उन्होंने पिछले साल सर्जरी भी करायी थी।

अय्यर (29 वर्ष) ने हैदराबाद और विशाखापत्तनम में पहले दो टेस्ट में 35, 13, 27 और 29 रन की पारी खेली थी। वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया कि अय्यर ने खिंचाव और कमर में दर्द होने की शिकायत की है तथा उनके शृंखला के बचे हुए तीन टेस्ट मैचों में खेलने की संभावना नहीं है। भारत पहले ही अपने खिलाड़ियों को लगे चोटों की समस्या से जूझ रहा है क्योंकि उसके मुख्य खिलाड़ी केएल राहुल और रविंद्र जडेजा चोटिल हैं और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे और उनके राजकोट और रांची में होने वाले टेस्ट मुकाबलों के लिए भी उपलब्ध होने की संभावना कम ही है। भारतीय चयनकर्ताओं को

**चयनकर्ताओं के सामने संकट, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा पहले से चोटिल**



अभी अंतिम तीन टेस्ट के लिए टीम की घोषणा करनी है और वह जडेजा की फिटनेस पर स्पष्टता के बाद ही ऐसा करेंगे। आल राउंडर जडेजा को इसके लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस जांच में पास होना होगा। वह हैमस्ट्रिंग चोट की वजह से विशाखापत्तनम टेस्ट में नहीं खेल पाए थे जबकि राहुल ने दर्द की शिकायत की थी। अगर जडेजा और राहुल दोनों अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो अय्यर की चोट से रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। पाटीदार विशाखापत्तनम में टेस्ट पदार्पण के दौरान प्रभावित नहीं कर सके थे। पांच मैचों की टेस्ट शृंखला अभी 1-1 की बराबरी पर है। भारतीय खिलाड़ी 11 फरवरी को राजकोट पहुंचेंगे और इंग्लैंड के एक दिन बाद वहां पहुंचने की उम्मीद है।

## पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बुमराह ने बाहर कर दिया : स्टेन

केपटाउन, एजेंसी

महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का कहना है कि भारतीय स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन, दमदार यॉर्कर और तेज रफ्तार से पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बाहर कर दिया है।



बुमराह ने विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत को शानदार जीत दिलाई, जिससे मेजबान टीम 5 मैच की शृंखला 1-1 से बराबर करने में सफल रही। स्टेन ने भारतीय पिचों पर भी लगातार विकेट लेने वाली यॉर्कर गेंद फेंकने की काबिलियत के लिए बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह महानता का दर्जा हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस समय कोई टेस्ट गेंदबाज है जो विकेट लेने वाले यॉर्कर डालने में सक्षम हो। सनराइजर्स ईस्टर्न केप टीम के गेंदबाजी कोच स्टेन ने केपटाउन में एसए20 खिताबी भिड़ंत की पूर्व संध्या पर कहा कि टेस्ट मैच में विकेट लेने के लिए शायद कुछेक गेंदबाज हैं जो ऐसा कर सकते हैं। ट्रेंट बोल्ट उनमें से एक थे और शायद मिचेल स्टार्क। और निश्चित रूप से बुमराह।

## नागल सेमीफाइनल में, मुकुंद हुए बाहर

चेन्नई, एजेंसी

**चेन्नई ओपन**



भारत के शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने शुक्रवार को चेक गणराज्य के गैर वरीय डोमिनिक पलान को 6-3, 6-3 से हराकर चेन्नई ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नागल का सामना सेमीफाइनल में चेक गणराज्य के डालीबोर सवरसिना से होगा। नागल ने इससे पहले एसडी प्रज्वल देव और इटली के जियोवानी फोनियो को हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया था। सवरसिना ने भारत के मुकुंद शशिकुमार को 6-7(6) 6-2 6-4 से मात दी। अन्य क्वार्टरफाइनल में ताईवान के चुन सिन सेंग ने इटली के एनरिको डाला वाले को हराया। अब वह लुसा नार्डी और स्टेफानो नैपोलिटानो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। साकेत मायनेनी और रामकुमार रामनाथन की भारतीय युगल जोड़ी ने जापान के तोशिहिदे मातसुई और काइतो यूसुगी की जोड़ी को मात दी। अब युगल स्पर्धा के फाइनल में भारतीय जोड़ियां आमने सामने होंगी। दूसरी जोड़ी रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और निकि कालियांडा पूनाचा है। इस जोड़ी ने जर्मनी के जैकब शनाईटर और मार्क वालनर को हराया।

## बॉलीवुड हलचल

### कागज 2 का पोस्टर अनुपम ने किया साझा




**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता अनुपम खेर ने फिल्म कागज 2 का पहला पोस्टर सोशल मीडया पर शेयर किया है। दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 'कागज' वर्ष 2021 में ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी अहम किरदार में थे। अनुपम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'कागज 2' का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही अनुपम ने अपने दोस्त दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के लिए भावुक पोस्ट भी लिखा। अनुपम ने कैप्शन में लिखा, सबसे प्रिय सतीश कौशिक। आपके जुनूनी प्रोजेक्ट का ट्रेलर और दुर्भाग्य से आखिरी प्रोजेक्ट 'कागज 2' कल रिलीज हो रहा है। मैं जानता हूं कि इसको बनाने के लिए आपने कितनी मेहनत की है, लेकिन अब हम सब यह सुनिश्चित करेंगे कि इस फिल्म की चमक दुनिया तक पहुंचे। आपको हमेशा प्यार।

### 11 अक्टूबर को रिलीज होगी शाहिद कपूर की फिल्म देवा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम लाइव सत्र में अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर 'देवा' के बारे में बताया। उन्होंने कहा, मेरी अगली एक्शन थ्रिलर देवा में कई एक्शन सीक्वेंस हैं। देवा विशाल फिल्म है, और मैं इसमें एक बहुत कठिन किरदार निभा रहा हूं। देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। फिल्म देवा में शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े की अहम भूमिका है। देवा ,ज़ी स्टूडियो और सिद्धार्थ रॉय कपूर द्वारा निर्मित और रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म में शाहिद पुलिस ऑफसिर की भूमिका में हैं।

## मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने बताया है कि उनकी मां ने उन्हें थिएटर जाने और सिनेमा देखने के लिए प्रोत्साहित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ब्रिटिश संसद और भारतीय उच्चायोग जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर बोमन ईरानी की उपस्थिति और प्रभावशाली शब्दों ने न केवल भारत को गौरवान्वित किया है, बल्कि कई लोगों के लिए प्रेरणा का काम भी किया है। ऑक्सफोर्ड की अपनी यात्रा के दौरान, बोमन ईरानी ने एक यादगार भाषण दिया और सिनेमा से परे उनके प्रभाव के लिए डॉ अदिति लाहिरी से प्रशंसा प्राप्त की। अपनी जीवन यात्रा पर विचार करते हुए, बोमन ईरानी ने उल्लेखनीय क्षणों को साझा किया, जिसमें बचपन के अनुभवों से लेकर अपनी मां द्वारा थिएटर के लिए प्रोत्साहन के तहत एक फोटोग्राफर के रूप में काम करने सहित अपनी विविध भूमिकाएं शामिल हैं। बोमन ईरानी ने कहा, मैं डिस्लेक्सिक था और मैं बहुत तुतलाता था और जब भी मैं बोलता था तो हर कोई हंसता था। मुझे डर रहेगा कि लोग मेरा मज़ाक उड़ाएँगे। मुझे यह समझने में कई साल लग गए कि आप डरने का जोखिम नहीं उठा सकते। एक दिन स्कूल में एक कॉन्सर्ट था और मेरी मां ने मुझे मुस्कुराते और गाते हुए देखा। तभी उन्हें एहसास हुआ कि मुझे दर्शकों के सामने मंच पर रहना पसंद है और उन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया, भले ही मेरे अंक बहुत अच्छे नहीं थे। उन्होंने मुझे थिएटर जाने, स्पीच थेरेपिस्ट के पास जाने और हर दिन सिनेमा देखने जाने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि मेरी शिक्षा सिनेमा के माध्यम से हुई थी। उसने मेरी आँखों में देखा कि मैं उस दुनिया से प्यार करता हूं।

## खुशबू और माही का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर भोजपुरी लोकगीत रिलीज हुआ है। वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव गांव से शहर अपने पति के साथ आती हैं और बड़े घर में उसे काम मिल जाता है। धूप में भी उसे काम करना पड़ता है, जिससे उसकी स्किन सांवली हो गई है। वह अपने पति से गोरा होने की क्रीम लाने की डिमांड करती है। वह कहती है कि... 'काम करे में लागल बा धूप सइयाँ, हो गईल बा सांवर गोर रूप सइयाँ, भईल चेहरा के लाईट बा डीम राजा जी, डीम राजा जी, एगो कीन दीं बढ़िया क्रीम राजा जी, गोर होखे वाला कीन दीं क्रीम राजा जी...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गीतकार यादव राज हैं और संगीतकार अभिराम पांडेय हैं। वीडियो डायरेक्टर आर्यन देव, कोरियोग्राफर अशोक सम्राट, एडिटर मीत जी हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

### डायमेंशन म्यूजिक के लिए सलमान अली और अल्तमश ने गाया गाना




**मुंबई, एजेंसी।** जानेमाने गायक सलमान अली और अल्तमश फरीदी ने डायमेंशन म्यूजिक के लिए गाना गाया है। फ़िल्म निर्माता लियाकत गोला की डायमेंशन म्यूजिक ने एक साथ तीन गानों को रिलीज़ किया है। इनमें खुदा हाफ़िज़, माही मेरा और मोहब्बत है। गाना मोहब्बत को सलमान अली ने गाया है, जिसके बोल अमीना इसरार से लिखे हैं और संगीत आमिर अली ने बनाया है। वीडियो निर्देशक फ़ैज़ हैं, वहीं डीओपी एवं एडिटर दित्य जांगिड़ हैं। वीडियो फीट में अरबाज़ पटेल और ईशु हैं। गाना ख़ुदा हाफ़िज़ को अल्तमश ने गाया है,जिसे मशेउद्दीन कुरैशी ने लिखा, और संगीत आमिर अली ने दिया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# भारत की महान विभूतियों ने देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में लगा दिया पूरा जीवन

## भ्रष्टाचार विरोधी और सर्वमान्य नेता थे चौधरी चरण सिंह

**नई दिल्ली।** दिवंगत चौधरी चरण सिंह किसान और जाट समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में अगुवा रहे। चौधरी चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री रहें हैं। जाट समाज के तमाम सम्मेलनों में चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देने की वर्षों से मांग चलती रही है। उनके निधन के बाद से ही राष्ट्रीय लोक दल की ओर से मांग की जा रही थी।



हालांकि, अब केंद्र सरकार ने उनकी मांग को पूरा किया है। किसान भाई- बहनों की समस्यों में हमेश साथ खड़े रहने वाले नेता थे चौधरी चरण सिंह जी। चौधरी चरण सिंह 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए और 1946, 1952, 1962 एवं 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। बाद में उन्होंने सुचेता कृपलानी के मंत्रालय में वे कृषि एवं वन मंत्री (1962-63) रहे। उन्होंने 1965 में कृषि विभाग छोड़ दिया एवं 1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया। भ्रष्टाचार के सख्त विरोधी कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी 1970 में दूसरी बार वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। आपातकाल में सरकार के साथ खड़े रहे।

चरण सिंह दो बार मुख्यमंत्री और एक बार देश के प्रधानमंत्री रहे। मुख्यमंत्री बने हुए उन्हें कुछ ही दिन हुए थे कि उन्हें एक निजी समारोह में भाग लेने जाना पड़ा। वहां से लौटकर आए तो ड्राइवर से कहा कि इसे अलग नोट कर लेना। ड्राइवर उन्हें गौर से देखने लगा तो बोले, 'सरकारी दौरे छोड़कर निजी कार्यक्रमों में जाने पर वाहन का पेट्रोल पर होने वाला खर्च मेरे निजी खाते से चुकता किया जाएगा।' लंबा राजनीतिक जीवन व्यतीत करने के बाद दिग्गज नेता के निधन के समय उनके खाते में मात्र 470 रुपये थे।

## 18 भाषाओं के जानकार थे पूर्व पीएम नरसिम्हा राव

**नई दिल्ली।** दिवंगत पूर्व कांग्रेसी नेता 18 भाषाओं के जानकार नरसिम्हा राव 1991 से 1996 तक देश के पीएम रहे। हालांकि, उनके पीएम बनने का फैसला भी अचानक हुआ था, जिसके चलते उन्हें एक्सिडेंटल पीएम भी कहा जाता है। नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से भी अच्छे रिश्ते नहीं थे।



सन 1992 में बाबरी विध्वंश के दौरान नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से सबसे ज्यादा रिश्ते खराब हुए थे। बाबरी कांड के बाद कांग्रेस के कई बड़े नेता राव से नाराज थे। उन्होंन मनमोहन सिंह के साथ देश में बड़ा आर्थिक सुधार किया था और वैश्विक बाजारों के लिए देश के दरवाजे खोले थे। राव के इन्हीं सुधारों का क्रेडिट लेने और राजीव गांधी के हत्यारों पर तेज कार्रवाई न करने के चलते गांधी परिवार के रिश्ते उनसे ज्यादा खराब हो गए थे। प्रधानमंत्री बनने से पहले राव ने भारत सरकार और कांग्रेस पार्टी में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्होंने 1971 से 1973 तक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर जमीनों की चकबंदी और शिक्षा में महत्वपूर्ण सुधार लागू किए। केंद्र सरकार में उन्होंने विदेश मामलों, रक्षा और गृह मामलों के मंत्री पद संभाले, जो शासन में उनकी बहुमुखी प्रतिभा और विशेषज्ञता को उजागर करता है। प्रधानमंत्री के रूप में राव का कार्यकाल उनके द्वारा शुरू किए गए आर्थिक सुधारों के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। 1991 में भारत को काफी गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। उस वक्त देश के सामने उच्च महंगाई, कम विदेशी मुद्रा भंडार और बाहरी कर्ज चुकाने में विफलता के जोखिम जैसी कठिन चुनौतियां थीं

## हरित क्रांति के जनक माने जाते हैं डॉ.एम एस स्वामीनाथन

**नई दिल्ली।** दिवंगत कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन को पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण समेत कई आवॉर्डों से भी सम्मानित किए गए हैं। स्वामीनाथन भारत में 'हरित क्रांति' के जनक माने जाते हैं।



उन्होंने गेहूं और चावल की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे भारत के कम आय वाले किसानों को अधिक उपज करने में मदद मिली। इतना ही नहीं उन्होंने देश के लिए खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित की। उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में भी जाना जाता है जिसने भारत को 'भूख के ट्रैप' से बाहर निकाला। इसके अलावा उन्होंने भारत में कृषि की प्रोडेक्टिविटी बढ़ाने के लिए के एक रिपोर्ट पेश की थी, जिसे स्वामीनाथन रिपोर्ट कहा जाता है, जो आज तक लागू नहीं की गई।

**1965** में स्वामीनाथन को चेकोस्लोवाक एकेडमी ऑफ साइंसेज से मेंडल मेमोरियल मेडल मिला।

**1967** में पद्म श्री, 1972 में पद्म भूषण और 1989 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

**1971** में रेमन मैग्सेसे और 1986 में अल्बर्ट आइंस्टीन वर्ल्ड साइंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

**1987** में वर्ल्ड फूड सेफ्टी अवॉर्ड और 1991 में पर्यावरणीय उपलब्धि के लिए टायलर अवॉर्ड मिला।

प्रोफेसर एम एस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में 2004 में राष्ट्रीय किसान आयोग (एनसीएफ) का गठन किया गया था।

### पाकिस्तान : आम चुनाव की मतगणना जारी, 49 सीट पर इमरान के उम्मीदवारों की दावेदारी

# इमरान-नवाज की सियासी टक्कर

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को पाकिस्तान के चुनाव नतीजों में शुक्रवार को बढ़त मिली। इमरान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार आश्चर्यजनक रूप से अच्छा प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में हैं और उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध है।

चुनाव आयोग ने अब तक नेशनल असेंबली की 122 सीट के नतीजों की घोषणा की है, जिसमें स 49 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों (ज्यादातर पीटीआई समर्थित) को जीत मिली है। पीएमएल-एन को 39 सीट पर जीत मिली है, जबकि पीपीपी के खाते में 30 सीट गई है। अन्य सीट पर छोटे दलों को जीत मिली है।

खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रत्याशी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि देश के उच्चतम न्यायालय ने उनकी पार्टी को उसके चुनाव चिह्न क्रिकेट का 'बल्ला' से वंचित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को बरकरार रखा है।

**122** सीटों का ही परिणाम हुआ है घोषित



मीडिया के अनुसार, कुल 266 सीटों में से 163 सीटों के लिए बुलाए गए अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार 73 सीटों पर आगे चल रहे हैं, इसके बाद पीएमएल-एन 48 और पीपीपी 35 सीटों पर आगे चल रहे हैं। हालांकि, डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा केवल 72 सीटों के लिए अनंतिम परिणाम जारी किए गए हैं। ईसीपी के अनुसार, पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार 28 सीटों पर आगे चल रहे हैं, इसके बाद पीएमएल-एन (19 सीटें) और पीपीपी (18 सीटें) के बीच कड़ा मुकाबला है।

### नेशनल असेंबली का समीकरण

नेशनल असेंबली की 336 सीट में से 266 पर ही मतदान कराया जाता है, लेकिन बाजौर में, हमले में एक उम्मीदवार की मौत हो जाने के बाद वहां मतदान स्थगित कर दिया गया था। अन्य 60 सीट महिलाओं के लिए और 10 सीट अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं, और ये जीतने वाले दलों को आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर आवंटित की जाती हैं। नई सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 265 सीट में से 133 सीट जीतनी होंगी।

### निराश नवाज शरीफ परिवार ने अपने गढ़ लाहौर से जीत हासिल की

**लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल) पार्टी से शरीफ परिवार के चार सदस्य आम चुनावों में अपने गढ़ पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से नेशनल असेंबली की सीटें जीतने में कामयाब रहे। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) को मतदान के बाद अपने निर्वाचन क्षेत्रों के नतीजे घोषित करने में 20 घंटे से अधिक का समय लगा। गुरुवार रात को प्रतिकूल नतीजों को देखकर निराश दिखाई दे रहे शरीफ परिवार को तब खुशी महसूस हुई जब ईसीपी ने लाहौर के चार निर्वाचन क्षेत्रों में उनकी जीत की घोषणा की। इन सीटों पर जेल में बंद प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित उम्मीदवार बड़े अंतर से आगे थे। पीएमएल-एन के सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (74) ने एनए-130 सीट पर 172,000 से अधिक वोट हासिल कर जीत हासिल की, जबकि पीटीआई उम्मीदवार डॉ. यास्मीन राशिद को 113,000 से अधिक वोट मिले। नवाज की बेटी मरियम नवाज (50) ने एनए-119 सीट से 83,000 से अधिक वोट हासिल कर जीत हासिल की।

## आगामी लोस चुनाव में 97 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान: ईसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस साल लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ भारतीय मतदान करने के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 29 साल की उम्र वाले दो करोड़ से ज्यादा युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया गया है।

2019 से पंजीकृत मतदाताओं में छह फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के सबसे बड़े मतदाता वर्ग 96.88 करोड़ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने के लिए तैयार हैं। पोल पैनल ने बताया कि लिंक अनुपात 2023 में 940 से बढ़कर 2024 में 948 हो गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन में राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ-साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए विभिन्न कामों के बारे में जानकारी दी थी। महिला मतदाताओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। घर-घर जाकर जांच करने के बाद 1,65,76,654 मृतकों, स्थानांतरित और फर्जी मतदाताओं के नाम को सूची से हटा दिया गया है।

## प्रशांत क्षेत्र, प. एशिया समेत कई मुद्दों पर चर्चा : जयशंकर

**हिंद महासागर सम्मेलन**

पर्थ, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, भारत-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर चर्चा की। जयशंकर शुक्रवार से हिंद महासागर पर शुरू होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलियाई शहर पर्थ में हैं।

जयशंकर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री वोंग और अपने सिंगापुर के समकक्ष विवियन बालाकृष्णन के साथ सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। जयशंकर ने बैठक की कुछ तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, आज पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री से मिलकर खुशी हुई। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और हिंद महासागर से



संबंधित मामलों पर अभिसरण पर अच्छा आदान-प्रदान हुआ। साथ ही इंडो-पैसिफिक, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर भी चर्चा की।

हिंद महासागर सम्मेलन' इस क्षेत्र के देशों के लिए एक प्रमुख परामर्शदात्री मंच है, जो विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सम्मेलन का सातवां संस्करण ऑस्ट्रेलियाई सरकार के विदेश मामलों और व्यापार विभाग के साथ-साथ सिंगापुर के एस राजरत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज और पर्थ-यूएस एशिया सेंटर के सहयोग से 9 और 10 फरवरी को पर्थ में आयोजित किया जा रहा है।

## अमेरिका बोला हिंद-प्रशांत में प्रमुख भागीदार है मालदीव

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने मालदीव को स्वतंत्र, खुला, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भागीदार बताया। साथ ही कहा कि वह द्वीपसमूह राष्ट्र के साथ सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

चीन समर्थक नेता माने जाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के कुछ महीनों बाद, दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने हाल ही में मालदीव का दौरा किया। माले में लू ने रक्षा सहयोग, आर्थिक विकास और लोकतांत्रिक शासन सहित साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा करने के लिए मोहम्मद मुइज्जू और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।

उन्होंने मालदीव में अमेरिकी दूतावास की स्थापना पर प्रगति पर भी चर्चा की। लू ने मालदीव में लोकतांत्रिक शासन और पारदर्शिता पर चर्चा के लिए सिविल सोसायटी के सदस्यों और उच्च शिक्षा अधिकारियों से भी मुलाकात की।

### एक नजर

#### 14 फरवरी को अमेरिका की निजी कंपनी भेजेगी मून मिशन

**वाशिंगटन।** नासा और स्पेश एक्स की मदद से एक अमेरिकी कंपनी मिशन मून की तैयारी कर रही है। अमेरिकी कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का लक्ष्य 14 फरवरी को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 राकेट की मदद से लैंडर लांच करना है। यह नासा समर्थित कंपनी एस्ट्रोबायोटिक टेक्नोलाजी के चंद्र लैंडर के बाद सामने आई है। कंपनी पिछले महीने फ्यूल संबंधी समस्या की वजह से चंद्रमा तक अपने मिशन को पहुंचाने में कामयाब नहीं रही थी। ह्यूस्टन स्थित इंट्यूएटिव आइएम-1 चंद्र लैंडर फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से फाल्कन-9 राकेट से 14 फरवरी को 12:57 बजे उड़ान भरेगा, जो इंट्यूएटिव मशीन्स के रोबोटिक नोवा-सी लैंडर ओडीसियस को भेजेगा। यदि सब कुछ ठीक रहा तो ओडीसियस 22 फरवरी को चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला पहला निजी अंतरिक्ष यान बनकर इतिहास रच सकता है।

#### यूएन: गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने के प्रयासों का आह्वान किया है। गुटेरेस ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अपनी 2024 प्राथमिकताओं पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यह आवश्यक है कि हम न्यायसंगत और शांति के लिए काम करें, लेकिन संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप शांति के लिए काम करें। उन्होंने कहा, कल, मैंने इस वर्ष और उससे आगे की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए महासभा को संबोधित किया। यह एक लंबा और विस्तृत एजेंडा है, लेकिन विभिन्न चुनौतियां एक समान धागे से जुड़ी हुई हैं। इसके सभी आयामों में शांति की आवश्यकता है क्योंकि शांति वह बंधन है जो बांधता है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि यह राष्ट्रों के बीच गंभीर बातचीत, पुरानी संस्थाओं में सुधार और बहुपक्षीय शासन के प्रभावी, नवीनीकृत और समावेशी तंत्र के साथ बहुध्रुवीयता को अपनाने का आह्वान है।

#### अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों पर फिर किए हवाई हमले

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर फिर से हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया कि अमेरिकी सैन्य बलों ने गुरुवार को विस्फोटकों से लदी उन चार ड्रोन नौकाओं और सात पोत रोधी क्रूज मिसाइल लॉन्चर को नष्ट कर दिया, जिनके द्वारा लाल सागर में पोतों को निशाना बनाए जाने की आशंका थी। सेंट्रल कमांड ने कहा, वे क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के पोतों और वाणिज्यिक पोतों के लिए खतरा थे। ये कदम नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे और अमेरिकी नौसेना एवं वाणिज्यिक पोतों के लिए अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने में मदद करेंगे।

## असम-मिजोरम अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने में हुए सहमत

गुवाहटी, एजेंसी

▸▸ मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और लालडुहोमा के बीच बैठक, 2021 में हुआ था भारी विवाद

मिजोरम और असम ने शुक्रवार को लंबे समय से चल रहे अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सहमति जताई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिजोरम के सीएम लालडुहोमा को आमंत्रित किया। बता दें कि लालडुहोमा फिलहाल गुवाहटी में ही मौजूद हैं।

बैठक में सीएम सरमा और लालडुहोमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास पर सहमति जताई है। दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति बरतने पर भी जोर दिया। मिजोरम के तीन जिले आइजोल, कोलासिब और ममित असम के कछार, कर्मगंज और हैलनकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी सीमा साझा करते हैं। दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से ही सीमा विवाद चल रहा है। मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उनका है। वहीं दूसरी



तरफ असम 1933 को सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपना क्षेत्र बता रहा है। इनर लाइन आरक्षित वन का एक बड़ा हिस्सा असम के अंतर्गत आता है। 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा मिजोरम में पड़ता है। साल 2021 में असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद ने विशाल मोड़ ले लिया था, जब दोनों राज्यों के पुलिसबल ने सीमाओं पर गोलीबारी की थी। इस घटना में छह पुलिसकर्मी और एक असम के नागरिक की मौत हो गई थी।

**तापमान में वृद्धि...**



**शिमला :** हिमाचल के पहाड़ी हिस्सों में ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 14 फरवरी तक मौसम के साफ रहेगा। ऐसे में तापमान में अब वृद्धि होगी। 15 फरवरी के बाद हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा हालांकि उसका भी ज्यादा असर नहीं है। शुक्रवार को तेज धूप के खिले रहने से अधिकतम तापमान में तीन से नौ डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान में सबसे अधिक वृद्धि कुल्लू के सेओबाग में 8.8, शिमला में 6.6, मनाली में 6.1, मंडी, हमीरपुर व बिलासपुर में चार से पांच डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। ● एजेंसी

## यूबीटी गुट के नेता की हत्या का एक आरोपी गिरफ्तार, जांच जारी

मुंबई, एजेंसी

▸▸ गुरुवार को पूर्व सभासद अभिषेक की फेसबुक लाइव में गोली मारकर की थी हत्या

मुंबई के उपनगर दहिसर में शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व सभासद अभिषेक घोषालकर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मृतक हमलावर के साथी आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि हमलावर से पूछताछ चल रही है और मामले की गहन जांच भी जारी है।

मुंबई पुलिस ने बताया मेहुल नाम के शख्स को हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ चल रही है। करीब 7 घंटे तक घटनास्थल की जांच के बाद पुलिस ने एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और सीसीटीवी फुटेज बरामद किया गया है। मालूम हो कि इस मामले की जांच की जिम्मेदारी भी मुंबई क्राइम ब्रांच को दी गई है। घटना का एक वायरल वीडियो, जो गुरुवार शाम बोरीवली (पश्चिम) के उत्तरी उपनगर में आईसी कॉलोनी में हमलावर मौरिस नोरोन्हा के कार्यालय में हुआ। वहां घोसालकर को पेट और कंधे में गोली मारते देखा गया है। क्राइम ब्रांच की जांच कई पहलुओं पर केंद्रित होगी, जिसमें नोरोन्हा को हथियार कैसे मिला और उसे किसने मुहैया कराया, क्या वह नशे में था और घोसालकर पर गोलीबारी के समय मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ भी शामिल है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि देर रात मामला आगे की जांच के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच को स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता और जांच के दायरे को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एक टीम ने भी स्थानीय पुलिस के साथ घटनास्थल का दौरा किया।

## गाजा: हमलों में 13 लोगों की मौत, अमेरिका बोला- इजराइल की कार्रवाई अविश्वसनीय

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा हमास की संघर्ष शर्तों को अस्वीकार करने और दक्षिणी गाजा शहर में हमलों को बढ़ाने का संकल्प करने के बाद गाजा पट्टी के राफा में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई।



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में इजराइल की कार्रवाई को अविश्वसनीय बताया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका संघर्ष विराम के लिए इजराइल और हमास पर लगातार दबाव डाल रहा है। बाइडन ने गुरुवार को कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं, मेरा मानना है कि गाजा पट्टी में हो रही कार्रवाई चरम पर है। मिस्र से लगने वाली शहर राफा में गाजा की आधी आबादी आ गई है। मिस्र ने यहां कोई भी जवाबी कार्रवाई नहीं करने की चेतावनी दी है। कुवैती अस्पतालों के अनुसार, हमलों में दो महिलाओं और पांच बच्चों समेत कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल के चार महीनों से जारी हवाई और जमीनी हमलों में फिलिस्तीन के 27 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल के हमलों ने अधिकांश लोगों को उनके घरों को छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।


**विज्ञान** सही मौके पर अंतरिक्ष में भेजा गया है आदित्य एल-1, सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता सुलझने की संभावना

# गामा-किरण विकिरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों में उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण उत्सर्जन की गुत्थी अभी तक नही सुलझ पाई है। इस सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता में इस पहेली के सुलझने की संभावना सौर वैज्ञानिक जता रहे हैं।

संभव है कि भारतीय सौर मिशन आदित्य एल-1 इस रहस्य से पर्दा उठा सके। दरअसल अंतिम सौर अधिकतम के दौरान सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों ने उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण सामान्य से कई गुना अधिक उत्सर्जित होने लगती है। नासा ने इस रहस्य का पता पिछले सौर चक्र के अधिकतम दौर के दौरान किया था। यह जानकरी फर्मी अंतरिक्ष दूरबीन से 2014 में पता चली थी।



सूर्य के साथ आदित्य एल 1 की तस्वीर।

### वैज्ञानिक बोले- महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा भारतीय मिशन

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाब उद्दीन का कहना है कि असामान्य उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण की गुत्थी को सुलझाने में इसरो का भारतीय मिशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इन दिनों आदित्य एल-1 को ऐसे मौके पर लॉन्च किया गया है, जब वह सूर्य अपने अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजरता है। इस दौरान सूर्य पर होने वाले विस्फोटों को देखा जा सकता है और धरती की ओर आने वाले चुम्बकीय तूफानों का आदित्य एल 1 बखूबी देख सकता है। कोरोना जैसी गुत्थी को सुलझा सकता है।

ज्ञातव्य हो सूर्य की गामा किरणों सहित विद्युत चुम्बकीय विकिरण की सभी तरंग दैर्ध्य में चमकने के लिए जाना जाता है, लेकिन यह सौर सतह पर समान रूप से वितरित होना चाहिए।

मगर ऐसा नहीं होने से ध्रुवीय क्षेत्रों के उच्च गतिविधि का पता लगाने वाले वैज्ञानिक इस असंतुलन की व्याख्या नहीं कर सकते हैं।

इस रहस्य को समझने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस साइंसेज के शोधकर्ता ब्रूनो अर्सिओली का कहना है कि चालू अधिकतम सौर चक्र में यह गुत्थी सुलझ सकती है। जान लीजिए नया सौर चक्र दिसंबर 2019 में शुरू हुआ था। जिसका अधिकतम सौर सक्रियता 20 25 तक रहेगी।

## आइलैंड में जीता चुनाव, राष्ट्रपति पद के करीब पहुंचे ट्रंप

**लास वेगास।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी में उम्मीदवारी की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को नेवादा और वर्जिन आइलैंड में भी जीत हासिल कर ली। नेवादा में उनकी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली ने काकस के बजाय प्राइमरी चुनाव का विकल्प चुना था, इसलिए ट्रंप यहां इकलौते प्रमुख उम्मीदवार थे।

निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने डटी हुई हैं। नेवादा में ट्रंप की जीत से उन्हें राज्य के सभी 26 डेलीगेट मिल गए। इस प्रकार वर्जिन आइलैंड से भी चार डेलीगेट हासिल कर लिए है। ट्रंप को 74 प्रतिशत तो निक्की को 26 प्रतिशत वोट मिले। औपचारिक रूप से पार्टी का नामांकन हासिल करने के लिए उन्हें 1,215 प्रतिनिधियों की आवश्यकता है और वह मार्च में इस संख्या तक पहुंच सकते हैं।